
इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आखिर क्यों जरूरी हो जाती है इच्छामृत्यु व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 26, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 38.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 39 | सूर्यास्त 18 : 36

मुरादाबाद, रविवार, 21 अप्रैल 2024


सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज...15

## यूपी बोर्ड परीक्षा में छात्राओं का दबदबा, हाईस्कूल के 89.55%, इंटरमीडिएट के 82.60% विद्यार्थी उत्तीर्ण

# 10वीं में प्राची, 12वीं में शुभम टॉपर

- हाईस्कूल में प्राची को मिले 98.5%, फतेहपुर की दीपिका दूसरे व सीतापुर की नव्या को तीसरा स्थान
- इंटरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा को मिले 97.8% बागपत के विशु दूसरे व अमरोहा की काजल को तीसरा स्थान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रयागराज

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने दसवीं और 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए। शनिवार को घोषित परिणामों के अनुसार, दोनों ही परीक्षाओं में छात्राओं ने बाजी मारी है। हाईस्कूल में जहां छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों के मुकाबले 7.35 ज्यादा रहा वहीं इंटरमीडिएट में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 10.64 से अधिक रहा। हाईस्कूल में 89.55 प्रतिशत परीक्षार्थी जबकि इंटमीडिएट में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए। 10वीं के परीक्षाफल में जहां टॉप 3 में छात्राओं ने बाजी मारी वहीं 12वीं में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 अंक के साथ टॉप किया।

दरअसल, इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में सीतापुर के ही परीक्षार्थियों ने उप्र. में टॉप किया है। हाई स्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है, जबकि फतेहपुर की दीपिका सोनकर (98.33 प्रतिशत) दूसरे और सीतापुर की ही नव्या सिंह (98 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं इंटरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि बागपत के विशु चौधरी (97.60 प्रतिशत) दूसरे और अमरोहा की काजल सिंह (97.60 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं।

हाईस्कूल में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 12,38,422 बालक और 12,23,604 बालिकाएं शामिल हैं। इस परीक्षा में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05 जबकि, बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.40 है। कुल परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.35 अधिक है। वहीं इंटरमीडिएट में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 10,43,289 बालक और 9,82,778 बालिकाएं हैं। इसमें बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.78 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.42 है। कुल परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 10.64 अधिक है।

हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 29,36,353 संस्थागत एवं 11,982 व्यक्तिगत समेत कुल 29,47,335 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें 27,38,999 संस्थागत और 10,365 व्यक्तिगत यानी कुल 27,49,384 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इन परीक्षार्थियों में से 14,39,243 बालक जबकि 13,10,121 बालिकाएं शामिल रहीं। इनमें 24,55,041 संस्थागत और 6.985 व्यक्तिगत समेत कुल 24,62,026 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.63 और व्यक्तिगत का उत्तीर्ण प्रतिशत 67.39 है। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 22.24 अधिक है। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 94802 परीक्षकों द्वारा संपन्न किया गया। वर्ष 2023 की तुलना में इस बार बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत में 0.59 की कमी जबकि, बालिकाओं के उत्तीर्ण प्रतिशत में 0.06 की वृद्धि हुई है। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत में 0.23 प्रतिशत की कमी आयी है।



मुरादाबाद में सरस्वती विद्या मंदिर गुलाबबाड़ी में परीक्षाफल आने के बाद खुशी मनाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### हाईस्कूल टॉपर



प्राची निगम



दीपिका



नव्या

### इंटरमीडिएट टॉपर



शुभम वर्मा



विशु



काजल

### 10वीं की अंशी, अभिषेक और 12वीं की सुलेहा प्रदेश में 7वें स्थान पर

**मुरादाबाद।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, गुलाबबाड़ी मुरादाबाद की 10वीं की छात्रा अंशी यादव ने 97 .33 प्रतिशत और केशरजहां कुयामुद्दीन इंटर कॉलेज, कांठ के अभिषेक ने 97 .33 अंक के साथ प्रदेश में 7वां स्थान हासिल किया है। 12वीं में कांठ के एमडी इंटर कॉलेज पट्टी मुड़ा की सुलेहा परवीन ने 96 .60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 7वां स्थान हासिल किया है।

### इंटरमीडिएट में फर्स्ट डिवीजन छात्र बढ़े

**लखनऊ।** इंटरमीडिएट में 24,25,426 संस्थागत और 15,25,581 व्यक्तिगत समेत कुल 25,78,007 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। 23,16,910 संस्थागत और 1,35,920 व्यक्तिगत समेत कुल 24,52,830 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इन परीक्षार्थियों में 13,41,356 बालक और 11,11 .474 बालिकाएं रहीं। वहीं 19,08,647 संस्थागत तथा 1,17,420 व्यक्तिगत समेत कुल 20,26,067 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82 .38 तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86 .39 रहा। वर्ष 2023 की तुलना में इण्टरमीडिएट के कुल परीक्षार्थियों की संख्या में 1,90,173 की कमी हुई है। ससम्मान प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों के प्रतिशत में 2 .54 की वृद्धि तथा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों के प्रतिशत में 2 .83 की वृद्धि हुई है।

## शंभू रेलवे स्टेशन पर पटरियों से नहीं हटे किसान, 54 ट्रेन रद

**अंबाला।** पंजाब के पटियाला के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का पटरियों पर धरना चौथे दिन भी जारी रहने के कारण अंबाला-अमृतसर मार्ग पर कुल 54 ट्रेनें शनिवार को रद करनी पड़ीं।

रेलवे अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शन के कारण पिछले तीन दिन में 380 ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। किसान संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले पटियाला जिले के शंभू में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने गिरफ्तार किसानों की रिहाई के लिए बुधवार को पंजाब-हरियाणा सीमा के पास शंभू में पटरियों पर बैठकर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया था।

किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि जब तक तीनों किसानों को रिहा नहीं किया जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा सरकार पर अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव बनाने को लेकर किसानों के दिल्ली चलो मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं।

किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की भी मांग कर रहे हैं। किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर रुके हुए हैं, जब सुरक्षा बलों ने उनके मार्च को रोक दिया था।

### एक नजर

#### जोमैटो को 11.82 करोड़ का कर नोटिस

**नई दिल्ली।** जोमैटो को जीएसटी प्राधिकरण से 11 .82 करोड़ रुपये की कर मांग और जुर्माना देने का आदेश मिला है। कंपनी के जुलाई 2017 से मार्च 2021 के बीच भारत के बाहर स्थित उसकी सहायक कंपनियों को दी गई निर्यात सेवाओं के संबंध में यह नोटिस मिला। यह आदेश अतिरिक्त आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, गुरुग्राम ने जारी किया। इसमें 5,90,94,889 रुपये की जीएसटी मांग के अलावा 5,90,94,889 रुपये का ब्याज और जुर्माना शामिल है। जोमैटो ने शुक्रवार देर शाम शेयर बाजार को बताया कि कंपनी उचित प्राधिकारी के समक्ष आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी।

#### भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी को सजा

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी एक व्यवसायी को रिश्वतखोरी और कर चोरी के जुर्म में 18 महीने की परिवीक्षा और 200 घंटे की सामुदायिक सेवा की सजा सुनाई गई है। अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अरमान आमिरशाही (46) कई रिश्वतखोरी संबंधी कई योजनाओं में शामिल था। इनको मैरीलैंड स्थित कैपिटल हाइट्स के एंथनी मेरिट और डीसी ऑफिस ऑफ टैक्स एंड रेवेन्यू (ओटीआर) के पूर्व प्रबंधक विंसेंट स्लेटर ने बनाया था।

## मुरादाबाद से भाजपा प्रत्याशी व पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह का निधन

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद व मुरादाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का शनिवार को दिल्ली में निधन हो गया। उनका कैंसर का इलाज चल रहा था।



लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मुरादाबाद सीट से उन्हें चौथी बार प्रत्याशी बनाया था। वह 2009 से लगातार लोकसभा चुनाव में भाजपा से प्रत्याशी रहे। जिसमें 2014 में वह इस सीट से चुनाव जीत कर सांसद बने। जबकि 2019 में वह सपा प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन से हार गए। 2024 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें फिर से प्रत्याशी बनाया। वह 12 अप्रैल को मुरादाबाद में गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा में मंच पर आए थे। उनके निधन की सूचना पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शोक जताया।

### मुख्यमंत्री ने जताया दुख

**लखनऊ।** कुंवर सर्वेश सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए कहा कि वह सर्वेश सिंह के निधन से स्तब्ध हैं। ये भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए दिए गए शोक संदेश में उन्होंने कहा कि वह जमीन से जुड़े हुए नेता थे और जनता के बीच काफी लोकप्रिय थे।

## भाजपा ने अमीरों को पैसा बांटा, हम गरीबों को देंगे

- राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने मिनी स्टेडियम में जनसभा को किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने जितना पैसा अमीरों को दिया, हम गरीबों को देंगे। केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो उद्योगपतियों को दिया गया पैसा किसानों और गरीबों को दिया जाएगा। युवाओं के लिए पहली नौकरी पक्की नाम से योजना लागू होगी। शनिवार को राहुल गांधी और अखिलेश यादव सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी सांसद दानिश अली के समर्थन में शहर के मिनी स्टेडियम में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।




अमरोहा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव, इंडी गठबंधन के प्रत्याशी दानिश अली और विधायक महबूब अली। ● अमृत विचार

राहुल गांधी ने कहा कि ग्रेजुएट युवाओं को अप्रेंटिस का हक दिया जाएगा। अग्निवीर योजना को रद कर दिया जाएगा। युवाओं को रोजगार के नाम पर भाजपा ने ठगा है। पहले युवाओं को सेना में रोजगार और पेंशन मिलती थी। शहीद होने का दर्जा मिलता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वह सब बंद कर दिया। अग्निवीर को शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा युवाओं को बेरोजगार रखना चाहती है। जितनी भी परीक्षाएं हुईं, सबका पेपर लीक हुआ है। भाजपा सरकार ने नौजवानों का भविष्य अंधकार में डाल दिया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में भाजपा की हवा निकल गई है। भाजपा को लोगों ने पहले ही चरण में ही पलट दिया।

## सिलेंडरों से भरे ट्रक में आग, धमाकों से दहला इलाका

कार्यालय संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार :** काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर शनिवार दोपहर रसोई गैस के सिलेंडरों से लदे ट्रक में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रक को चपेट में ले लिया। इसके बाद सिलेंडर तेज आवाज के साथ फटने लगे। घटनास्थल पर ऊंची लपटें दिखाई देने लगीं। इससे पूरा क्षेत्र धमाकों से दहल उठा। सूचना पर कटघर और ठाकुरद्वारा से पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाना शुरू किया। हादसे के कारण हाइवे पर यातायात करीब तीन घंटे तक बंद रहा। हाइवे किनारे गेहूं के खेत में सिलेंडरों के टुकड़े गिरने से करीब तीन एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।



शनिवार को लोनी के प्लांट से रसोई गैस सिलेंडर लेकर ट्रक चालक सेठी भारत गैस एजेंसी जटपुरा आ रहा था। दोपहर करीब 1:30 बजे काशीपुर-मुरादाबाद हाइवे पर गुलरिया मुराद सिढ़ावली के बीच सड़क किनारे चालक ट्रक रोक कर कोल्हू पर रस पीने लगा। इस बीच ट्रक चालक ने देखा कि ट्रक के बाईं ओर के टायर में आग लगी है। मौके पर मौजूद गुलरिया मुराद निवासी मोहम्मद आरिफ और ट्रक चालक आग बुझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन देखते ही देखते सिलेंडरों ने आग पकड़ ली।

## महीनों पहले इंसुलिन कर दिया था बंद

- आप नेता के आरोपों पर जेल प्रशासन की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी से महीनों पहले इंसुलिन का इंजेक्शन बंद कर दिया था और वह साधारण मधुमेह रोधी दवा ले रहे थे। अधिकारियों ने तिहाड़ जेल प्रशासन की ओर से उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना को भेजी गई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए शनिवार को यह जानकारी दी।



आप नेता आतिशी ने कहा कि रिपोर्ट ने भाजपा की साजिश का पर्दाफाश कर दिया है। उन्होंने पूछा भाजपा के इशारे पर केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश हो रही है। मुख्यमंत्री 12 साल से इंसुलिन ले रहे हैं, तिहाड़ प्रशासन को उन्हें इंसुलिन देने में क्या दिक्कत है? उन्होंने यह भी दावा किया कि जेल जाने से पहले केजरीवाल रोजाना 50 यूनिट इंसुलिन लेते थे। अधिकारियों ने तिहाड़ प्रशासन की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि केजरीवाल ने कुछ महीने पहले इंसुलिन का इंजेक्शन लगवाना बंद कर दिया था और गिरफ्तारी के समय मेटफॉर्मिन नामक मधुमेह रोधी गोली का सेवन कर रहे थे।

## टेस्ला के मालिक मस्क ने रद किया भारत दौरा

नई दिल्ली, एजेंसी



टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क ने भारत दौरा टाल दिया है। बताया गया है कि मस्क ने खुद इस दौरे को कुछ समय के लिए स्थगित करने का फैसला किया। बता दें कि मस्क सोमवार को ही भारत आकर पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने वाले थे, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से यात्रा टाल दी।

मस्क ने इसे लेकर एक्स पर अपने हैंडल से पोस्ट भी किया। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे टेस्ला के प्रति जिम्मेदारी के चलते भारत दौरा टालना पड़ रहा है। लेकिन मैं इस साल ही भारत आने का मौका देख रहा हूं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने मस्क के दौरे के टलने की पुष्टि की है।

### दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली इसलिए भारत दौरा रद कर दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एलन मस्क का भारत दौरा स्थगित करने को लेकर मोदी सरकार पर कटाक्ष किया और चुनाव का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए दावा किया कि अमेरिकी अरबपति ने भी दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है। मस्क ने कहा कि भारत यात्रा कंपनी संबंधी भारी दायित्वों के कारण टाल दी गई है। कांग्रेस महासचिव जयराम ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि, मस्क एक निवर्तमान प्रधानमंत्री (मोदी) से मिलने भारत आ रहे थे। उन्होंने भी अब दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है और यात्रा स्थगित करने का फैसला किया।

## लॉरेंस बिश्नोई व उसके भाई को वांछित आरोपी घोषित किया

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी की घटना मामले में वांछित आरोपी घोषित किया है। मामले में एक अधिकारी ने बताया कि मामले में गिरफ्तार विक्की गुप्ता और सागर पाल को कथित तौर पर बिश्नोई बंधुओं से निर्देश मिल रहे थे। अधिकारी ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई एक अन्य मामले में गुजरात की साबरमती केंद्रीय जेल में बंद है, लेकिन माना जाता है कि उसका भाई कनाडा या अमेरिका में है। उन्होंने कहा कि मुंबई पुलिस जल्द ही लॉरेंस की हिरासत मांग सकती है।

### रहस्य-रोमांच

बैंगनी बैक्टीरिया में कई प्रकार की परिस्थितियों में पनप सकता है जीवन

## बैगनी रंग के ग्रहों में छिपा हो सकता एलियंस का जीवन

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** एलियंस की तलाश पृथ्वी के हरे रंग के विपरित बैगनी रंग के ग्रहों में करनी होगी। बैंगनी वह रंग है, जिसमें बैक्टीरिया कई प्रकार की परिस्थितियों में जीवन पनपाने में सक्षम है। एलियंस की तलाश में जुटे वैज्ञानिकों को यह सुझाव कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने दिया है।

दरअसल कई दशक बीत जाने के बावजूद किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश अभी भी अधूरी है। एलियंस की खोज की दिशा में दुनिया के कई संस्थाओं के वैज्ञानिक जुटे हुए हैं। मगर कोई सुराग आजतक हाथ नही लग सका है। अब एक नया सुझाव सामने आया है। जिसमें पृथ्वी के हरे रंग की विशेषता बताई गई है और किस प्रकार से अन्य ग्रहों पर बैगनी मे जीवन हो सकता है, इस संदर्भ में बताया गया है।




कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार जब हम अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखते हैं तो पृथ्वी हरे रंग में रंगी नजर आती है। हरे रंग का अर्थ जीवन होता है। यह पेड़, घास, फसलों और क्लोरोफिल की मदद से उगने वाली हर चीज़ का प्रतिनिधित्व करता है। क्लोरोफिल एक वर्णक है, जो लगभग सभी पौधों में पाया जाता है जो सूर्य से ऊर्जा को अवशोषित करने और प्रकाश को ईंधन में बदलने के लिए प्रकाश संश्लेषण का उपयोग करता हैं। क्लोरोफिल पौधों को हरा रंग भी देता है, लेकिन सूर्य के प्रकाश या ऑक्सीजन के बिना पृथ्वी के वातावरणों में जीवन ऊर्जा के लिए अवरक्त विकिरण का उपयोग करता है। इनके अलावा कई बैक्टीरिया बैंगनी रंग के होते हैं। अब सोचने वाली बात है कि क्या किसी अन्य ग्रह की दुनिया में जीवन सूर्य के प्रकाश के बजाय अवरक्त विकिरण का उपयोग करता है।

इस सोच की वजह से हमें बैंगनी ग्रहों की तलाश करनी होगी। इस संदर्भ में कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने शोध किया है। इस शोध का विषय पर्पल इज़ द न्यू ग्रीन है। शोध में इस बात की जांच की गई है कि इन्फ्रारेड आधारित जीवन कैसा दिख सकता है। वर्तमान में इंफ्रारेड तकनीक के जरिए कई प्रकार की खोजें की जा चुकी हैं।

## ‘अमृत विचार’ आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज



☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत विकास भवन स्थित कार्यालय पर दोपहर 12:30 बजे।

☞ मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में माता की पूजा-अर्चना प्रातः 6:30 बजे।

## एक नजर

### आईएएस बन देश की सेवा करना चाहता है अंकुश

**मिलक, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की 12वीं कक्षा में जिले में दूसरा व राज्य में दसवां स्थान प्राप्त करना वाले अंकुश के पिता रोजगार सेवक हैं। क्षेत्र के जयोहरा गांव निवासी विजयपाल सागर रोजगार सेवक हैं। विजयपाल के तीन पुत्र व एक पुत्री है। बड़ा बेटा अंकुश और मझला अभिषेक है। इस वर्ष अंकुश ने एसआरएम कालेज से बारहवीं तथा अभिषेक ने रठौंडा के नेताजी सुभाष इंटर कालेज दसवीं की परीक्षा पास की है। अंकुश ने बताया कि उसका भाई अभिषेक दो नंबर से जिले की टॉप टेन सूची में आने से रह गया। दोनों बेटों के द्वारा नाम रोशन करने पर मां मीना अत्यंत प्रसन्न हैं। अंकुश बताते हैं कि उनका सपना आईएएस बनकर देशवासियों की सेवा करना है। डॉ. बीआर अम्बेडकर को उन्होंने अपना आदर्श तथा प्रेरणादायी बताया। उन्होंने इस सफलता के लिए प्रतिदिन छह से आठ घंटे पढ़ाई की। इस बीच वह मोबाइल से दूर रहे। अपनी सफलता का श्रेय वह माता-पिता और शिक्षकों को देते हैं। उनका पसंदीदा विषय गणित है। यूपीएससी का लक्ष्य भेदने के लिए वह बाहर रहकर पढ़ाई करेंगे। अंकुश की सफलता से गांव के लोग भी बेहद खुश हैं।

# श्रीहरि इंटर व एसआरएम कालेज के मेधावियों ने प्रदेश में लहराया परचम

## यूपी बोर्ड हाईस्कूल में कलावती कन्या इंटर कालेज की कामिनी गंगावार रहीं जिले में अव्वल, स्कूल-कालेज और परिजनों में खुशी की लहर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षाफल शनिवार की दोपहर दो बजे घोषित हो गया। इंटरमीडिएट में श्रीहरि इंटर कालेज के अजय कुमार ने 96.40 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है। एसआरएम इंटर कालेज रौरा कलां मिलक के अंकुश कुमार ने 96 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश की टॉप टेन में 10वीं रैंक प्राप्त की है। दोनों कालेज के प्रधानाचार्यों ने मेधावियों को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। उन्हें मिठाई भी खिलाई। माता-पिता ने दोनों को आशीर्वाद भी दिया। यूपी बोर्ड हाईस्कूल में कलावती कन्या इंटर कालेज की कामिनी गंगावार जिले में टॉप टेन में पहले स्थान पर रहीं।

यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम आउट होने से पहले हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं की दिलों की धड़कनें बढ़ी रहीं। शनिवार की दोपहर छात्र-छात्राओं ने यूपी बोर्ड की साइट पर परीक्षा परिणाम देखा। इंटरमीडिएट में श्री हरि इंटर कालेज के अजय कुमार ने 96.40 प्रतिशत अंक पाए और प्रदेश की टॉप टेन सूची में आठवां स्थान पाकर रामपुर का नाम रोशन किया। जबकि एसआरएम इंटर कालेज रौरा कलां मिलक के अंकुश कुमार ने 96 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश की टॉप टेन सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया। उधर हाईस्कूल में कलावती कन्या इंटर कालेज की कामिनी गंगावार जनपद की टॉप टेन सूची में शामिल रहीं। रिजल्ट के लिए सुबह से सभी छात्र-छात्राएं इंतजार कर रहे थे। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय समेत तमाम स्कूल-कालेजों में यूपी बोर्ड की साइट पर रिजल्ट देखा गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं में जोश रहा। जैसे ही टॉप टेन में छात्र- छात्राओं ने अपने नाम देखे वह खुशी से झूम उठे। कालेज के प्रधानाचार्यो तथा माता-पिता को मिठाई खिलाई।

### हाईस्कूल की टॉप टेन सूची में शामिल छात्र-छात्राएं

- 1 — प्रतिशत-95.50, नाम-कामिनी गंगावार, कलावती कन्या इंटर कालेज धनेली उत्तरी मिलक
- 2 — प्रतिशत-95.33, नाम-पर्णिता अग्रवाल, श्री गुरुनानक अमरदास शिक्षा निकेतन गर्ल्स इंटर कालेज मिलक
- 3 — प्रतिशत-93.83, नाम-मंतशा, कलावती कन्या इंटर कालेज धनेली, उत्तरी मिलक
- 3 — प्रतिशत-93.83, नाम-विशेष कुमार, श्यामा देवी इंटर कालेज रास डंडिया मिलक
- 4 — प्रतिशत-92.83, नाम-निशी राठौर, कलावती कन्या इंटर कालेज धनेली, उत्तरी मिलक
- 5 — प्रतिशत-92.67, नाम-तोशीबा, कलावती कन्या इंटर कालेज धनेली उत्तरी मिलक
- 5 — प्रतिशत-92.67, नाम-विशाल कुमार, श्रीराम चंद्र सिंह मेमोरियल इंटर कालेज मझरा मंढौली
- 5 — प्रतिशत-92.67, नाम-मिस्बा, रामपुर नेशनल सीनियर सेकेंड्री स्कूल रामपुर
- 5 — प्रतिशत-92.67, नाम-आसिफ रजा, आरपीएस हायर सीनियर सेकेंड्री कुंडसेरा
- 6 — प्रतिशत-92.50, नाम-लायबा नूर, रामपुर नेशनल सीनियर सेकेंड्री स्कूल रामपुर
- 7 — प्रतिशत-92.33, नाम-प्रियांशु, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज मिलक
- 7 — प्रतिशत-92.33, नाम-विष्णु, एसके इंटर कालेज खरसौल
- 8 — प्रतिशत-91.83, नाम-डिंपल, श्री गुरुनानक अमरदास शिक्षा निकेतन गर्ल्स इंटर कालेज मिलक
- 8 — प्रतिशत-91.83, नाम-निशांत गंगवार, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज मिलक
- 9 — प्रतिशत-91.67, नाम-रिया गंगवार, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज मिलक
- 10 — प्रतिशत-91.33, नाम-मोहम्मद असजद, रामपुर नेशनल सीनियर सेकेंड्री स्कूल रामपुर
- 10 — प्रतिशत-91.33, नाम-ताबिन्दा खान, राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज रामपुर
- 10 — प्रतिशत-91.33, नाम-आफरीन, रामपुर नेशनल सीनियर सेकेंड्री स्कूल रामपुर




विक्ट्री बनाते हसरत इंटर कालेज के मेधावी। ● अमृत विचार



पास होने पर खुशी मनातीं राजकीय खुर्शीद इंटर कालेज की छात्राएं। ● अमृत विचार



हाईस्कूल का परीक्षाफल घोषित होने के बाद उत्तीर्ण वंश को मिठाई खिलाते परिजन।



यूपी की टॉप टेन सूची में 10वां स्थान पाने वाले अंकुश को मिठाई खिलाते परिजन।



माता-पिता से आशीर्वाद लेता प्रदेश की टॉप 10 सूची में आठवां स्थान पाने वाला अजय कुमार।

> यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित हो गया है। जनपद के दो मेधावियों ने प्रदेश की टॉप टेन सूची में स्थान पाया है। जो बच्चे पास हुए हैं उन्हें बधाई और जो बच्चे किन्हीं कारणों से पास नहीं हो सके वह घबराएं नहीं। फिर से मेहनत करें। अगले वर्ष अच्छे नंबरों से अवश्य ही पास होंगे।
>
> **-मुन्ने अली,** जिला विद्यालय निरीक्षक

### इंटरमीडिएट की टॉप टेन सूची में शामिल छात्र-छात्राएं

- 1 — प्रतिशत-96.40, नाम-अजय कुमार, श्री हरि इंटर कालेज रामपुर
- 2 — प्रतिशत-96, नाम-अंकुश कुमार, एसआरएम इंटर कालेज रौरा कलां मिलक
- 3 — प्रतिशत-94.40, नाम-पूनम देवी, कलावती कन्या इंटर कालेज धनेली उत्तरी मिलक
- 3 — प्रतिशत-94.40, नाम-वैशाली, कलावती कन्या इंटर कालेज धनेली उत्तरी मिलक
- 3 — प्रतिशत-94.40, नाम-ऋषभ गंगवार, श्री जानकी इंटर कालेज मिलक
- 3 — प्रतिशत-94.40, नाम-अमन, एसआरएम इंटर कालेज रौरा कलां मिलक
- 4 — प्रतिशत-94.00, नाम-समीर अली, श्री जानकी इंटर कालेज मिलक
- 5 — प्रतिशत-93.80, नाम-ऋतु गंगवार, कलावती कन्या इंटर कालेज धनेली उत्तरी मिलक
- 6 — प्रतिशत-93.60, नाम-केशव, श्री जानकी इंटर कालेज मिलक
- 6 — प्रतिशत-93.60, नाम-गौरव कुमार, एसआरएम इंटर कालेज रौरा कलां मिलकर
- 7 — प्रतिशत-93.00, नाम-दीपक, राजकीय इंटर कालेज मानकपुर बंजरिया रामपुर
- 7 — प्रतिशत-93.00, नाम-महिमा सिंह, श्री हरि इंटर कालेज रामपुर
- 8 — प्रतिशत-92.40, नाम-देवाशीष, राजकीय इंटर कालेज शाहबाद
- 8 — प्रतिशत-92.40, नाम-विनीत सिंह, केके एमपी इंटर कालेज सरकथल टांडा
- 9 — प्रतिशत-92.20, नाम-अलीजा, डीएवी कन्या इंटर कालेज बिलासपुर
- 9 — प्रतिशत-92.20, नाम-रजत कुमार, श्री जानकी इंटर कालेज मिलक
- 9 — प्रतिशत-92.20, नाम-ऋतिक, श्री डालचंद्र शर्मा इंटर कालेज धुरियाइ शाहबाद
- 10 — प्रतिशत-92.00, नाम-कृष्णकांत लोधी, श्रीराम चंद्र सिंह मेमोरियल इंटर कालेज मझरा मंढौली

# जिले की टॉप टेन में छाए मिलक के मेधावी

संवाददाता, मिलक




एसआरएम इंटर कॉलेज में मौजूद छात्र एवं स्टॉफ। ● अमृत विचार

- ● हाईस्कूल और इंटर की टॉप टेन सूची में 10 मेधावियों के नाम शामिल

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के दसवीं और बारहवीं के परिणाम में जिले की टॉप टेन सूची में मिलक के मेधावियों ने परचम लहरा दिया। इंटरमीडिएट के छात्र ने राज्य में दसवां स्थान हासिल किया। हाईस्कूल और इंटरमीडिए के दस मेधावियों ने टॉप टेन सूची में नाम दर्ज कर मिलक का नाम रोशन कर दिया।

मिलक क्षेत्र की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सफलता पाने वाले छात्र-छात्रा अन्यच बच्चों के लिए प्रेरणा बन गए हैं।

इंटरमीडिएट में नगर के एसआरएम के अंकुश कुमार ने प्रदेश की टॉप टेन सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया है। कलावती कन्या इंटर कालेज धनेली उत्तरी की पूनम व वैशाली, जानकी इंटर कालेज के ऋषभ गंगवार तथा एसआरएम के अमन ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जानकी इंटर कालेज के समीर अली चौथे पायदान पर रहे। कलावती की ऋतु गंगवार पांचवें स्थान पर रहीं। जानकी इंटर कालेज के केशव व एसआरएम के गौरव ने छठा स्थान प्राप्त किया। जानकी इंटर कालेज के रजत नौंवे पायदान पर रहे।

दसवीं में कलावती कन्या इंटर कालेज की कामिनी गंगवार ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं गुरु अमरदास शिक्षा निकेतन इंटर कालेज की परिणिता दूसरे, कलावती कन्या इंटर कालेज की मंतशा व श्यामा देवी इंटर कालेज के विशेष कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कलावती कन्या इंटर कालेज की निशि राठौर चौथे स्थान पर रही। पांचवें स्थान पर भी कलावती कन्या इंटर कालेज की तोशीबा रही। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रायांशू ने सातवां स्थान हासिल किया। गुरु अमरदास शिक्षा निकेतन की डिंपल और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के निशांत गंगवार ने आठवां स्थान प्राप्त किया है। नौवें स्थान पर भी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज की रिया गंगवार रहीं।

## दसवीं में 89.61 व इंटर में 85.37 प्रतिशत रहा रिजल्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में जनपद के मेधावियों ने प्रदेश की टॉप टेन सूची में स्थान पाकर जिले का नाम रोशन किया है। जिले में हाईस्कूल में 89.61 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 85.37 प्रतिशत परिणाम रहा।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में 24414 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। इनमें से 21877 छात्र-छात्राएं परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं और 89.61 प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट में 20423 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 17436 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हो गए। इंटरमीडिएट में 85.37 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे और वाइस रिकार्डर लगाए गए थे। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर मजिस्ट्रट तैनात किए गए थे। जिले में छह उड़ाका दलों द्वारा छापामारी की गई थी। राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज किला और मानकपुर बंजरिया के एक छात्र को छोड़ दिया जाए तो टॉप टेन में निजी स्कूलों के मेधावियों का जलवा है।

# शिक्षक बनने का सपना संजोए हैं कामिनी

संवाददाता, मिलक




कलावती कन्या इंटर कालेज में टॉपर को मिठाई खिलातीं शिक्षिका। ● अमृत विचार

- ● साइकिल से स्कूल जाकर पा ली मंजिल, बेटी बनी जिले की टॉपर
- ● दो बेटियों के टॉप टेन में शामिल होने पर माता-पिता गदगद

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की दसवीं के परीक्षा परिणाम में किसान की बेटी कामिनी गंगवार ने 95.50 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉप कर लिया। जबकि, उसकी बहन पूनम को इंटरमीडिएट की टॉप टेन में तीसरा स्थान मिला है। दोनों बेटियों की सफलता से माता-पिता गदगद हैं। किसान के घर बधाई देने वालों का तांता लगा है। दोनों बेटियों ने रोजाना साइकिल से स्कूल जाकर यह मुकाम हासिल किया है।

क्षेत्र के देवरी बुजर्ग गांव निवासी करनसिंह की चार पुत्रियां और एक पुत्र है। बड़ी बेटी पूनम बारहवीं और छोटी कामिनी दसवीं कक्षा में कलावती कन्या इंटर कालेज मिलक में अध्ययनरत हैं। कामिनी गंगवार ने दसवीं में 95.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप कर दिया। जबकि 12वीं की टॉप टेन सूची में पूनम ने जिले में तीसरा स्थान हासिल किया। कालेज प्रशासन ने दोनों बहनों को कालेज बुलाया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। जिला टॉप करने वाली कामिनी बताती हैं कि वह ग्रामीण क्षेत्र की निवासी हैं। शिक्षा का यह मुकाम हासिल करने में उन्होंने बहुत परेशानियों का सामना किया है। शिक्षा ग्रहण कर कुशल शिक्षक बनना उनका सपना है। उनका पसंदीदा विषय गणित है। बड़ी बहन पूनम उनका का हौसला बढ़ाती रहीं। विश्वास था कि वह अच्छे अंक जरूर प्राप्त करेंगी, लेकिन जिला टॉप हो जाएगा इसका अंदाजा नहीं था। कामिनी के माता-पिता रिश्तेदारी में विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। बेटियों की सफलता की जानकारी मिलते ही वह अपने गांव के लिए रवाना हो गए हैं।

**मुहिम** शहर विधायक ने शुरू की थी मुहिम, इस बार भी रहेगी जारी

# एक दिन के विधायक बनेंगे टॉपर : आकाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई और यूपी बोर्ड के टॉपर एक दिन के विधायक बनेंगे और जनता की समस्याएं सुनकर उन्हें दूर कराएंगे। शहर विधायक आकाश सक्सेना की ओर से शुरू की गई यह मुहिम इस बार भी जारी रहेगी। उनके अनुसार युवाओं के नजरिए में सकारात्मक बदलाव और सशक्त लोकतंत्र के लिए राजनीति में युवाओं की सहभागिता अहम है। इससे कुछ सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

युवाओं की राजनीति के प्रति दिलचस्पी बढ़ाने के लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पिछले साल टॉपर को एक दिन का विधायक बनाने की मुहिम शुरू की थी। इस मुहिम को और व्यापक करते हुए शहर विधायक ने सीबीएसई के साथ ही यूपी बोर्ड के टॉपर को एक दिन का विधायक बनाने का निर्णय लिया है। शहर विधायक ने



कहा कि आज राजनीति में युवाओं की रुचि कम होती जा रही है। नेताओं के प्रति उनका नजरिया अच्छा नहीं होता। इसके कारण वह नेता का मतलब अपराधी और भ्रष्टचारी ही समझते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। आज भी हमारे देश में कई ऐसे नेता हैं, जिन्होंने मिसाल पेश की हैं। समाज के हित में कई ऐसे कार्य किए हैं, जो जीवन स्तर में बदलाव का कारण साबित हुए हैं। लिहाजा, युवाओं के मन से इस भ्रांति को निकालने के लिए टॉपर को एक दिन का विधायक बनाया जाएगा। एक दिन एक विधायक के रूप में कार्य करने के बाद उन्हें महसूस होगा कि सार्वजनिक जीवन में प्रतिदिन क्या-क्या चुनौतियां आती हैं। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते वह किस तरह इन चुनौतियों को दूर करते हैं। हमारे लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए यह बहुत आवश्यक है। हमारा उद्देश्य सिर्फ इतना है कि युवा बढ़ चढ़कर राजनीति में प्रतिभाग करें और देश के विकास में योगदान दें। ताकि भारत एक समृद्ध राष्ट्र के रूप में स्थापित हो सके।

- ● युवाओं की भागीदारी से और सशक्त होगा लोकतंत्र
- ● नेताओं के प्रति नजरिए में भी बदलाव लाना मकसद

## पीसीएस अधिकारी बन देश सेवा करना चाहता है अजय

**रामपुर, अमृत विचार :** किसान के बेटे ने इंटरमीडिएट में प्रदेश में आठवां स्थान पाया है। वह पीसीएस बनकर देश की सेवा करना चाहता है।

थाना पटवाई के ग्राम सूरजपुर निवासी दलपत सिंह किसान हैं। उनके बेटे अजय सिंह ने इंटरमीडिएट में प्रदेश में आठवां स्थान पाया है। उसके 96.40 प्रतिशत अंक आए हैं। रिजल्ट देखकर अजय कुमार खुशी से झूम उठा। उसने माता-पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद लिया और सभी को मिठाई खिलाई। अजय अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के अलावा गुरु को देते हैं। अजय का कहना हैं कि अब वह स्नातक की पढ़ाई करेंगे। इसके बाद पीसीएस की तैयारी करके देश की सेवा करना चाहते हैं।



# टॉप टेन की सूची में नवें पायदान पर रही अलीजा

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी होने से पहले ही नगर के साइबर कैफों पर छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ लग गई। अपने रोल नंबर लेकर बच्चे दुकानों के बाहर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। डीएवी कन्या इंटर कालेज की इंटरमीडिएट की छात्रा टॉप टेन में नवें स्थान पर रही। स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई।



शनिवार को यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट रिजल्ट घोषित कर दिया। नगर के साइबर कैफों पर एक घंटा पहले से ही भीड़ लगनी शुरू हो गई। मगर साइड न चलने की वजह से छात्र-छात्राओं को काफी देर तक रिजल्ट का इंतजार करना पड़ा। जैसे ही साइड चालू हुई तो सभी छात्र-छात्राएं अपना रिजल्ट देखने लग गए। उधर, जनपद की टॉप टेन लिस्ट में 9वां स्थान प्राप्त करने वाली डीएवी कन्या इंटर कालेज की इंटरमीडिएट की छात्रा अलीजा के घर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उसके परिजनों व शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर बधाइयां दीं। अन्य विद्यालयों में भी रिजल्ट की धूम रही। विद्यालयों के बाहर छात्र-छात्राओं की भीड़ लगी रही। नगर के डीएवी इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज, महर्षि इंटर कालेज, श्री गुरुनानक इंटर कालेज सहित आदि विद्यालयों का रिजल्ट भी शत-प्रतिशत रहा।



## एक नजर

### स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी के खिलाफ दी तहरीर

**पटवाई, अमृत विचार :** थाना पटवाई में पत्रकार के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डा. केके चहल ने एफआई दर्ज कराई थी। पीड़ित पत्रकार सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता महमूद प्राचा के माध्यम से शुक्रवार देर रात पत्रकारों के साथ थाने पहुंचे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर केके चहल तथा लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। थाना प्रभारी ने तहरीर लेकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। नोडल अधिकारी ने पटवाई थाने में 27 मार्च को तहरीर देकर मामला दर्ज कराया था।

### पूर्व सांसद के निधन पर जयाप्रदा ने जताया शोक



**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर से दो बार लोकसभा सांसद रहीं फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने मुरादाबाद के पूर्व सांसद ठाकुर सर्वेश सिंह के निधन पर दुख व्यक्त किया है। कहा कि यह मेरी व्यक्तिगत क्षति है। कुंवर सर्वेश सिंह मेरे बड़े भाई थे। वह सुख-दुख में मेरे साथ रहते थे। हमेशा राजनीतिक एवं व्यक्तिगत रूप से सहयोग करते थे। उन्होंने कहा कि कुंवर सर्वेश सिंह लोकप्रिय नेता थे। वह हमेशा गरीबों के लिए संघर्ष करते थे और गरीबों की मदद करते थे। वह हमारे बीच नहीं रहे, इसका मुझे यकीन ही नहीं हो रहा है। उनके इस तरह चले जाने से मैं बहुत दुखी हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

### सफाई कर्मचारी के दोनों बेटों ने किया नाम रोशन

**मिलक, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में सफाई कर्मचारी के दोनों बेटों ने नाम रोशन कर दिया। क्षेत्र के रौरा कला गांव निवासी विनोद कुमार नगर पालिका में सफाई कर्मचारी हैं। उनके दोनों बेटे नगर के एसआरएम इंटर कालेज में अध्ययनरत हैं। इस वर्ष बड़े बेटे अमन ने बारहवीं तथा छोटे बेटे हनी ने दसवीं की परीक्षा पास की है। अमन ने टॉप टेन सूची में तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि हनी ने दसवीं में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। दोनों बेटों की इस सफलता से पिता खुश हैं। पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार व भाजपा नेता नरेंद्र गंगवार ने बेटों द्वारा नाम रोशन करने पर उन्हें बधाई दी।

# स्क्रूटनी के बाद बढ़ा मतदान का प्रतिशत

## जिले में 55.85 प्रतिशत मतदान, चुनाव आयोग को भेजी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मतदान निपटने के बाद अधिकारियों ने जिले में हुई मतदान का बारीकी से निरीक्षण किया। स्क्रूटनी के बाद जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ गया है। शुक्रवार को मतदान के बाद 55.75 प्रतिशत मतदान होने की बात प्रशासन ने कही थी। लेकिन, शनिवार को हुई जांच के बाद मतदान प्रतिशत बढ़कर 55.85 प्रतिशत हो गया है। मंडी परिसर में प्रत्याशी और अभिकर्ताओं की मौजूदगी में स्क्रूटनी संपन्न हुई।

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने के बाद चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मंडी परिसर में प्रत्याशियां व अभिकर्ताओं की मौजूदगी में स्क्रूटनी संपन्न हुई। सामान्य प्रेक्षक धनराजू एस और जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने प्रत्याशियों एवं उनके अभिकर्ताओं के साथ मतदान की विस्तृत जानकारी साझा की। मतदान की स्क्रूटनी प्रक्रिया के दौरान सभी प्रत्याशियों व अभिकर्ताओं ने सहमति व्यक्त की। इस दौरान सभी उप जिलाधिकारी भी मौजूद रहे।

रामपुर के चुनाव पर दुनिया भर के लोगों की नजर रहती है। शुक्रवार को जिले में 55.75 प्रतिशत मतदान के आंकड़े तैयार किए गए थे। लेकिन, स्क्रूटनी के बाद शनिवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि मंडी परिसर में प्रत्याशियों और उनके अभिकर्ताओं के समक्ष स्क्रूटनी की गई। रामपुर जनपद में 55.85 प्रतिशत मतदान हुआ है।



प्रत्याशियों और अभिकर्ताओं के साथ वार्ता करते जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह।

### शहरी बाबुओं का बढ़ा मतदान प्रतिशत

शहरी बाबुओं का मतदान प्रतिशत बढ़ गया है। शुक्रवार को मतदान समाप्त होने के बाद देर शाम आए रिजल्ट में शहरी बाबुओं द्वारा 44.87 प्रतिशत मतदान दर्शाया गया था। जबकि, स्क्रूटनी के बाद आए परिणाम में मत प्रतिशत बढ़कर 45.30 प्रतिशत हो गया है। शुक्रवार को शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा था। लोगों ने मतदान करने में दिलचस्पी नहीं ली। जबकि, पुलिस प्रशासन ने मतदाताओं से स्वीप के माध्यम से मतदान की अपील की थी। छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैलियां और मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने की अपील की थी। इसके बावजूद शहरी बाबू मतदान करने में फिसड्डी साबित हुए।

### स्क्रूटनी के बाद शनिवार को आए मतदान के आंकड़े

| तहसील | कुल मतदाता | प्रतिशत |
|---|---|---|
| स्वार | 311390 | 60.36 |
| चमरौआ | 313463 | 55.05 |
| बिलासपुर | 352911 | 60.25 |
| रामपुर | 391993 | 42.05 |
| मिलक | 362079 | 58.13 |
| कुल | 1731836 | 54.77 |

नवीन मंडी परिसर में शनिवार को प्रत्याशियों और अभिकर्ताओं की मौजूदगी में स्क्रूटनी हुई। जनपद में हुए 55.85 प्रतिशत मतदान की रिपोर्ट राज्य निर्वाचन आयोग को भेज दी गई है।

–जोगिन्दर सिंह
जिला निर्वाचन अधिकारी

# परिवार नियोजन में महिलाएं रहीं आगे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** परिवार नियोजन के मामले में महिलाएं पुरुषों से काफी आगे हैं। पिछले दिनों संचालित पखवाड़े में 96 महिलाओं ने अपनी नसबंदी कराई। जबकि केवल दो पुरुष ही नसबंदी कराने को आगे आए। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों द्वारा नसबंदी के लिए लोगों को जागरूक नहीं करा पाने की वजह से लक्ष्य अधूरा रहा गया था। पखवाड़ा शुरू होने पर स्वास्थ्य केंद्रों के जिम्मेदारों को दो-दो नसबंदी कराने का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन, नसबंदी कराने में पुरुष परहेज बरत रहे हैं।

नसबंदी कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के प्रेरकों ने लोगों को प्रेरित किया था। इसके अलावा विभाग के नोडल अधिकारी ने सभी सीएचओ, आशाओं, आंगनबाड़ी और प्रेरकों को निर्देश दिए थे कि शिविर लगाकर ज्यादा से ज्यादा नसबंदी कराएं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार पखवाड़े में सिर्फ 96 महिला और दो पुरुषों ने नसबंदी कराई।

मजे की बात यह है कि जिला अस्पताल में सर्जन की तैनाती नहीं होने पर पुरुषों ने मुरादाबाद के प्राइवेट अस्पताल में नसबंदी कराई। जबकि शाहबाद में 15, स्वार में 27, टांडा में 45, शहरी क्षेत्र नौ महिलाओं ने नसबंदी कराई।

जनपद में पांच सीएचसी, 30 पीएचसी, 212 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, शहरी क्षेत्र में छह अर्बन सेंटर हैं। इसके बावजूद लोगों को अधिक से अधिक नसबंदी कराने के लिए प्रेरित नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से हर बार लक्ष्य अधूरा रह जाता है।

- **लोगों को जागरूक करने के लिए ध्यान नहीं दे रहा स्वास्थ्य विभाग**
- **सीएचओ, आशाओं, आंगनबाड़ी और प्रेरकों पर है जिम्मेदारी**

### सास, बहू और बेटा सम्मेलन का नहीं दिखा असर

परिवार नियोजन के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसके बावजूद नसबंदी कराने के मामले में पुरुष फिसड्डी हैं। जबकि महिलाएं नसबंदी में आगे हैं। विभाग की ओर से सास, बहू और बेटा सम्मेलन के आयोजन किए जाते हैं, मगर उसका भी कोई असर दिखाई नहीं दिया। आशा कार्यकर्ता, एएनएम और अन्य कर्मचारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले हर परिवार को परिवार नियोजन की जानकारी दें। घर-घर जाकर लोगों को इसके के बारे में बताया जा रहा है। नसबंदी कराने के मामले में महिलाएं अभी तक आगे हैं।

### पुरुषों को तीन और महिला को मिलते हैं दो हजार रुपये

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार नसबंदी कराने के लिए महिलाओं के मुकाबले में पुरुषों को अधिक प्रोत्साहन धनराशि मिलती है। पुरुषों को तीन हजार जबकि महिला को दो हजार रुपये की धनराशि दी जाती है। जिला समन्वयक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि नसबंदी कराने के बाद महिलाओं को बैंक की पासबुक, आधार कार्ड आदि प्रपत्र जमा कराने होते हैं। इसके बाद प्रोत्साहन राशि लाभार्थियों के खातों में भेज दी जाती है।

परिवार नियोजन कार्यक्रम लगातार चल रहे हैं। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लाभार्थियों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसके अलावा आशा, कार्यकर्ता, एएनएम को निर्देशित किया गया है कि लक्ष्य के अनुसार कार्य को पूरा करें।

–डा. केके चहल, नोडल अधिकारी, परिवार नियोजन

# कपड़े धो रही महिला की हार्ट अटैक से मौत, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**दुखद**

- **केमरी थाना क्षेत्र के गांव म्यूड़ी का मामला**
- **पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा**

**अमृत विचार :** कपड़े धो रही महिला की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उसे आनन-फानन में अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। दोपहर में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पोस्टमार्टम में महिला की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। इससे परिवार में कोहराम मचा है।



केमरी थाना क्षेत्र के गांव म्यूड़ी निवासी गंगाराम की पत्नी सावित्री (50) शुक्रवार की सुबह करीब सवा सात बजे गांव में ही बने बूथ पर वोट डालने गई थी। इसके बाद वह घर आ गई और कपड़े धोने लगी। इस दौरान अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन महिला को तत्काल सीएचसी मिलक ले गए। वहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस सीएचसी पहुंची और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शनिवार को परिजनों ने महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। सावित्री के तीन बेटे हैं। इनमें से दो की शादी हो चुकी है।

## रामपुर की बच्ची को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

**भोजीपुरा (बरेली), अमृत विचार :** नैनीताल मार्ग पर गन्ने से भरी बेकाबू ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक पर मां की गोद में बैठी एक वर्ष की बच्ची छिटक कर सड़क पर जा गिरी। इस दौरान ट्रैक्टर ने बच्ची को कुचला दिया।

रामपुर के थाना मिलक के गांव जगतपुर निवासी ओमप्रकाश मौर्य पत्नी काजल के साथ देवरनियां के गांव बसुधरन जागीर निवासी रिश्तेदार की शादी में शामिल होने आए थे। शनिवार को लौटते समय भोजीपुरा थाना क्षेत्र में नैनीताल हाइवे पर इटौआ मोड़ के सामने गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मारी दी। इसमें एक वर्ष की लाव्या छिटक कर सड़क पर गिर पड़ी। तभी बच्ची को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। बच्ची के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक कपिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



बसपा कार्यालय में लोगों से बातचीत करते बसपा प्रत्याशी।



सपा प्रत्याशी मोहिब्बुल्लाह नदवी को मिठाई खिलाते लोग।



भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी एवं उनके समर्थक।

# होटलों पर हार-जीत का गणित लगाने में जुटे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **शनिवार को राजनीति दलों के कार्यालयों में काफी कम रही भीड़**

**अमृत विचार :** मतदान के दूसरे शनिवार को पार्टी कार्यालयों में कार्यकर्ताओं की भीड़ काफी कम रही। कुछ लोग चर्चा के दौरान चुनाव की थकान उतारते रहे। इसके अलावा एक दूसरे को फोन करके शहरी क्षेत्र में हुए मतदान का फीड बैक लेते रहे। पूरे दिन प्रत्याशियों की हार-जीत का गणित लगता रहा। भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने पूरे दिन सोकर थकान उतारी। शहर के होटलों में भी चुनाव में हार-जीत को लेकर चर्चा होती रही।

लोकसभा चुनाव का शोर शनिवार को पूरी तरह थम गया। प्रत्याशियों ने शनिवार को पूरे दिन थकान उतारी। पार्टी कार्यालयों पर भीड़ बहुत कम रही। कुछ लोग कार्यालयों पर पहुंचे और चुनाव की बाबत बातचीत की। शहर के मुख्य बाजारों और गली मोहल्लों के होटलों पर पर भी चुनाव की चर्चा होती रही। बाजार अब्दुल्लाह गंज में एक होटल पर चाय पी रहे मोहम्मद अहमद बोले कि भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी जीत सकते हैं। तभी रमेश यादव ने दावा किया कि सपा के प्रत्याशी मोहिब्बुल्लाह नदवी भी चुनाव जीतने की स्थिति में हैं। जबकि, बसपा का हाथी रफ्तार नहीं पकड़ पाया। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने भी सपा प्रत्याशी मोहिबुल्लाह नदवी की जीत का दावा किया।

# जिले में बिना लाइसेंस चल रहे कई मेडिकल स्टोर

संवाददाता, मसवासी

- **विभाग के अधिकारी जांच के नाम पर करते हैं खानापूरी**

**अमृत विचार :** नगर सहित क्षेत्र में तमाम मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के धड़ल्ले के साथ चलाए जा रहे हैं। विभाग के अधिकारी जांच के नाम पर सिर्फ खानापूरी कर रहे हैं।

मसवासी समेत आसपास के गांवों में भी बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर धड़ल्ले से चलाई जा रहे हैं। इन्हें रोकने के लिए विभाग के कोई पास प्लान नहीं है। बिना लाइसेंस मेडिकल संचालक नशे की दवा से लेकर एक्सपायरी दवा तक बेचते हैं। छापेमारी में इन मेडिकल स्टोर संचालकों से एक्सपायर और नशीली दवा बरामद भी हो चुकी है। इसके बाद भी इन पर अंकुश नहीं लग सका है।

क्षेत्र के बिजारखाता, नरपतनगर, रहमतगंज, मिलक नौखरीद, मनसूरपुर समेत आसपास के गांवों में बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर संचालित हैं। छापेमार कार्रवाई के नाम पर औषधि निरीक्षक औपचारिकता निभा कर चले जाते हैं। इस मामले की शिकायत ग्रामीणों ने कई बार औषधि निरीक्षक से की है लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई गई है। नरेंद्र सिंह, श्यामलाल, देवेंद्र कुमार, राजपाल, मोहम्मद शफी, मुकेश कुमार आदि ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर बिना लाइसेंस चल रहे मेडिकल स्टोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण शुरू

**रामपुर, अमृत विचार :** पहाड़ी गेट स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान आरसेटी में महिलाओं के लिए 30 दिवसीय प्रशिक्षण का आरंभ एलडीएम एमएम प्रसाद, निदेशक अभिषेक आर्या ने किया। एलडीएम ने कहा कि महिलाएं समाज का आईना है। वह अपने पैरों पर खड़े होकर समाज में बहुत परिवर्तन ला सकती है। इसके लिए जरूरी है कि वह जिम्मेदारी को समझे।

निदेशक ने कहा कि आरसेटी का उद्देश्य बेरोजगार युवक-युवतियों को हुनर देकर आत्मनिर्भर बनाना है। पूरी तरह से मन लगाकर ब्यूटी पार्लर का काम सीखें। अगर किसी को व्यवसाय शुरू करने में आर्थिक समस्या आती है तो बैंक से ऋण लेकर अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। ब्यूटी पार्लर प्रबंधन के 30 दिवसीय प्रशिक्षण में व्यक्तिव विकास, समस्या समाधान एवं बैंकिंग से सम्बंधित जरूरी जानकारी दी जाएगी।

# छुट्टा पशुओं ने फसलों को किया बर्बाद, किसान परेशान

संवाददाता, मसवासी

- **प्रशासन से छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग**

**अमृत विचार :** क्षेत्र के जंगल में छुट्टा पशुओं को घूमने से किसानों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। किसान खेतों पर रहकर छुट्टा पशुओं से अपनी फसलों को रखाने पर मजबूर हो गए हैं उन्होंने प्रशासन से छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है।

पट्टीकला के गांव अलीगंज, कुंदनपुर, सीतारामपुर, रहमतगंज के जंगल में छुट्टा पशुओं के झुंड ने फसलों को तहस-नहस कर रखा है। जिससे किसानों की परेशानियां बढ़ गई है। किसान हाथों में डंडे लेकर फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। छुट्टा पशु गांवों में घुस जाते हैं और लोगों पर हमला कर देते हैं। किसानों के पालतु पशुओं को भी नुकसान पहुंचाते हैं। इससे ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ गई है। किसान चौधरी नाजिम हुसैन, सजाकत अली, नजाकत हुसैन, राम भरोसे, नरेश कुमार, भोपाल सिंह, दिलीप कुमार आदि ने कई बार इसकी शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से की लेकिन अधिकारियों ने फसलों को तबाह कर रहे छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की कोशिश नहीं की। इसके चलते छुट्टा पशु गेहूं, गन्ना, बरसीम आदि फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

किसान दिन-रात फसलों की रखवाली कर रहे हैं। कुछ किसान तो रात में भी खेतों पर पहरा दे रहे हैं। किसानों ने जिलाधिकारी से छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गो आश्रय स्थल भिजवाने की मांग की है।

# आग से गेहूं की साढ़े नौ बीघे फसल जली

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम रामनगर लतीफपुर में तीन किसानों के गेहूं के खेत में आग लग गई। इसमें साढ़े नौ बीघा गेहूं की फसल राख हो गई। फसल जल जाने से किसान सदमे में हैं। उन्होंने फसल के नुकसान के मुआवजे की मांग की है। लोगों का कहना है कि एचटी लाइन से निकली चिंगारी फसल में गिर गई थी।

क्षेत्र के ग्राम रामनगर लतीफपुर निवासी अतहर हुसैन पुत्र नजर हुसैन व मुंशी पुत्र बशीर तथा खलील पुत्र हबीब के खेत आसपास हैं। तीनों किसानों के खेतों में गेहूं की फसल तैयार खड़ी थी। शनिवार को अचानक खेत में अचानक आग लग गई। यह देख आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर दौड़ पड़े। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस बीच सूचना पाकर फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई। लेकिन तब तक तीनों किसानों की साढ़े नौ बीघा फसल जलकर राख हो चुकी थी। इसके अलावा हुंकारी देवी के गेहूं के खेतों के बराबर में मिर्च की फसल लगी थी। इस आग की चपेट में आकर वह भी पूरी तरह जल गई।



गेहूं की जली फसल को देखते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर पाया काबू**




आग बुझाने को आया फायर बिग्रेड का वाहन।

**निगरानी** चार जून को होगी मतगणना, स्ट्रांग रूम की रखवाली के लिए मंडी परिसर में लगे हैं सीसीटीवी कैमरे

# त्रिस्तरीय सुरक्षा में बंद रहेंगी ईवीएम, फोर्स तैनात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 19 अप्रैल को जिले में सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान हुआ। इसके बाद देर रात तक ईवीएम को जमा करने का काम नवीन मंडी समिति में चलता रहा। शनिवार सुबह से ही स्ट्रांग रूम से मंडी समिति के गेट तक त्रिस्तरीय पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा शनिवार को अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात जवानों का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

शुक्रवार को जिले में 1071 मतदान केंद्रों व 1789 मतदेय स्थलों पर मतदान हुआ। समय समाप्त हो जाने के बाद मतदानकर्मी 3578 ईवीएम लेकर मंडी समिति पहुंचे। यहां ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रखा गया। देर रात तक मतदान कार्मिकों ने मतदान सामग्री जमा की। इसके बाद सभी ईवीएम स्ट्रांग रूम में रखवा दी गईं। स्ट्रांग रूम की निगरारी के लिए अर्द्ध सैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है। मंडी समिति के गेट पर पुलिस बल तैनात किया गया है। मंडी परिसर में किसी को भी नहीं जाने दिया जा रहा है। अधिकारियों ने मंडी समिति में तैनात जवानों और स्ट्रांग रूप का निरीक्षण किया। लोकसभा चुनाव के लिए जनपद में 7884 मतदानकर्मी लगाए गए थे। देर रात तक जनपद के बार्डर वाले मतदान केंद्रों से पोलिंग पार्टियां नवीन मंडी स्थल पर पहुंचती रहीं। अधिकारियों ने रात में ही ईवीएम स्ट्रांग रूम में रखवाकर अर्द्ध सैनिक बल के जवानों की तैनाती कर दी थी। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए त्रिस्तरीय फोर्स तैनात की गई है। ईवीएम के पास अर्धसैनिक बल और मंडी परिसर में और मुख्य गेट पर पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं।



मंडी समिति के गेट पर तैनात पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

मंडी समिति में ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रखने के बाद त्रिस्तरीय फोर्स तैनात की गई है। ईवीएम के पास अर्धसैनिक बल की तैनाती की गई है। जबकि मंडी परिसर और मुख्य गेट पर पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। इसके साथ ही कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। –**रवि खोखर**, प्रभारी स्ट्रांग रूम, सीओ बिलासपुर

### चुनाव निपटने के बाद कर्मचारियों ने उतारी थकान

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरह से निपटाने के लिए अधिकारी और कर्मचारी दौड़ भाग में लगे थे। कभी नवीन मंडी स्थल तो कभी पनवड़िया स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय जाकर तैयारियों का जायजा लेते रहे। अधीनस्थ भी अधिकारियों के साथ चल रहे थे। 19 अप्रैल को चुनाव शांति पूर्ण तरह से निपटने के बाद अधिकारी और कर्मचारी रिलेक्स मूड में नजर आए।

## तीन घंटे बंद रही सिविल लाइंस क्षेत्र की बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस क्षेत्र की बिजली शनिवार को तीन घंटे बंद रही। गर्मी में बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

मालगोदाम, बाबा दीप सिंह नगर, गुरूद्वारा रोड, बरेली गेट क्षेत्र की आपूर्ति तीन घंटे ठप रही। अधिकारियों के अनुसार पेड़ों, टहनियों की कटाई, छंटाई कराई जा रही है। इसी के चलते शटडाउन लिया गया था। शाम पांच बजे काम पूरा होने पर आपूर्ति बहाल कर दी गई।

इसके अलावा पहाड़ी गेट क्षेत्र में पुराने केबिल और जर्जर तारों को सही करने की वजह से आपूर्ति बाधित रही। जेई संजीव चौरसिया ने बताया कि पुराने तारों की मरम्मत कराई गई, इसलिए शटडाउन लिया गया था। इस दौरान पहाड़ी गेट, चाह खजान खां, पुराना गंज, पक्का बाग, पीला तालाब और घेर तोगा क्षेत्र की आपूर्ति बाधित रही।



केमरी में कूड़े के ढेर से उठता धुंआ। ● अमृत विचार

# केमरी में कूड़े के ढेर में आग लगने से राहगीर परेशान

संवाददाता, केमरी

**अमृत विचारः** राजकीय इंटर कॉलेज के पास पड़े कूड़े के ढेर में शनिवार की शाम आग लग गई। इससे चारों ओर धुआं फैल गया। धुएं से राहगीरों को परेशानी हुई। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका। नगर पंचायत ने टैंकरों तथा फायर ब्रिगेड की मदद से आग बुझाई।

नगर पंचायत का कूड़ा रामपुर-केमरी मार्ग पर राजकीय इंटर कॉलेज के पास सिंचाई विभाग की जमीन में डाला जाता है। शनिवार की शाम कूड़े में आग लगने से धुआं फैलने लगा। काफी दूर तक फैले धुएं से कुछ देर तक मार्ग भी बाधित रहा। धुएं से निकलने वाली दुर्गंध के कारण लोगों को परेशानी हुई।

नगर पंचायत के लिपिक विनीत सक्सेना का कहना है कि यह काम किसी शरारती तत्व अथवा शराबी का हो सकता है। नगर पंचायत की ओर से मौके पर टैंकर और फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझा दी गई है।

## हाईवे के दोनों ओर वाहन खड़े होने से लगता है जाम

**रामपुर, अमृत विचारः** सिविल लाइन थाने से लेकर मालगोदाम तक हाईवे के दोनों ओर खरीदारी करने आने वाले लोग वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर देते हैं। इससे जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। शनिवार की रात भी हाईवे पर जाम लग गया।

सिविल लाइन थाने से मालगोदाम तिराहे तक सड़क के दोनों ओर काफी संख्या में ढाबे तथा घरेलू सामान की दुकान हैं। लोग शाम को खरीदारी करने के लिए वाहनों से आते हैं। लोग वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करके चले जाते हैं। इससे हाईवे पर जाम लग जाता है ढाबे पर खाना खाने वाले भी वाहनों को हाईवे किनारे खड़ाकर देते हैं। शनिवार की रात करीब नौ बजे लोग पर जाम लग गया। राहगीरों ने किसी तरह वाहनों को हटवाया। इसके बाद उनके वाहन आगे बढ़ सके। पुलिस का कहना है कि रोजाना अभियान चलाया जाता हैं। आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## एक नजर

### देवी स्थान की भूमि पर कब्जा करने की शिकायत

**मसवासी, अमृत विचार :** गांगन नगली के ग्रामीणों ने 100 वर्ष पुराने देवी स्थान की भूमि पर कब्जे की शिकायत जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह से की है। जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र में लिखा है कि14 अप्रैल को शरारती तत्वों ने देवी स्थान की भूमि पर बने मठों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। इससे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। शिकायतकर्ताओं ने शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पत्र पर ओमप्रकाश सैनी, हरप्रसाद, बाल मुकुंद, शेरसिंह, राकेश कुमार, बृजपाल सिंह, कुंदन सिंह, राहुल, वीर सिंह के हस्ताक्षर हैं।

### धूमधाम से मनाया जाएगा बालाजी का जन्मोत्सव

**रामपुर, अमृत विचार :** मिस्टन गंज के मोहल्ला कूंचा देवी दास में बालाजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सुबह 11 बजे भगवान की आरती की जाएगी। 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के सेवादार वीरेंद्र गर्ग ने बताया कि प्राचीन शिव मंदिर श्री बाला जी दरबार में बालाजी की मूर्ति खंडित हो गई थी। जिस पर राजस्थान से पत्थर की नई मूर्ति मंगाई गई है। इसके साथ ही मंदिर का जीर्णोद्धार भी कराया गया है। श्री बालाजी के जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में पूजन के बाद भंडारे का आयोजन कराया जाएगा।

# शव यात्रा रोकने पर ग्रामीण भड़के

## पुलिस के समझाने पर एक घंटे बाद हुआ महिला का अंतिम संस्कार

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** पड़ोसी गांव के लोगों द्वारा शव यात्रा निकाले जाने पर केशोनगली के ग्रामीण भड़क गए। आक्रोशित ग्रामीण हंगामा करते हुए उनके गांव के रास्ते से शव यात्रा निकालने का विरोध करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर शव यात्रा निकलवायी। करीब एक घंटे बाद महिला के शव का अंतिम संस्कार हो सका।

क्षेत्र के गांव थूनापुर में महिला की मौत हो गई थी। शनिवार की दोपहर महिला के परिजन ग्रामीणों के साथ उसके शव को अंतिम संस्कार के लिए केशोनगली गांव के आम रास्ते से थूनापुर गांव के श्मशान घाट की ओर जाने लगे। थूनापुर गांव से शव यात्रा अपने गांव की ओर आती देख केशोनगली की महिलाएं व ग्रामीण अपने गांव के सामने रास्ते में एकत्र हो गए। गांव के आम रास्ते से दूसरे गांव की शव यात्रा निकालने का विरोध करने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव से एक बार दूसरे गांव के लोग शव यात्रा निकालेंगे तो हमेशा इसी रास्ते से निकालेंगे। जबकि थूनापुर के ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव के श्मशान घाट जाने के लिए कोई आम रास्ता नहीं है। पहले खाली खेतों में से शव यात्रा निकालते थे। लेकिन अब खेत स्वामियों ने अपने खेतों में दीवार बना दी है। शव यात्रा निकालने के विरोध की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष निशा खटाना पुलिस



शव यात्रा का विरोध कर रहे ग्रामीणों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

- केशोनगली के रास्ते से शव यात्रा लेकर जा रहे थे थूनापुर के ग्रामीण
- नहर पर पुलिया बनने के बाद भविष्य में दूसरे रास्ते से निकाली जाएगी शव यात्रा

बल के साथ मौके पर पहुंच गईं। थूनापुर के लोगों का कहना था कि नहर पर पुलिया न होने के कारण व श्मशान घाट तक कोई अन्य रास्ता न होने के कारण वह शव को लेकर केशोनगली गांव की ओर से ही जाएंगे। जबकि केशोनगली के ग्रामीणों का कहना था कि थूनापुर के ग्रामीण अपने गांव के श्मशान घाट को जाने वाले रास्ते में नहर में पुलिया बनाएं। गांव के आम रास्ते से दूसरे गांव की शव यात्रा नहीं निकलने देंगें।

थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों को समझाया कि फिलहाल केशोनगली गांव को जाने वाले रास्ते से ही शव यात्रा निकाली जाएगी। भविष्य में नहर पर पुलिया का निर्माण होने पर दूसरे रास्ते से शव यात्रा निकाली जाएगी। इस पर दोनों पक्षों में सहमति बन गई। करीब एक घंटे तक अफरा-तफरी के बाद पुलिस की मौजूदगी में शव यात्रा निकाली गई।

> शव यात्रा के रास्ते को लेकर दोनों गांवों के लोगों के बीच विवाद था। दोनों पक्षों को समझाकर शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया है। दोनों पक्षों ने पुलिया निर्माण पर सहमति जतायी है। इस बावत राजस्व अधिकारियों से वार्ता कर पुलिया निर्माण के लिए ग्रामीणों से वार्ता की जाएगी। सुरक्षा के मददेनजर पुलिस तैनात कर दी गई है।
>
> –निशा खटाना, थानाध्यक्ष, भोट

### गेहूं की गहाई के विवाद में मारपीट, आठ पर रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव में गेहूं की गहाई को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शाहबाद के ढकिया गांव निवासी सौरभ कुमार की पत्नी लक्ष्मी ने गांव के ही कुंवरपाल, बुद्धसेन, मीना एवं रवाना पट्टी निवासी लालू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि इन लोगों ने गेहूं की गहाई कराने को लेकर गालियां दीं। विरोध पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं, दूसरी ओर ढकिया निवासी कुंवर पाल की पत्नी मीना ने गांव के मनोज, लक्ष्मी, सुरेश एवं जनपद मुरादाबाद के थाना डिलारी के गांव लधपुरा निवासी राजू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका आरोप है कि गेहूं की गहाई को लेकर हुए विवाद में यह लोग गलियां देने लगे। मना किया करने पर लाठी-डंडों से पिटाई शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से महिलाओं समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कनक चंपा के पेड़ काटने पर हंगामा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कनक चंपा के पेड़ काटने पर एक स्कूल में हंगामा हो गया। दोनों पक्षों ने मामले की शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से की है।

नैनीताल हाईवे स्थित एक विद्यालय में कनक चंपा के कई पेड़ लगे थे। शनिवार को कुछ लोगों ने चोरी छिपे इन पेड़ों को काट लिया। इस पर कमेटी के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। यह देख मौके पर भीड़ लग गई। दो पक्षों में हाथापाई तक नौबत पहुंच गई। लेकिन, मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। इसके बावजूद एक पक्ष ने प्रशासनिक अधिकारियों को मामले की सूचना दे दी। आरोप लगाया कि चोरी-छिपे हरे-भरे पेड़ों को काटा गया है। अधिकारियों ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उधर, दोनों पक्षों में पंचायत का सिलसिला भी चल रहा है।

# नगर की सफाई व्यवस्था का हाल-बेहाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कर्मचारियों की तैनाती में असंतुलन की वजह से शहर में सफाई व्यवस्था गड़बड़ा गई है। किसी जगह कई सफाई कर्मी तैनात हैं तो कहीं सफाईकर्मी गायब हैं। पालिका प्रशासन की लापरवाही से कई दिन तक सड़कों पर गंदगी पसरी रहती है। कई बार सभासद भी यह मुद्दा उठा चुके हैं। लेकिन पालिका के अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं।

शहर की आबादी चार लाख से अधिक है। नगर पालिका के 43 वार्ड हैं। सफाई के लिए 800 ज्यादा कर्मचारी हैं। इमें संविदा कर्मी भी शामिल हैं। नियमानुसार एक वार्ड में 15-16 कर्मचारी होने चाहिए। लेकिन प्रत्येक वार्ड में यह स्थिति नहीं है। शहर के कई वार्डों में सफाई कर्मियों की संख्या आधी भी नहीं है। इसलिए इन वार्डों की हालात और ज्यादा खराब होती जा रही है। वार्ड का क्षेत्र बड़ा होने की वजह से यहां ज्यादा सफाई कर्मियों की जरुरत होती है। सफाई कर्मियों की कमी का असर यहां की सफाई व्यवस्था पर दिख रहा है। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर सभासद भी आक्रोशित है। उन्होंने पिछले दिनों हुई बोर्ड की बैठक में यह मुद्दा उठाया था। मगर अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके थे। सभासदों ने आरोप लगाया था कि सफाईकर्मी पालिका प्रशासन के अधिकारियों के बंगलों, कोठियों की निगरानी में लगे हुए हैं।

**नगर पालिका के पास मौजूद हैं यह संसाधन**

| | |
|---|---|
| ठेली | 375 |
| छोटा हाथी वाहन | 60 |
| ट्रैक्टर | 12 |
| जेसीबी | 6 |
| कूड़ा गाड़ी | 2 |
| रोड स्वीपिंग | 2 |

> शहर में सफाई के लिए मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक, सुपरवाइजर को निर्देशित किया जाएगा ताकि, सफाई को बेहतर बनाया जाए। समय से कूड़ा उठान कराया जाए। प्रत्येक वार्ड में रोस्टर के अनुसार सफाई कराने के चार्ट बनाए जाएं। जिससे लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।
>
> –दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका परिषद

### सात बंदियों ने पास की बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला कारागार में निरुद्ध सात बंदियों ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। बंदियों ने परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए रात-दिन मेहनत की। परिणामस्वरूप नतीजे अच्छे आने पर जेल प्रशासन ने उनकी प्रशंसा की।

जेल अधीक्षक प्रशांत मौर्य ने बताया कि कारागार में निरुद्ध सात बंदियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें पांच हाईस्कूल और दो इंटरमीडिएट के बंदी है। इंटरमीडिएट में राजकिशोर ने 65.6, अवनीश कुमार ने 63.2 जबकि हाईस्कूल की परीक्षा में वीरपाल ने 80, मोहम्मद यूसुफ ने 79, सुखपाल ने 77.83, फैजान ने 76.6 और हंसपाल ने 73.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बंदियों को सम्मानित भी किया गया।



अर्थ डे पर बनाए गए मॉडल दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

# बच्चों ने मॉडल बनाकर बताया अर्थ डे का महत्व

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** कृष्णा विहार स्थित किड्स गार्डन स्कूल में अर्थ डे मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। छात्रों ने कविता पाठ और भाषण के जरिए पृथ्वी के महत्व की जानकारी दी।

स्कूल के निदेशक दिलीप सक्सेना ने बच्चों को बताया कि हम छोटे-छोटे प्रयासों से पृथ्वी को सुरक्षित रख सकते हैं। अध्यापक अनिकेत ने कहा कि इस दिवस की उपयोगिता हमारे जीवन में प्रतिदिन है। कक्षा छह और सात के छात्रों ने स्लोगन राइटिंग तथा मॉडल बनाए। छात्रों ने चित्रों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक अर्जित सक्सेना, साईं सीनियर सेकेंड्री स्कूल के प्रधानाचार्य शिवांश सक्सेना और किड्स गार्डन स्कूल की प्रधानाचार्य अंजू चतुर्वेदी मौजूद रहीं।

### अवैध कब्जा करने वालों पर की जाए कार्रवाई

**शाहबाद, अमृत विचार :** चुनाव में अधिकारियों का व्यस्तता का फायदा उठाकर दबंगों ने नींव भरकर अवैध कब्जे का प्रयास किया। पीड़िता ने एसडीएम से कब्जेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

मिलक कोतवाली क्षेत्र के गांव धमोरा निवासी दरबारी लाल शर्मा की पत्नी सुनीता शर्मा की पटवाई थाना क्षेत्र के गांव मथुरापुर में आराजी है। आरोप है कि कुछ लोगों ने बिना किसी आदेश के यहां नींव भरकर अवैध कब्जे का प्रयास किया। विरोध पर आरोपी झगड़े पर उतारु हो गए। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने चुनाव में अधिकारियों की व्यस्तता के चलते ऐसा किया। उसने एसडीएम से अवैध कब्जा रुकवाने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# मलेरिया विभाग की टीम ने किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण की हकीकत जानने को मलेरिया विभाग की टीम गांव मुरैसना पहुंची। यहां टीम ने घर-घर जाकर साफ-सफाई रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया। कहा कि अगर किसी व्यक्ति को बुखार या शरीर पर चकते, दो सप्ताह से लगातार खांसी हो तो तुंरत नजदीक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सक से परामर्श लें।

शनिवार को जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान ब्लॉक सैदनगर के गांव मुरसैना पहुंचे। उन्होंने लोगों से अपील की कि विशेष कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। कहीं भी जल का जमाव न होने दें। कूलर, टंकी, फ्रिज के पीछे जहां पानी गिरता है, उस जगह को समय-समय पर साफ करें। बताया कि बरसात में छतों पर, प्लाटों में, टूटे बर्तनों में, टायर आदि में पानी भर जाता है। इसमें सबसे ज्यादा मच्छर पनपते हैं। इसलिए सप्ताह में एक दिन सभी जगह साफ करना चाहिए। सोते समय पूरी बाजू के कपड़े पहनें। दरवाजों पर जालियां व मच्छरदानी का प्रयोग करें।

इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी, सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमा रॉय, आंगनबाड़ी नगमा और आशा रानी शामिल रहे।



गांव मुरसेना में लोगों को जागरूक करते जिला मलेरिया अधिकारी।

- विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के बारे में लोगों को दी जानकारी

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India, Medical Council Of India, Dental Council of India, Pharmacy Council of India, Indian Nursing Council, Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council, Association of Indian Universities, Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in



ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

## एक नजर

### आज रतुपुरा में होगा अंतिम संस्कार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व सांसद व प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर 2 :00 बजे उनके गांव रतुपुरा ठाकुरद्वारा में होगा। उनका पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार से पहले लोगों के अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास महल रतुपुरा में रखा जाएगा। उनके अंतिम संस्कार में भाजपा के कई बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। भाजपा के जिला व महानगर मीडिया प्रभारी ने बताया कि अंतिम संस्कार दोपहर 2 :00 बजे ठाकुरद्वारा रतुपुरा रोड पर होगा।

### ई-रिक्शा चालक के घर से दिनदहाड़े चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**मैनाठेर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बघी गोवर्धनपुर में ई-रिक्शा चालक रहीश आलम के घर से दिन में ही चोर नकदी समेत सामान चोरी कर ले गए। परिवार के सदस्य खेत पर गए हुए थे जबकि रहीश आलम की पड़ोस में शादी में गया हुआ था। पीड़ित की पत्नी अकबरी ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह गुरुवार की सुबह खेत पर गई हुई थी। जबकि उसके पति रहीश आलम पड़ोस में ही शादी में गए हुए थे। घर में उनकी आठ वर्षीय पुत्री माविया एवं उनका मंदबुद्धि भाई घर पर मौजूद थे।

### चुनाव प्रेक्षक ने ईवीएम की सुरक्षा का लिया जायजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सामान्य प्रेक्षक कुमार राहुल व जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने मंडी समिति परिसर में बने वेयर हाउस का निरीक्षण किया। ईवीएम की सुरक्षा में भारतीय तिब्बतीय सीमा सुरक्षा बल के अलावा स्थानीय पुलिस बल के सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता बरतने की हिदायत भी दी। मुरादाबाद लोकसभा का चुनाव में लड़ने वाले तीनों प्रत्याशियों का भाग्य वेयर हाउस में ईवीएम मशीन के रूप कैद है। हालांकि तीनों के प्रतिनिधि ईवीएम मशीन रखने के लिए मंडी परिसर में डेरा डाले हैं।

लोकसभा सीट के लिए के मतदान होने के बाद मंडी समिति के वेयर हाउस में ईवीएम मशीन रखी गई हैं। शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने सामान्य प्रक्षेक कुमार राहुल जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह को लेकर मंडी समिति के वेयर हाउस पहुंचे। जहां सुरक्षा में प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा सेना सुरक्षा बल के तैनात जवानों को सुरक्षा में गहन सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

# नहीं रहा मुरादाबाद की राजनीति का शेर, योगी ने मंच से कहा था सर्वेश को बाघ

## एक बार सांसद व पांच बार विधायक रहकर छोड़ी राजनीति के क्षेत्र में अमिट छाप, भारतीय जनता पार्टी के बड़े स्तम्भ के रूप में थे स्थापित

**विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** मुरादाबाद की राजनीति में कुंवर सर्वेश की छवि एक शेर की थी। 16 मार्च को बुद्धि विहार में भाजपा की ओर से आयोजित सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से कुंवर सर्वेश को बाघ कहकर संबोधित किया था। इसके बाद ही इस बार के चुनाव में उन्हें फिर से भाजपा का टिकट मिलना पक्का मान लिया गया था और हुआ भी वही। पार्टी ने लगातार चौथी बार मुरादाबाद सीट से कमल निशान देकर उन्हें चुनावी दंगल में उतारा।

कुंवर सर्वेश की छवि धाकड़ राजनीतिज्ञ की थी। वह अपने बूते राजनीति का किला फतह करने के माहिर थे। पार्टी का टिकट लेकर वह चुनाव मैदान में विरोधियों को दहाड़ कर चित कर देते थे। इसी के दम पर वह पांच बार विधायक और एक बार सांसद बनने में भी सफल रहे थे। कुंवर सर्वेश को भाजपा ने 2009, 2014, 2019 और इस बार 2024 में टिकट देकर सांसद का प्रत्याशी बनाया। जिसमें से उन्हें 2014 में जीत मिली थी जब उन्होंने सपा प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन को हराया था। हालांकि 2019 के अगले चुनाव में सर्वेश सिंह सपा प्रत्याशी डॉ. हसन से हार गए। इस बार भी मुकाबला कांटे का था। चुनाव में टिकट मिलने से पहले 16 मार्च को बुद्धि विहार में भाजपा की ओर से आयोजित जनसभा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी संबोधित किया था। मंच पर उपस्थित कुंवर सर्वेश को मुख्यमंत्री ने बाघ कहकर संबोधित किया था। इससे ही उनको भाजपा का टिकट मिलने का संकेत मिल गया था और यह सच साबित हुआ और वह दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात के अगले दिन बड़े काफिले के साथ मुरादाबाद आए और उसी दिन देर शाम को पार्टी ने मुरादाबाद से उन्हें लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाने की घोषणा जारी सूची में कर दी। उनके नामांकन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष भी उपस्थित थे। लेकिन गंभीर बीमारी से जूझ रहे कुंवर सर्वेश के रूप में मुरादाबाद की राजनीति का बाघ शनिवार को हमेशा के लिए शांत हो गया।



2009 लोकसभा चुनाव में प्रचार करने आए नरेंद्र मोदी के साथ मंच पर कुंवर सर्वेश सिंह।



बुद्धि विहार में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मंच पर कुंवर सर्वेश सिंह। ● अमृत विचार

### 2009 के चुनाव में मोदी ने की थी सभा

भाजपा नेता कुंवर सर्वेश जब 2009 में लोकसभा का चुनाव लड़ रहे थे तब उनकी जीत सुनिश्चित कराने के लिए गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री व वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित किया था। महानगर के रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर कुंवर सर्वेश को जिताने के लिए जनता से समर्थन मांगा था। वहीं इस चुनाव में केंद्रीय गृहमंत्री ने बुद्धि विहार में 12 अप्रैल को आयोजित जनसभा को संबोधित किया था।

### 1991 में पहली बार विधायक बने थे सर्वेश

कुंवर सर्वेश सिंह पांच बार विधायक रहे। वह 1991 में पहली बार ठाकुरद्वारा सीट से भाजपा के विधायक बने थे। इसके बाद हुए चुनावों में भी इन्हें सफलता मिली। पांच बार विधायक चुने गए। जबकि 2014 में सांसद बने।

### 72 साल के थे सर्वेश

72 साल के कुंवर सर्वेश ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन कलेक्ट्रेट में रिटर्निंग अधिकारी मानवेंद्र सिंह के समक्ष दाखिल किया था। वह 2014 में चुनाव जीतकर सांसद बने थे।

### प्रक्रिया रहेगी अप्रभावित, भाजपा प्रत्याशी के जीतने पर होगा चुनावः जिला निर्वाचन अधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के मतदान के अगले दिन निधन से चुनाव की प्रक्रिया पर क्या प्रभाव पड़ेगा इसको लेकर चर्चा होने लगी। इस बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी। भाजपा प्रत्याशी के निधन से चुनावी प्रक्रिया की स्थिति के बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि निधन की सूचना मिली है। लेकिन इससे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। क्योंकि मतदान हो चुका है। मतगणना 4 जून को होगी। हां यदि मतगणना में भाजपा प्रत्याशी जीतते हैं तो फिर नये सिरे से चुनाव कराना पड़ेगा। यदि किसी अन्य दल के प्रत्याशी की जीत होती है तो फिर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

### बेटा विधायक तो पत्नी साधना निर्दलीय प्रत्याशी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का परिवार राजनीति में समर्पित है। उनकी पत्नी साधना सिंह भी इस चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। उनका पर्चा जांच में सही पाया गया था और वह प्रत्याशी बनी रहीं। हालांकि वह चुनाव के दौरान कहीं भी अपने लिए वोट मांगती नहीं नजर आईं। उनके बेटे सुशांत सिंह बढ़ापुर से भाजपा के विधायक हैं। वह पिता की बीमारी के चलते साये के रूप में उनके साथ रहे। तो मंच भी संभाला और जनसंपर्क कर लोगों से पिता की जीत के लिए आशीर्वाद और समर्थन मांगा। छजलैट के भीकनपुर में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित जनसभा को रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने संबोधित किया था। बीमारी के चलते भाजपा प्रत्याशी इसमें नहीं आए तो उनके बेटे सुशांत सिंह ने जनसभा को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। मंच से उन्होंने पिता की जीत के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा तो जनसंपर्कों में भी वह गांव की गलियों में घूमे। सर्वेश सिंह के पिता भी चार बार विधायक और एक बार अमरोहा से सांसद रहे।

# सर्वेश सिंह के निधन पर शोक संवेदनाओं का लगा तांता, सभी ने दुख जताया



**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** भाजपा नेता व लोकसभा में पार्टी के प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के निधन पर भाजपा के अलावा दूसरे दलों व संगठनों के लोगों ने भी शोक जताया। उनके निधन की सूचना मिलते ही सभी शोकाकुल हो गए।

नगर विधायक रितेश कुमार गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल ने निधन पर गहरा दुख जताया। महापौर ने कहा कि सर्वेश सिंह उनके संरक्षक थे। उनके निधन से अत्यंत मर्माहत हूं। नगर विधायक ने कहा कि इससे पार्टी और व्यक्तिगत स्तर पर गहरा धक्का लगा। विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने निधन पर शोक जताया। कहा कि वह पार्टी के वटवृक्ष थे। पांच बार विधायक व एक बार सांसद बनकर साबित कर दिया था कि जनता का उनसे गहरा स्नेह है। उनके निधन से पार्टी की अपूरणीय क्षति हुई है।

भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने निधन पर शोक जताया। कहा पार्टी ने मजबूत नेता खो दिया। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, महानगर मीडिया प्रभारी राहुल सेठी, भाजपा नेता भूदेव सिंह चौहान, पूर्व पार्षद पुष्पा चौहान, भाजपा के पार्षद व नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव, पार्टी के नेता व एडवोकेट प्रदीप सक्सेना ने निधन पर दुख जताया।

वहीं दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के पूर्व वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्र गुप्ता, अल्फाज अपने फाउंडेशन की संस्थापिका अभिव्यक्ति सिन्हा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने भी भाजपा नेता के निधन पर शोक जताया।

### कुंवर सर्वेश सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक

**कांठ, अमृत विचार :** मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार कुंवर सर्वेश का गंभीर बीमारी से निधन हो गया। इससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

ज्ञात हो कि मुरादाबाद सीट के लिए 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। मतदान के उपरांत भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह को तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार शाम उनकी मृत्यु हो गई है। उनकी मृत्यु का समाचार आते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। बता दें कांठ क्षेत्र से कुंवर सर्वेश सिंह का पुराना लगाव रहा है। उनके निधन की सूचना पर भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, भाजपा नेता अभय कुमार विश्नोई, सचिन उर्फ बंटी चौहान, भूपेंद्र सिंह उर्फ टिल्लू चौहान, सुरेंद्र चौहान, रितेश शर्मा, भाजपा नेत्री मधु चौहान, धर्मपाल सिंह विश्नोई, अशोक विश्नोई, हुकुम सिंह, हेमपाल प्रधान पाइंदापुर, भावेश शर्मा आदि ने शोक प्रकट किया।

# देश की आजादी के बाद पहली बार भाजपा से सांसद बने सर्वेश सिंह

**सलमान खान, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मतदान के अगले दिन भाजपा प्रत्याशी और पूर्व सांसद सर्वेश सिंह के निधन से पूरे राजनीतिक जगत में दुख की लहर दौड़ पड़ी। राजनीतिक से लेकर आम आदमी तक दुखी हो गया। बता दे कि देश की आजादी के बाद सर्वेश सिंह ही ऐसे सांसद थे जो पहली बार मुरादाबाद लोकसभा से भाजपा के सांसद रहे थे।

साल 1952 में 23 दिसंबर को सर्वेश सिंह का जन्म ठाकुरद्वारा से चार बार विधायक और अमरोहा से एक बार सांसद रहे राजा रामपाल सिंह के घर हुआ था। उन्होंने 26 मई, 1983 को कूकरा स्टेट की कुंवरानी साधना सिंह से शादी की थी उनकी एक बेटी और एक बेटा है। सर्वेश सिंह सौपारी स्टेट के नाममात्र के महाराजा थे और उनके हल्दौर स्टेट और बिजनौर की रियासतों के साथ मजबूत संबंध हैं।

▸▸ **2009 से लगातार भाजपा बना रही थी लोकसभा प्रत्याशी**

सर्वेश सिंह 1991 में पहली बार भाजपा के टिकट पर ठाकुरद्वारा विधानसभा से विधायक बने। जिसके बाद वह 1993, 1996 और 2002 में भी विधायक बने रहे। इसके बाद वह 2012 में पांचवीं बार ठाकुरद्वारा से भाजपा विधायक बने। साल 2009 में भाजपा ने उन्हें मुरादाबाद लोकसभा से सांसद प्रत्याशी बनाया, लेकिन वह जीत नहीं पाए। उन्हें पूर्व क्रिकेटर व कांग्रेस प्रत्याशी अजहरउद्दीन ने हराया था। 2014 में भाजपा ने उन्हें एक बार फिर अपना प्रत्याशी बनाया और वह सपा के डॉ. एसटी हसन को हराकर सांसद बने। यह पहली बार था जब सर्वेश सिंह आजादी के बाद मुरादाबाद लोकसभा में भाजपा के पहले सांसद बने। इसके अलावा सर्वेश सिंह भाजपा के टिकट पर पांच बार विधानसभा चुनावों में इस निर्वाचन क्षेत्र से सबसे अधिक सेवा करने वाले एकमात्र ठाकुरद्वारा से विधायक भी थे। उन्होंने इस क्षेत्र में कई विकासात्मक योजनाएं शुरू कीं और किसानों, छोटे और बड़े व्यवसायों के लिए बेहतर ऋण सुविधा प्राप्त करने के लिए भी कड़ी मेहनत की थी। इसके लिए उन्होंने अपनी संभावित वित्तीय परियोजनाओं में विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय बैंकों को शामिल किया।

सांसद रहते हुए उन्होंने कई विकासात्मक परियोजनाओं और रचनात्मक गतिविधियों पर काम किया था। जिसमें स्कूलों/कॉलेजों की नींव रखना, नागरिक भवन, सड़कों का निर्माण और प्राथमिक स्वास्थ्य में योग्य डॉक्टरों का काम करना शामिल है। लेकिन 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में सर्वेश सिंह को सपा-बसपा गठबंधन प्रत्याशी डॉ. एसटी ने हरा दिया था। 2024 में भाजपा ने उन्हें फिर से अपना प्रत्याशी बनाया था।



ठाकुरद्वारा के गांव रतुपुरा में कुंवर सर्वेश सिंह के घर के बाहर लगा लोगों का तांता। ● अमृत विचार

# सर्वेश को विरासत में मिली थी राजनीति

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**

**अमृत विचारः** मुरादाबाद से भाजपा के उम्मीदवार कुंवर सर्वेश सिंह का शनिवार को निधन हो गया है। भारतीय जनता पार्टी से उन्हें लोकसभा 2024 के चुनाव में टिकट दिया था। बता दें कि मुरादाबाद में शुक्रवार को ही मतदान हुआ था। बता दें कि कुंवर सर्वेश सिंह का जन्म 23 दिसंबर 1952 को हुआ था। उनका पैतृक ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव रतुपुरा है। सर्वेश सिंह को राजनीति विरासत में मिली। उनके पिता राजा रामपाल सिंह ठाकुरद्वारा से चार बार विधायक रहे और एक बार अमरोहा से सांसद रहे। इसी विरासत को कुंवर सर्वेश सिंह ने आगे बढ़ाया। सर्वेश सिंह के बेटे सुशांत सिंह बिजनौर की बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

**रविवार को ठाकुरद्वारा रहेगा बंदः** भाजपा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान व अन्य व्यापारियों ने कुंवर सर्वेश सिंह के निधन पर दुख व्यक्त कर रविवार को ठाकुरद्वारा बंद रखने की घोषणा की है।

### सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने भी जताया दुख



**मुरादाबाद, अमृत विचारः** सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने कहा कि पूर्व सांसद व भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के निधन का दुखद समाचार सुनकर उन्हें गहरा धक्का लगा। शनिवार की देर शाम को भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के निधन का समाचार मिला। जिसने अचानक उन्हें झकझोर कर रख दिया। उनके सामने चुनावी मुकाबले में लड़ने वाले भाजपा प्रत्याशी के निधन का समाचार सुनकर विश्वास करना मुश्किल हो गया। उन्होंने स्वर्गीय कुंवर सर्वेश को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को अपने चरणों में जगह दे। साथ ही उनके परिवार को इस दुख को सहन करने के हिम्मत प्रदान करे।

# डेढ़ माह तक प्रत्याशियों को करना पड़ेगा इंतजार

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

● **मतदान निपटने के बाद तनाव रहित हुआ जनपद**

**अमृत विचारः** मतदान निपटने के बाद जनसामान्य ने राहत की सांस ली है। साथ ही जनपद भी तनाव रहित हुआ है। अब लोग स्वस्थ मन से अपने कार्य में लग गए हैं। हालांकि चुनाव वैसे भी बिना किसी शोरशराबे के बीता। लेकिन अब लोग विशेष प्रकार की शांति का अनुभव कर रहे हैं। लोगों का ध्यान अब चार जून को आने वाले परिणाम की ओर लगा हुआ है।

लेकिन डेढ़ माह के अंतराल के बाद ही मतपेटियां खुलेंगी। इसके पहले मंडी समिति में रखी हुई मतपेटियों की सुरक्षा पर भी चिंता बनी हुई है। हालांकि चुनाव आयोग ने इनकी तगड़ी सुरक्षा कर रखी है। चुनाव में अपने को टक्कर में मानने वाले प्रत्याशियों में ईवीएम को लेकर भारी चिंतन है। ईवीएम रखने के स्थान की ओर ध्यान ज्यादा है। इसकी निगरानी के लिए विभिन्न पार्टियों की ओर से लोग लगाए गए हैं। चुनाव आयोग की ओर से इनके लिए व्यवस्था की गई है। जहां पर रुककर पार्टियों के लोग ईवीएम को लेकर की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले सकते हैं। मंडी समिति में रखी गई मतपेटियां कई सुरक्षा घेरे में रखी गई हैं। जहां पर केंद्रीय सुरक्षाबल लगाए गए हैं। फिर भी लगभग डेढ़ माह के बाद ही मतपेटियों को चार जून को खोला जाएगा। इसके लिए सभी को इंतजार करना पड़ेगा। देश में सात चरणों में चुनाव हो रहे हैं। पहला चरण विगत 19 अप्रैल को पूरा हो चुका है। अब बाकी के छह चरणों के चुनावों की तैयारी चल रही है। मुरादाबाद में चुनाव संपन्न होने के बाद ईवीएम की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। इस समय जनपद में सबसे ज्यादा हाई सिक्योरिटी मंडी समिति में चल रही है। इसके लिए पहले से ही चुनाव आयोग ने व्यवस्था कर रखी है। इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से व्यवस्था की गई है।



मंडी समिति पर ईवीएम की सुरक्षा का जायजा लेते सी ओ अर्पित कपूर। ● अमृत विचार

**परेशानी** भतीजी-भतीजा के अपहरण के आरोप में पांच अप्रैल को लिखाई थी एफआईआर, 23 दिन से बच्चों का पता नहीं

# कोविड में माता-पिता को खोने वाले बच्चे घर छोड़ चले गए

**फॉलोअप**

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

● **28 मार्च की आधी रात को चाचा-चाची को बिना बताए घर से निकल गए थे दोनों बच्चे**

● **चाचा ने कुछ दिन तक बच्चों की तलाश करने के बाद पुलिस में दर्ज कराई थी रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** कोविड में माता-पिता को खोने वाले भाई-बहन अपने चाचा-चाची को बिना कुछ बताए 28 मार्च की आधी रात को घर से कहीं चले गए थे। इनके लापता होने के 23 दिन बीत गए हैं लेकिन, चाचा-चाची पता नहीं लगा पाए हैं और न ही पुलिस कुछ सुराग लगा पाई है। इन बच्चों के चाचा रवि पांडेय ने लापता होने के कुछ दिनों तक तलाश की लेकिन, जब कहीं कोई जानकारी नहीं मिली थी तो पुलिस की मदद लेने को उन्होंने 5 अप्रैल को सिविल लाइंस थाने में अपहरण के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी।

### भतीजी इंस्टाग्राम पर अपडेट कर रही फोटो, चाचा ने जताई चिंता

रवि पांडेय ने बताया कि उनके केवल एक ही बेटी है, जो 10 साल की है। इसके अलावा उनके भतीजी-भतीजा थे। ये दोनों मंडी बाग में स्कूल में पढ़ते थे लेकिन, ये लोग कोविड के बाद से स्कूल ही नहीं गए थे। इधर, चार-पांच महीने से ट्यूशन भी नहीं पढ़ने जा रहे थे। रवि ने बड़ी बात तो ये बताई कि उनके भतीजी-भतीजा साथ में ही मोबाइल ले गए हैं और भतीजी हर रोज मोबाइल पर इंस्टाग्राम पर अपना अपडेट फोटो भी डाल रही है। रवि जेल रोड पर बिंदल रेडीमेड के यहां जॉब करते हैं।

### पुलिस को रही चुनावी व्यस्तता, नहीं खोजे बच्चे

इस मामले में सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रकरण की विवेचना रामगंगा विहार पुलिस चौकी इंचार्ज राजविंदर कौर कर रही हैं। चुनाव की व्यस्तता में वह विवेचक से अपडेट नहीं ले पाए हैं। उधर, विवेचक/दरोगा राजविंदर कौर ने बताया कि बच्चों की तलाश में ज्यादा काम नहीं कर पाए हैं। वैसे बच्ची के पास मौजूद मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगा रखा है। अब मतदान हो गया है, थोड़ी राहत मिली है। अब इस मामले में काम करेंगे।

रवि एमडीए नवीन नगर में किराए से रहते हैं। बताया कि इन बच्चों की चिंता में वह काम पर भी नहीं जा पा रहे हैं। घर में सभी उदास रहते हैं। पुलिस ने भी कोई मदद नहीं की है। एफआईआर दर्ज कराने के बाद भी वह कई बार सिविल लाइंस थाने गए और रामगंगा पुलिस चौकी प्रभारी से भी मिले लेकिन, मदद नहीं मिली है। रवि पांडेय ने बताया कि बड़े भाई-भाभी का कोरोना काल में निधन हो गया था। उनके दो बच्चों का पालन-पोषण वही कर रहे थे। 28 मार्च की रात दो बजे के दौरान दोनों बच्चे अचानक गायब हो गए। बच्चे मोबाइल भी साथ ले गए हैं। रवि व उनकी पत्नी सिम्मी ने कहा कि दोनों बच्चों की काफी तलाश की लेकिन, वह खोजे नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि लापता हुए दोनों बच्चों में 15 साल की उनकी भतीजी और 12 वर्ष की आयु का भतीजा है। इनका ननिहाल मंडी चौक पर है, पर ननिहाल से बच्चों का कोई ताल्लुक नहीं है। रवि ने बताया, उनके बड़े भाई ने भाभी से लव-मैरिज की थी। भाई की ससुराल वालों ने अपनी बेटी को बेदखल कर दिया था। शादी के बाद से ससुराल से भाई का कोई नाता नहीं था। भाई-भाभी के निधन के बाद उनके दोनों बच्चे काफी समय तक बुआ के पास रहते थे। इधर, छह महीने से वह लोग उनके (रवि) पास आकर रहने लगे थे। रवि पांडेय ने बताया कि दिल्ली में जहां जो रिश्तेदार है, वहां भी जानकारी कर चुके हैं।

# साइकिल और कमल में खूब चली जीत-हार की जोर आजमाइश

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

● **कहीं नहीं दिखी हाथी की चाल, महानगर के अधिकांश बूथों पर रहा भाजपा-सपा में सीधा मुकाबला**

● **सपा प्रत्याशी ने प्रशासन पर सत्ता के एजेंट के रूप में काम करने का लगाया था आरोप**

**अमृत विचारः** मतदान के दिन महानगर में साइकिल व कमल में जीत हार की खूब आजमाइश चली। कहीं भी हाथी की चाल नहीं दिखी। इससे जीत हार का समीकरण उलझ गया है। महानगर के अधिकांश बूथों पर भाजपा व सपा में सीधा मुकाबला साफ नजर आया था। हालांकि कई जगह बूथ कैप्चरिंग के आरोप लगाकर सपा प्रत्याशी ने सत्ता के एजेंट के रूप में कार्य करने का आरोप मढ़कर प्रशासन की पारदर्शिता के दावे पर अंगुली उठाई।

शनिवार को महानगर के अधिकांश जगहों पर मतदान में किसका चला जोर को लेकर चर्चा रही। चाय पान की दुकानों से लेकर सरकारी कार्यालयों में यही चर्चा रही। कार्यालयों में अधिकांश अधिकारी कर्मचारी छुट्टी पर रहे। जिनकी मतदान में ड्यूटी लगी थी उन्हें आराम करने का अवसर मिला। जो आए वह भी चुनाव के चर्चे में लगे रहे। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान के बाद अब राजनीतिक चौपाल पर कहां किसका पलड़ा भारी रहा, किसका रहा हल्का को लेकर कयास लगते रहे। महानगर के अलावा देहात में पड़ने वाली विधानसभाओं ठाकुरद्वारा, बढ़ापुर, मुरादाबाद ग्रामीण में कहीं सपा, कहीं भाजपा तो कहीं बसपा का भी जोर रहा। लेकिन महानगर में भारतीय जनता पार्टी व समाजवादी पार्टी की सीधी टक्कर रही। ऐसे में एकतरफा जीत का दावा किसी पार्टी का नहीं चल रहा है। मतदाता भी अब ऊहापोह में हैं कि वोट तो दिया लेकिन जीतेगा कौन इसका पता नहीं यह कहकर असमंजस जता रहे हैं। हालांकि अधिकांश जगह साइकिल व कमल में खूब आजमाइश रही। वहीं बहुजन समाज पार्टी का कहीं भी जोर नहीं दिखाई दिया।

## एक नजर

### महानगर में मिठाई की दुकानों पर रही रौनक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड का रिजल्ट घोषित होने के बाद मिठाई की दुकानों पर रौनक देखने को मिली। परीक्षार्थी व अभिभावकों ने खूब मिठाई की खरीदारी की। परीक्षार्थियों ने स्कूल में जाकर अपने अध्यापकों को मिठाई खिलाकर उनका अभिवादन किया और उनका आशीर्वाद लिया। अभिभावकों ने भी मेधावी बच्चों को मिठाई खिलाई। साथ ही आस-पड़ोस में मिठाई बांटकर बच्चों की कामयाबी का जश्न मनाया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी रहा उत्साह, मनाया जश्न

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने का जितना उत्साह महानगर में देखने को मिला। उतना ही ग्रामीण क्षेत्रों में रहा। मोहम्मदपुर ध्यान सिंह, महलकपुर, जेबड़ी, जेबड़ा समेत अन्य गावों में लोगों ने अपने बच्चों की कामयाबी का जश्न मनाया और उन्हें मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### परिणाम आते ही गुरुजनों से प्राप्त किया आशीर्वाद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा कक्षा 10 और 12 का परिणाम घोषित किया गया। दोपहर बाद जैसे ही परीक्षा परिणाम आया तो परीक्षार्थियों ने विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों और प्रधानाचार्यों के साथ खुशी जाहिर की। सभी छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया तो वहीं शिक्षकों ने सभी को आशीष देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। कहा जाता है कि गुरु-शिष्य की जोड़ी दुनिया में सबसे अलग है। यह नजारा देखने को बनता था जब शिष्य की सफलता को देखकर शिक्षक की आंखों खुशी के आंसू निकल रहे थे, मानो जैसे परीक्षा बच्चों की नहीं खुद गुरु ने ही दी हो। ऐसा ही नजारा शनिवार को भी देखने को मिला। यूपी बोर्ड का रिजल्ट घोषित होते ही परीक्षार्थी अपने-अपने अभिभावकों के साथ विद्यालयों में पहुंचे। विद्यालय पहुंचकर परीक्षार्थियों ने शिक्षकों को नमन करते हुए उनका मुंह मीठा कराया। वहीं शिक्षकों ने भी परीक्षार्थियों को गले लगा लिया और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने का आशीष दिया। इस दौरान शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को एक ओर जहां उनके उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया वहीं अन्य छात्र-छात्राओं को भी उनसे प्रेरणा लेकर मन लगाकर पढ़ाई करने का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों से लक्ष्य निर्धारित कर एकाग्र मन से पढ़ाई करने का कहा।



गुलाबबाड़ी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में टॉपर्स को गोद में उठाकर खुशी मनाते शिक्षक व छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



किसरौल में एसवीएम इंटर कॉलेज में कुछ इस तरह खुशी मनाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में बेटियों ने लहराया परचम

## 10वीं में अंशी यादव और अभिषेक 97.33 प्रतिशत, जबकि 12वीं में शुलेहा परवीन 96.60 प्रतिशत अंक के साथ बनीं जिला टॉपर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से शनिवार को 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। इसमें सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, गुलाबबाड़ी की 10वीं की छात्रा अंशी यादव ने 97.33 प्रतिशत और केशर जहां कुयामुद्दीन इंटर कॉलेज, कांठ के अभिषेक 97.33 अंक के साथ जिला में टॉप किया। जबकि प्रदेश में 7वां स्थान हासिल किया। वहीं 12वीं में कांठ के एमडी इंटर कॉलेज पट्टी मुड़ा की शुलेहा परवीन ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला में टॉप किया। जबकि प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया।

जनपद में 110 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन हुआ था। इसमें हाईस्कूल में 42,775 और इंटर में 38,918 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण रहा। इसमें जनपद में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, गुलाबबाड़ी के छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन अच्छा रहा। हाईस्कूल में स्कूल की दिपांशी ने 97.17 प्रतिशत और तनिष्का गुप्ता ने भी 97.17 प्रतिशक अंक हासिल कर जनपद में दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि प्रदेश में 8वां स्थान पाया। वहीं इसी स्कूल के ही नैतिक सिंह और पूजा ने 97 प्रतिशक अंक के साथ जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रदेश में 9 वां स्थान हासिल किया। वहीं इंटरमीडिएट में एमडी इंटर कॉलेज पट्टी मुड़ा के माधव सिंह, उन्नति चौहान, स्वरूपी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज के कार्तिक गुप्ता, तुषारबन गोस्वामी और पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मुड़ा के अनुज ने 96.20 प्रतिशक अंक के साथ जिला में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रदेश में 9 वें स्थान पर रहे। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गुलाबबाड़ी के मंयक शर्मा, एमडी इंटर कॉलेज पट्टी मुडा की अनम जहां, इकरा और केशर जहां इंटर कॉलेज कांठ के विशाल कुमार ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जनपद में तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि इनका प्रदेश में 10वां स्थान रहा।



सहपाठी को गोद में उठाकर कुछ इस तरह खुशी मनातीं साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं। ● अमृत विचार

### वित्त विहीन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन, एक अंक से टॉप टेन से पिछड़ी परी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा खुशी सैनी ने 600 में से 548 अंक लाकर 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और कॉलेज टॉप किया। कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा परी शर्मा ने 500 में से 470 अंक लाकर 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और कॉलेज टॉपर बनी। एक अंक कम आने से परी शर्मा इंटर जिला टॉप 10 की सूची में स्थान बनाने से चूक गई। साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या अर्चना साहू ने बताया कि हाईस्कूल में हिंदी, अंग्रेजी गणित विज्ञान में उच्चतम अंक 97 हैं, वहीं कला में 90, वाणिज्य में 89, सामाजिक विज्ञान में 95, गृह विज्ञान में 75 उच्चतम अंक हैं। प्रधानाचार्या ने आगे बताया कि अंग्रेजी विषय में 144 डिक्टेशन, हिंदी में 127, कला में 104, सामाजिक विज्ञान में 61, विज्ञान में 54 और गणित में 41 डिक्टेशन हैं। कॉलेज में कक्षा 12 में अंग्रेजी व रसायन विज्ञान में 12-12 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

### परीक्षा परिणाम देखकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे, जमकर मनाया जश्न

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** छात्र-छात्राओं के जीवन में बोर्ड परीक्षाओं का अधिक महत्व होता है। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद छात्र-छात्राओं में रिजल्ट को लेकर काफी उत्सुकता थी। शनिवार को जैसे ही उन्हें अपनी मेहनत के परिणाम मिले। इस बार हाईस्कूल में 91.99 और इंटरमीडिएट में 86.81 छात्र-छात्राएं अपनी बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए। शनिवार का दिन बोर्ड परीक्षाएं देने वाले विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा। महानगर के स्कूलों में दोपहर से ही बच्चे पहुंचने शुरू हो गए। सरस्वती विद्या मंदिर गुलाबबाड़ी में खासा उत्साह देखने को मिला। अन्य स्कूलों में भी बच्चे परीक्षा परिणाम देखने को लिए बेताब थे। जैसे ही रिजल्ट आया, तो परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले परीक्षार्थी खुशी से झूम उठे। परिजनों व प्रधानाचार्य ने भी मेधावियों का मुंह मीठा कराकर उनके उज्जलव भविष्य की कामना की। हाईस्कूल में 36,571 और इंटर में 31,823 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

### हाईस्कूल में टूटा बीते आठ साल का रिकार्ड

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को घोषित हुए यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम से हाईस्कूल के छात्रों की कामयाबी का नया रिकॉर्ड सामने आया। इस बार जिले में हाईस्कूल की परीक्षा 91.99 फीसदी छात्रों ने पास की। हाईस्कूल परीक्षा में सफल हुए छात्रों की यह संख्या पिछले आठ सालों में सबसे ज्यादा है। मुरादाबाद में इस साल यूपी बोर्ड के अंतर्गत हाईस्कूल परीक्षा देने के लिए 42,775 छात्रों ने अपना पंजीकरण कराया था। इनमें से 39,756 छात्र परीक्षा में उपस्थित हुए। जिनमें से 36,571 छात्र उत्तीर्ण हुए। पिछले वर्ष यानि 2023 में हाईस्कूल की परीक्षा में 91.96 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए थे।

**हाईस्कूल में वर्षवार सफल हुए परीक्षार्थी**

| | |
|---|---|
| 2017 | 79.78 फीसदी |
| 2018 | 84.24 फीसदी |
| 2019 | 85.82 फीसदी |
| 2020 | 89.78 फीसदी |
| 2021 | कोविड |
| 2022 | 89.55 फीसदी |
| 2023 | 91.96 फीसदी |
| 2024 | 91.99 फीसदी |

### जनपद में 10वीं के टॉपर



1 प्रतिशत- 97.33
नाम- अंशी यादव
स्कूल का नाम- सरस्वती विद्या मंदिर गुलाबबाड़ी



1 प्रतिशत- 97.33
नाम- अभिषेक
स्कूल का नाम- केशर जहां कुयामुद्दीन इंटर कॉलेज, कांठ



2 प्रतिशत- 97.17
नाम- दिपांशी
स्कूल का नाम- सरस्वती विद्या मंदिर गुलाबबाड़ी



2 प्रतिशत- 97.17
नाम- तनिष्का गुप्ता
स्कूल का नाम- सरस्वती विद्या मंदिर गुलाबबाड़ी



3 प्रतिशत- 97.00
नाम- नैतिक सिंह
स्कूल का नाम- सरस्वती विद्या मंदिर गुलाबबाड़ी



3 प्रतिशत- 97.00
नाम- पूजा
स्कूल का नाम- सरस्वती विद्या मंदिर गुलाबबाड़ी

### जनपद में 12वीं के टॉपर



1 प्रतिशत- 96.60
नाम- शुलेहा परवीन
स्कूल का नाम- एमडी इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ



2 प्रतिशत- 96.20
नाम- माधव सिंह
स्कूल का नाम- एमडी इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ



2 प्रतिशत- 96.20
नाम- उन्नति चौहान
स्कूल का नाम- एमडी इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ



2 प्रतिशत- 96.20
नाम- कार्तिक गुप्ता
स्कूल का नाम- स्वरूपी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज



2 प्रतिशत- 96.20
नाम- तुषारबन
स्कूल का नाम- स्वरूपी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज



2 प्रतिशत- 96.20
नाम- अनुज कुमार
स्कूल का नाम- पब्लिक इंटर कॉलेज कांठ



3 प्रतिशत- 96.00
नाम- मयंक शर्मा
स्कूल का नाम- सरस्वती विद्या मंदिर गुलाबबाड़ी



3 प्रतिशत- 96.00
नाम- अनम जहां
स्कूल का नाम- एमडी इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ



3 प्रतिशत- 96.00
नाम- इकरा
स्कूल का नाम- एमडी इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ



3 प्रतिशत- 96.00
नाम- विशाल कुमार
स्कूल का नाम- केशर जहां कुयामुद्दीन इंटर कॉलेज, कांठ



लाइनपार स्थित एसडीएम इंटर कॉलेज में परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद सेल्फी लेते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### टॉपर देने के लिए मशहूर हो चुका है एसवीएम

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर का एक ऐसा विद्यालय है जो टॉपर देने के लिए मशहूर चुका है। पिछले तीन-चार सालों में यहां के 33 बच्चों ने प्रदेश की सूची के अलावा मंडल व जिला स्तर पर टॉप कर इस स्कूल के नाम को रोशन कर दिया है।

गुलाबबाड़ी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छवि ही टॉपर बच्चे देने की बन गई हैं। पिछले तीन-चार सालों में यहां के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा जनपद से लेकर प्रदेश स्तर तक मनवाया है। वर्ष 2022 और 2023 में प्रदेश की मेरिट में टॉपर देने वाले इस विद्यालय ने इस बार भी प्रदेश की मेरिट में छह बच्चे दिए। इस स्कूल में बच्चों को सुबह-शाम दो घंटे एक्स्ट्रा क्लास देकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराई जा रही थी।

# जिले के सात विद्यालयों के 55 होनहार बने टॉपर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हाईस्कूल के 23 और इंटर के 22 होनहार छात्र टॉप टेन लिस्ट में

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम शनिवार को घोषित होने के बाद जनपद के सात विद्यालयों के 55 होनहारों ने जिले का नाम रोशन किया। जनपद में मेधावियों की टॉप-10 सूची में इन मेधावियों ने अपना कब्जा जमाया। हाईस्कूल के 23 और इंटर के 22 होनहार छात्र जिले की टॉप टेन लिस्ट में चमके।

जिले की टॉप 10 सूची में जगह बनाने वाले मेधावी छात्रों की बदौलत कांठ स्थित एमडी इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा और मुरादाबाद में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गुलाबबाड़ी का दबदबा रहा। हाईस्कूल की परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गुलाबबाड़ी के 10 मेधावी बच्चे चमके। कांठ के एमडी इंटर कॉलेज, पट्टी मौढ़ा के छह होनहारों का नाम जिले की टॉप टेन सूची में आया। बिलारी स्थित डॉ. डीपीएस विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के दो, कांठ स्थित केसर जहां कयूमउद्दीन इंटर कॉलेज के भी दो छात्रों ने जिले में मेधावियों की टॉप टेन सूची में जगह बनाई। मुरादाबाद महानगर स्थित स्वरूपी देवी इंटर कॉलेज, कांठ स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टीमौढ़ा, डिलारी स्थित एमएलए एकेडमी सीनियर सेकेंड्री स्कूल अलियाबाद करनपुर का एक-एक मेधावी जनपद की टॉप सूची में छाया रहा।

### अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन का जताया आभार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जितनी खुशी अच्छे अंक पाने की बच्चों में देखने को मिली। उससे कहीं ज्यादा उनके अभिभावक उत्साहित दिखे। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अभिभावकों ने प्रबंधन का आभार जताया।

**उत्साह** जिला टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं से अमृत विचार की टीम ने की बातचीत, छात्र-छात्राओं ने साझा किए भविष्य के सपने

# टॉपरों में कोई बनना चाहता है आईपीएस, आईएएस तो कोई इंजीनियर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शनिवार को यूपी बोर्ड का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें जनपद के अलग-अलग विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अच्छा परिणाम देकर मंडल के साथ-साथ प्रदेश की सूची में भी अपनी जगह बनाई।

जिला टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं से अमृत विचार की टीम ने बातचीत की तो उनमें से किसी ने बताया कि वह आईपीएस व आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहता है और किसी ने कहा कि वह इंजीनियर बनना चाहता है। किसी टॉपर ने कहा कि वह शिक्षक बनना चाहता है। सभी छात्रों ने अपने लक्ष्य स्पष्ट कर सफलता हाासिल करने की बात कही।

### आईपीएस बनकर करूंगी देश की सेवा

मैं अपनी कामयाबी का श्रेय अपनी शिक्षकों के साथ-साथ माता-पिता को देती हूं। मेरे पिता शिक्षक है, उन्होंने मेरी काफी सहायता की है। मैं आगे आईपीएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हूं। -दिपांशी, टॉपर हाईस्कूल

### आईएएस बनना ही मेरा लक्ष्य

इंटर की परीक्षा में प्रदेश में मुझे 10वां और जनपद में तीसरा स्थान मिला है। इसके लिए मेरे परिजन व शिक्षकों ने मुझे हमेशा सहयोग दिया। आगे मैं अपनी पढ़ाई और ज्यादा बेहतर करूंगा और आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना मेरा लक्ष्य है। - मयंक शर्मा, इंटर टॉपर

### चिकित्सक बनना चाहती हैं अनंशी यादव

हाईस्कूल में मेरा प्रदेश में सातवां और मंडल में प्रथम स्थान आया है। मैं विद्यालय के अलावा घर पर प्रतिदिन तीन से चार घंटे पढ़ती हूं। जिसके लिए परिजन व शिक्षकों ने मेरा पूरा सहयोग किया। भविष्य में मैं चिकित्सक बनना चाहती हूं। -अनंशी यादव, हाईस्कूल व मंडल टॉपर

### यूपीएससी परीक्षा देना है लक्ष्य

विद्यालय में हमेशा से शिक्षकों का सहयोग रहा। जि मैं घर पर प्रतिदिन पढ़ाई के लिए अलग से समय निकालती हूं। हाईस्कूल में जिले में चौथा स्थान आया है। मेरा लक्ष्य यूपीएससी परीक्षा देना है। -गुनगुन चौहान, हाईस्कूल टॉपर

### आगे पढ़ाई कर बनूंगा इंजीनियर

हाईस्कूल परीक्षा परीणाम में मेरा जनपद में 9वां स्थान आया है। इसके लिए मैं अपने पिता और शिक्षकों का धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने हमेशा से मेरा सहयोग किया। परीक्षा के दौरान पिता व शिक्षकों ने काफी सहयोग किया। मैं इंजीनियर बनना चाहता हूं। --कृष यादव, हाईस्कूल टॉपर

### एयरफोर्स में देना चाहता हूं सेवाएं

मेरी पढ़ाई में शिक्षक और परिजन सहयोग करते हैं। जिससे हाईस्कूल की परीक्षा परिणाम में मेरा प्रदेश में 9वां स्थान और जिले में तीसरा स्थान आया हैं। मैं एयरफोर्स में सेवाएं देना चाहूंगा। -नैतिक सिंह, हाईस्कूल टॉपर

### तीन से चार घंटे घर पर भी पढ़ाई जरूरी

हाईस्कूल के परिणाम में प्रदेश में आठवां और जिले में तीसरा स्थान आया है। मैं विद्यालय के बाद हमेशा अपने परिजनों के सहयोग ने घर पर भी तीन से चार घंटे पढ़ाई करती थी। मैं आगे चलकर यूपीएससी की परीक्षा देकर आईपीएस बनना चाहती हूं। -तनिष्का गुप्ता, हाईस्कूल टॉपर

### इंटर में और बेहतर परिणाम की कोशिश

हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में मेरा जनपद में पांचवां स्थान आया है। जिसके लिए मैंने काफी मेहनत की थी। अब मेरी कोशिश रहेगी कि इंटर की परीक्षा में मेरा परिणाम इससे और बेहतर रहे। - अनुशा गुप्ता, हाईस्कूल टॉपर

### प्रतिदिन घर पर मन लगाकर करती हूं पढ़ाई

मैं प्रतिदिन घर पर मन लगाकर पढ़ाई करती थी। जिससे मुझे हाईस्कूल में प्रदेश में 9वां व जनपद में तीसरा स्थान हासिल हुआ है। मैं आगे पढ़कर अपने परिजनों व शिक्षकों के सहयोग से आईपीएस बनूंगी, ऐसा मेरा सपना है। -पूजा, हाईस्कूल टॉपर

### शिक्षकों और परिजनों का आभारी

इंटर परीक्षा परिणाम में जनपद में मुझे सातवां स्थान मिला है। जिसके लिए मैं अपने परिजनों और शिक्षकों का आभारी हूं। अब में आगे यूपीएससी की परीक्षा देना चाहता हूं, जिसके लिए और मेहनत करूंगा। -नमन कुमार, इंटर टॉपर

# टॉपरों ने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पाई सफलता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अन्य छात्रों को भी सोशल मीडिया का सदुपयोग करने की दी सलाह

**अमृत विचार :** हाईस्कूल व इंटर में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए मौजूदा समय का दौर और सोशल मीडिया से दूरी बड़ी अजीब बात है। लेकिन सफलता हासिल करने वाले टॉपरों ने ऐसा कर दिखाया है। उनका कहना है कि मोबाइल और सोशल मीडिया पर एक्टिव होकर वे अपनी पढ़ाई के साथ मजाक नहीं करना चाहते। हां, कुछ नोट्स के लिए कभी मोबाइल का इस्तेमाल जरूर कर लेते हैं।

शनिवार को आए यूपी बोर्ड परीक्षा परीक्षा के परिणाम में सफलता हासिल करने के लिए टॉपरों ने अमृत विचार की टीम से बातचीत में बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर ही बेहतर अंक हासिल किए। रील्स में समय न जाया करके सारा समय किताबों को दिया। 10वीं और 12वीं में टॉप करने वाले जनपद के बच्चों ने बताया कि वह सोशल मीडिया का उपयोग करते ही नहीं। यहां तक कि उनकी किसी एप्लीकेशन पर आईडी भी नहीं है। इसमें में से कुछ बच्चे तो ऐसे हैं जिनका कहना था कि वह मोबाइल का उपयोग नहीं करते, लेकिन कुछ विषय में अधिक जानकारी हासिल करने के लिए गूगल का प्रयोग जरूर कर लेते थे, लेकिन जरूरत से ज्यादा मोबाइल का इस्तेमाल नहीं किया। सभी टॉपरों का कहना है कि जितना समय आप सोशल मीडिया में करते हैं, उतना समय किताबों में लगाए तो सफलता जरूर मिलेगी।

## एक नजर

### चुनाव प्रशिक्षण में अब तक 130 कर्मचारी अनुपस्थित

**अमरोहा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगाए गए पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी को 16 अप्रैल से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चार दिन के प्रशिक्षण में 130 कर्मचारी अनुपस्थित रहे हैं। इन सभी पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। पीडी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार को भी प्रशिक्षण के दौरान कई कर्मचारी अनुपस्थित रहे हैं। उन्होंने बताया कि 4 दिन के प्रशिक्षण में 130 कर्मचारी अनुपस्थित रहे हैं। इन सभी को नोटिस जारी किया गया है और 21 अप्रैल तक प्रशिक्षण में पहुंचने की चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि नोटिस का जवाब न देने और रविवार को प्रशिक्षण के अंतिम दिन नहीं पहुंचने पर कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों का वेतन भी रोक दिया जाएगा। अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारी की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी को दे दी गई है।

### मिनी स्टेडियम में हुई जनसभा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

# लोकतंत्र को खत्म कर देंगे भाजपा और आरएसएस के लोग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


जनसभा के मंच पर हाथ उठाकर समर्थन की अपील करते कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, प्रत्याशी दानिश अली, विधायक महबूब अली व अन्य।

**अमृत विचार :** शहर के मिनी स्टेडियम में शनिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादन ने सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी सांसद दानिश अली के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। यहां राहुल गांधी ने कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा कर रहा है। भाजपा व आरएसएस के लोग लोकतंत्र को खत्म करने में लगे हुए हैं। आपने सुना होगा, भाजपा नेताओं ने कहा कि हम चुनाव जीत गए तो संविधान बदल देंगे।

उन्होंने कहा कि आपने अडानी नाम सुना होगा। देश के सभी एयरपोर्ट, पोर्ट, बिजली, डिफेंस प्रधानमंत्री ने उन्हें दे दिया। प्रधानमंत्री ने अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। उन्होंने जितना पैसा अरबपतियों को दिया, इंडी गठबंधन की सरकार उतना गरीबों को देगी। राहुल गांधी ने लोगों से पूछा कि मनरेगा का कितना पैसा है। इस पर एक व्यक्ति ने जवाब दिया कि 200 रुपये। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव के बाद 400 रुपये देंगे। आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जो मिलता है उसे भी दोगुना कर देंगे। किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा। मनरेगा की मजदूरी बढ़कर 400 रुपये की जाएगी।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दोगुनी मानदेय मिलेगा। महालक्ष्मी योजना लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि मीडियाकर्मी किसान और मजदूर की बात कभी नहीं करते हैं। यहां देश में दलित, पिछड़ा, आदिवासियों की संख्या के बारे में कोई नहीं जानता है। सबसे ज्यादा हैं। लेकिन बता नहीं पाएंगे कितने हैं। हिंदुस्तान की सरकार यह आंकड़ा जनता को नहीं बताना चाहती है। उन्होंने कहा कि मैं आपको तीन-चार चीजें बताता हूं। अगर अमीरों का कर्जा माफ होगा तो किसानों का भी होगा। उनका पैसा उनको मिलेगा तो गरीबों को भी मिलेगा। प्रधानमंत्री ने झूठ बोला कि दो करोड़ रोजगार देंगे। 15 लाख रुपये हर व्यक्ति के खाते में डालने की बात कही थी। लेकिन भाजपा सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया।

### पहले दिन ही भाजपा का शो फ्लॉप रहा : अखिलेश

**अमरोहा, अमृत विचार :** जनसभा में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे, उनकी फिल्म चल नहीं रही है। पहले दिन ही भाजपा का शो फ्लॉप रहा है। उन्होंने बेरोजगारी, किसानों के मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश शनिवार शाम 4 .30 बजे अमरोहा के मिनी स्टेडियम पहुंचे। दोनों को एक साथ मंच पर देखकर लोग उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा कि जो कभी जुमले लेकर आए थे। कहा था कि किसानों की आय दोगुनी होगी। बताइए किस किसान की आय दोगुनी हुई है। जितनी भी सरकार में परीक्षाएं हुई हैं। सबमें पेपर लीक हो गए। 60 लाख बच्चों का भविष्य अंधेरे में डाल दिया। इस दौरान सदर विधायक व लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, विधायक कमाल अख्तर, विधायक समरपाल सिंह, विधायक अतुल प्रधान आदि मौजूद रहे।

# हाईस्कूल के परिणाम में प्रदेश में 10वें स्थान पर रहा जिला

## जिले में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 93.52 प्रतिशत, इंटरमीडिएट का 91.27 प्रतिशत रहा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षक परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का परिणाण शनिवार को घोषित हुआ। इसमें जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हाईस्कूल के परिणाम में जिले को प्रदेश में 10वें स्थान मिला।

जिले में हाईस्कूल में कुल 28449 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे। इसमें 27001 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 25252 छात्र छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की। इंटर में कुल 24961 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे। इसमें 23818 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 21739 छात्र छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की। जिले में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 93.52 प्रतिशत रहा, जबकि इंटर का रिजल्ट 91.27 प्रतिशत रहा। इसके बाद स्कूल संचालकों ने छात्र छात्राओं के अंक देखे। जिले के ज्यादातर बच्चे पास हो गए हैं। छात्र छात्राओं ने अपने मोबाइल और साइबर कैफे पर पहुंचकर परिणाम देखे। परिणाम देखकर छात्र छात्राएं संतुष्ट नजर आए। छात्र छात्राओं ने स्कूलों में पहुंचकर खुशी का इजहार किया। छात्र और छात्राएं खुशी से झूम उठे। जिले के कई स्कूलों के अध्यापक भी इस खुशी में शामिल हुए। जिले के इंटर कॉलेज का रिजल्ट 93. 52 अंक रहा। प्रदेश में जिले को 10वां स्थान मिला है।

**जिले के इंटरमीडिएट के 11 छात्र-छात्रओं को प्रदेश की सूची में मिला स्थान :** काजल सिंह 97.60 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, डाईडेरा स्थित भारत माता इंटर कॉलेज की छात्रा नूतन यादव 97 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थिन पर, मातेश्वरी कन्या विद्यापीठ इंटर कॉलेज चकारसी की छात्रा राधिका 97 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर और इसी कॉलेज की नूरफ्सा 96.60 प्रतिशत अंक व रिचा आर्य 96.60 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहीं। खण्डसाल कलां के राणा सिंह मैमोरियल सिख इण्टर कॉलेज के साथ दीपाशु सिंह 96.40 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहे। गुलडिया स्थित मार्डन गुरुकुल इंटर कॉलेज की कृतिका देवल 96.40 अंकों के साथ आठवें स्थान पर, लुहारी भूड के श्रीमती धनवती देवी इण्टर कॉलेज की लक्ष्मी 96.20 प्रतिशत अंक, रजोहा के रामफल सिंह इण्टर कॉलेज की रीतिका 96.20 प्रतिशत अंकों के साथ नौंवे स्थान पर रहीं। घनसूरपुर के कृष्णा सारस्वत बाल इण्टर कॉलेज की सुहैलिया 96 प्रतिशत अंक, धनसूरपुर माफी एसकेएम इण्टर कालेज के हिमांशु शर्मा 96 प्रतिशत अंकों के साथ 10वें स्थान पर रहे। इनके अलावा यश पब्लिक इंटर कॉलेज गजरौला की हंशिका अग्रवाल ने 95.80, यश पब्लिक इंटर कॉलेज गजरौला की इंदू ने 95.80, एसएस एकेडमी अतरासी रोड अमरोहा की आंचल ने 95.60, एसएस एकेडमी अतरासी रोड अमरोहा की मानसी चीमा ने 95.60, दूल्हाखान इंटर कॉलेज हटव्वा पट्टी की सानिया ने 95.40 , मातेश्वरी कन्या विद्यापीठ इंटर कॉलेज चकारसी ने रिया सिद्धू ने 95.40,जीपीएस एकेडमी इंटर कॉलेज भजनपुरी की यशिका शर्मा ने 95.20, ज्योति शिक्षा सदन इंटर कालेज अमरोहा की प्रशांत ने 95.20, श्री बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज रहरा की पूनम ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

**हाईस्कूल की दो छात्राओं ने भी सूची में दर्ज कराया नाम :** खण्डसाल कलां स्थित राणा सिंह मैमोरियल सिख इंटर कॉलेज की मन्तशा 97.17 प्रतिशत अंकों के साथ आठवें, मुउद्दीनपुर के तुषार पब्लिक इण्टर कॉलेज की छात्रा पलक 97 प्रतिशत अंक पाकर नौवें स्थान पर रहीं।

यश पब्लिक इंटर कॉलेज गजरौला की छात्रा काक्षी ने 96.67 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान, इसी कॉलेज की कल्पना सिद्धू ने 96.33 अंकों के साथ चौथा स्थान, केएसबी इंटर कॉलेज घनसूरपुर माफी हलपुरा की यशिका ने 96.17 अंकों के साथ पांचवां स्थान, कमलेश गिल इंटर कॉलेज भारापुर माफी गजरौला की भूमि शर्मा ने 95.83 प्रतिशत अंकों के साथ छठा,यश पब्लिक इंटर गजरौला की अदिति वर्मा ने 95.67 अंक, इसी कॉलेज की आयुषी ने 95.67, जीपीएस एकेडमी इंटर कॉलेज भजनपुरी की अक्षरा शर्मा ने 95.67, केएसबी इंटर कॉलेज घनसूरपुर माफी हलपुरा की वर्षा सागर ने 95.67 अंकों के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया है। आरएसएम सिख इंटर कॉलेज खंडसाल कला की पलक सिद्धू ने 95.50 अंकों के साथ आठवां स्थान, एएसएम बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज खाता की महक ने 95.17 प्रतिशत अंकों के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया है। यश पब्लिक इंटर कॉलेज गजरौला की पलक ने 95 अंकों के साथ 10वां स्थान प्राप्त किया है।


काजल को मिठाई खिलाते माता पिता। ● अमृत विचार

### इंजीनियर बनना चाहती हैं काजल

**गजरौला (अमरोहा), अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं स्थित रामसरन दास स्मारक इंटर कॉलेज की छात्रा काजल सिंह ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश में दूसरा और जनपद अमरोहा में पहला स्थान प्राप्त किया है। काजल की उपलब्धि से परिजनों और कॉलेज स्टाफ में खुशी है। उन्होंने मिठाई खिलाकर छात्रा को बधाई दी है। शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट घोषत हुआ। इसमें सलेमपुर गोसाईं स्थित रामसरन दास स्मारक इंटर कॉलेज की छात्रा काजल सिंह ने 500 में से 488 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही जनपद अमरोहा की टॉप टेन सूची में प्रथम स्थान पर रहीं। काजल सिंह अपने पिता राम बहादुर सिंह व माता अनीता सिंह के साथ स्कूल पहुंचीं तो प्रधनाचार्य धर्मपाल सिंह समेत स्टॉफ के सदस्यों ने मिठाई खिलाकर उसका उत्साहवर्धन किया। काजल ने बताया कि उन्होंने प्रतिदिन 10 घंटे से अधिक समय तक पढ़ाई की। उसके गणित में सबसे ज्यादा अंक आते हैं। इससे पहले हाईस्कूल में गणित में छात्रा ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। काजल ने 2022 में हाईस्कूल में जनपद में पांच स्थान प्राप्त किया था। 93 .5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। अब इंटरमीडिएट में भी 99 प्रतिशत अंक मिले हैं। काजल का सपना इंजीनियर बनना है।


छात्रों को आशीर्वाद देते एमएलसी डॉ . हरि सिंह ढिल्लो। ● अमृत विचार

### इन्टर के मेधावी छात्र-छात्राएं


काजल इंटर।


लक्ष्मी इंटर।


रितिका इंटर।


प्रशांत कुमार इंटर।


दीपांशु सिंह इंटर।


पूनम इंटर।


सुहालिया इंटर।

### हाईस्कूल के मेधावी छात्र-छात्राएं


पलक।


महक।


मंतशा।


पलक सिद्धू।


वर्षा सागर।


यशिका।


आयुषी।


पलक।


काक्षी।

# यश कॉलेज के छात्रों ने टॉप टेन में बनाया अपना स्थान

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** नगर के यश पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल में पांच छात्रों और इंटरमीडिएट में दो छात्र जनपद की टॉप टेन में अपना स्थान बनाने में सफल रहे हैं।

इंटरमीडिएट की परीक्षा में हंसिका अग्रवाल पुत्री ब्रजमोहन अग्रवाल निवासी मोहल्ला बैंक कॉलोनी ने जनपद में स्थान प्राप्त किया। हंसिका ने हाईस्कूल की परीक्षा में भी जनपद में छठा स्थान प्राप्त किया था। मोहल्ला सुल्ताननगर निवासी प्रेमशंकर की पुत्री इंदु ने जनपद में स्थान प्राप्त किया। इंदू ने भी हाईस्कूल परीक्षा में जनपद टॉप टेन में सातवां स्थान प्राप्त किया था। मोहल्ला सुल्ताननगर के रहने वाल प्रेमशंकर की बेटी काक्षी हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद में तीसरा स्थान, कल्पना सिद्धू पुत्री अजयपाल सिंह निवासी गांव नगलिया बहादुरपुर ने जनपद में चौथा स्थान, आयुषी पुत्री राजीव कुमार निवासी मोहल्ला शुक्लपुरी व अदिति वर्मा पुत्र ध्नीष वर्मा निवासी मोहल्ला टीचर्स कॉलोनी ने सातवां स्थान, पलक सिद्धू निवासी बलदाना हीरा सिंह ने जनपद में दसवां स्थान प्राप्त किया है।

## सार-संक्षेप


मतदाता जागरूकता रैली निकालते छात्र। ● अमृत विचार

### जागरूकता रैली से दिया शत प्रतिशत मतदान का संदेश

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** ब्लू बड्र्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। लोगों को मतदान का महत्व बताया। शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। नगर के ब्लू बड्र्स इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों व छात्र छात्राओं ने शहर के रामलीला मैदान से मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इसे मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह व स्कूल प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र रामलीला मैदान से शुरू होकर अहिल्या स्तंभ, कंचन बाजार, हरदेव बाजार, मुख्य बाजार, पुराना स्टेट बैंक चौराहा, तिकोनिया स्कूल, जामा मस्जिद, होली पार्क से होते हुए ब्रह्मानंद पेट्रोल पंप पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान छात्रों ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, अपनी ताकत को पहचान, चलो करें हमसब मतदान नारे लगाकर शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। इस दौरान प्रधानाचार्या अंजली दुबे, अजय कौशिक, प्रदीप पाल, सचिन धारीरवाल आदि मौजूद रहे।

### मानव श्रृंखला बनाकर मतदान की अपील की

**हसनपुर, अमृत विचार :** छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की। ढबारसी के विद्यालय वेदांता ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को मतदान के उपलक्ष में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को मतदान में भूमिका का निर्वहन करने का आग्रह किया। विद्यालय के गंगा कृष्णा कावेरी एवं यमुना सदनों के छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने के लिए अपील की। इस दौरान हुकम सिंह, अमित त्यागी, नरदेव, विक्रांत कुमार, रिचा, नीतू शर्मा, महेश त्यागी, विवेक त्यागी, प्रिया अग्रवाल व तनु आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकाली श्री बालाजी की प्रभातफेरी

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** श्री बालाजी भक्त मंडल की ओर से शनिवार को बालाजी धाम में श्री बालाजी जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत प्रभातफेरी से हुई। सुबह पांच बजे प्रभातफेरी कंचन बाजार स्थिति बालाजी धाम से प्रारंभ होकर हरदेव बाजार, अग्रसेन बाजार, गढ़ी मन्दिर, पुराना स्टेट बैंक, नुक्कड़ शिव मंदिर, महादेव होती हुई बालाजी धाम पर आकर समाप्त हुई। लोगों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर प्रभातफेरी का स्वागत किया। महिलाओं ने बालाजी महाराज का भजन कीर्तन किया। इस दौरान शिवकुमार, भोलेशाह, सुमित अग्रवाल, विनोद अरोड़ा, जीवन जैन, नवीन वर्मा,अरविंद अग्रवाल, संजय गर्ग, नरेंद्र अग्रवाल, बालकिशन, रेनू, सिंपल, नीति, पूनम, अनिता, ललिता आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।


भाकियू की पंचायत में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाकियू असली की पंचायत में उठा छुट्टा पशुओं का मुद्दा

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत में छुट्टा पशुओं का मुद्दा उठा। किसानों ने प्रशासन से मांग की कि इन छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाए। नगर के चेतन चौहान मार्ग स्थित मंदिर समिति के प्रांगण में शनिवार को भाकियू असली की मासिक पंचायत में जिला उपाध्यक्ष चौधरी चेतन सिंह ने कहा कि क्षेत्र में कुत्तों के हमलों की घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रशासन कुत्तों को पकड़वाने का प्रबंध कराएं। उन्होंने विद्युत विभाग की कार्य प्रणाली पर रोष व्यक्त किया। कहा कि विद्युत कर्मचारी बिल गलत निकल रहे हैं। उन्हें सही करने के नाम पर आर्थिक शोषण कर रहे हैं। पंचायत की अध्यक्षता थान सिंह ने की व संचालन गोवर्धन कश्यप ने किया। इस दौरान पूरन सिंह, चेतन सिंह, थान सिंह, मेवाराम, गोवर्धन, कैलाश आदि मौजूद हैं।

### पुलिस ने 262 वाहनों के किए चालान

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले भर में चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 262 वाहनों के चालान किए। शनिवार को ट्रैफिक इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले में आचार संहिता के बाद वाहनों की चेकिंग का अभियान शुरू कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि 24 घंटे में ट्रैफिक पुलिस में 262 वाहनों के चालान किए हैं।

### हादसे में चार शिक्षिकाएं घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** हापुड़ जनपद में नेशनल हाईवे पर हुए हादसे में गजरौला क्षेत्र की चार शिक्षिकाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चारों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के ओसीता जगदेपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में नियुक्त नीतू रानी व शालू पुष्कर, रखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय में नियुक्त शिक्षिका ममता त्यागी व शीतल गुप्ता ऑटो से शनिवार सुबह स्कूल आ रहीं थीं। हापुड़ जनपद में नेशनल हाईवे पर अचानक से सामने ई-रिक्शा आने से ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें सवार चारों शिक्षिकाएं घायल हो गईं। शिक्षिकाओं के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। सभी घायल शिक्षिकाओं को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### चार युवकों ने ई-रिक्शा की चाभी निकाली

**गजरौला, अमृत विचार :** सलेमपुर गोसांई मार्ग पर चार युवकों ने उनके ई-रिक्शा की चाभी निकालने लगे। बाबूराम व उसका भाई ओमप्रकाश शुक्रवार में साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाते हैं। शाम को ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। प्याऊ मंदिर के पास चार युवकों ने उनके ई-रिक्शा को रोककर चाभी निकाल ली।

# क्षेत्र की दो छात्राओं ने टॉप टेन में बनाई जगह

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में तहसील क्षेत्र की दो छात्राओं ने टॉप टेन सूची में स्थान बनाया है।

शनिवार दोपहर दो बजे से पहले ही क्षेत्र के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावक, स्कूल प्रशासन परिणाम का इंतजार करते रहे। दो बजे के बाद परिणाम घोषित हुआ तो क्षेत्र के दो विद्यालयों की छात्राओं का टॉप-10 सूची में नाम दर्ज मिला। इसमें इंटरमीडिएट में आरपीएस इंटर कॉलेज गांव रझौहा की छात्रा रितिका पुत्री राजाराम 481 अंकों के साथ नौवां व ग्राम लुहारी भूड़ स्टेट श्रीमती धनवती देवी इंटर कॉलेज की छात्रा लक्ष्मी पुत्री सुनील कुमार ने 481 अंक के साथ नौवां स्थान हासिल किया है। दोनों छात्रों ने जिले की मेरिट में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय परिवार द्वारा दोनों छात्राओं को फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनकी हौसला अफजाई जाएगी। रितिका का कहना है कि वह अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता व अध्यापकों को देती है और आईएएस बनना चाहती है।



रितिका को मिठाई खिलाते परिजन व अन्य।

### हाईस्कूल की मंतशा ने जिले में प्राप्त किया पहला स्थान

**अमरोहा, अमृत विचार :** राणा सिंह मैमोरियल इंटर कालेज खंडसाल कला के तीन छात्रों ने जनपद की टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त किया। इससे परिजनों और कॉलेज स्टाफ में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधक डॉ . हरि सिंह ढिल्लो ने तीनों को मिठाई खिलाई। उन्होंने कॉलेज स्टाफ और बच्चों को बधाई दी। मंतशा ने हाईस्कूल में जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया। दीपांशु सिंह ने इंटर में चौथा स्थान प्राप्त किया। पलक सिदू ने भी इंटर में आठवां स्थान प्राप्त किया है।

### नेशनल हाईवे पर लगा जाम, फंसे वाहन सवार

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर शनिवार शाम कई किलोमीटर भीषण जाम लग गया। इसमें सैकड़ों वाहन फंस गए। दरअसल सड़क के चौड़ीकरण का काम होने की वजह से जाम लगा रहा। जाम में फंसे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

नेशनल हाईवे पर बृजघाट के निकट सिक्सलेन का निर्माण हो रहा है। ऐसे में मोहम्मदाबाद के निकट आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। शनिवार की शाम भी सड़क के चौड़ीकरण का काम हो रहा था। अचानक से हाईवे पर वाहनों की संख्या बढ़ गई। जिससे भीषण जाम लग गया। हालात बेकाबू होने पर वाहन चालकों को जिधर जगह मिली उधर की तरफ ही अपने वाहन मोड़ दिए। जिससे भीषण जाम के हालात बन गए। वाहन चालकों ने निर्माणधीन ओवरब्रिज के नीचे से कच्चा रास्ता तलाशा तथा वहां से अपनी कार निकालने की कोशिश की।

**गेहूं खरीद** केंद्र प्रभारी बोले- मौसम खराब होने से फसल कटाई में हो रही देर, खरीदारी में तेजी की उम्मीद

# गेहूं क्रय केंद्रों पर सन्नाटा, नहीं आ रहे किसान

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोशिशों के बाद भी गेहूं खरीद केंद्रों पर अभी किसान नहीं आ रहे हैं। बाजार भाव सरकारी के करीब है। केंद्र प्रभारी किसानों से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने से पीछे हट रहे हैं। इस कारण अभी तक नगर के मंडी समिति स्थित केंद्रों पर 44 क्विवंट गेहूं की खरीद हुई है।

नगर में गेहूं खरीद के लिए मंडी समिति में चार क्रय केंद्र बनाए गए हैं। एक अप्रैल से खरीद शुरू हो गई थी और गेहूं की बहुत कम खरीद हुई है। इसके पीछे किसानों का क्रय केंद्र पर न आना एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। बाजार भाव ठीक होने से किसान क्रय केंद्रों की ओर कम रुख कर रहे हैं। मंडी समिति में शासन द्वारा आरएफसी के दो, एफसीआई का एक , पीसीएफ का गेहूं क्रय केंद्र खोला गया हैं। चारों सेंटरों पर 28000 क्विंटल गेहूं खरीद का निर्धारण किया गया है। गेहूं क्रय केंद्र 1 अप्रैल से 15 जून तक संचालित किए जाएंगे। गेहूं के केंद्र पर 2275 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं की खरीद की जा रही है जबकि मंडी में 2250 रुपये किसान का गेहूं खरीदा जा रहा है इसलिए गेहूं क्रय केंद्रों पर किसान गेहूं लेकर नहीं आ रहे हैं।


मंडी समिति स्थित गेहूं क्रय केंद्र पर मौजूद कर्मचारी। ● अमृत विचार

### गेहूं खरीद केंद्रों पर दो हजार क्विंटल हुई खरीद

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हुई, लेकिन अभी सुस्त रफ्तार के चलते गेहूं की खरीद कम हुई है। जनपद को पांच लाख क्विंटल गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला है। इसे पूरा करने के लिए विभागीय अधिकारी लगे हुए हैं। जिले में गेहूं खरीद के लिए 344 केंद्र खोले गए हैं। 33 गेहूं खरीद केंद्र पर अब तक 2000 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है। शनिवार को डिप्टी आरएम सुभाष कुमार ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए जिले में खोले गए केंद्रों पर खरीद का कार्य शुरू हो चुका है। बताया कि खराब मौसम के कारण किसान गेहूं की फसल की कटाई समय से नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए धीमी गति गेहूं का कार्य हो रहा है। लेकिन अब किसान गेहूं की कटाई तेजी से कर रहे हैं।

## एक नजर



सफलता पाने वाली जुड़वा बहनें।

### जुड़वा बहनों ने 10वीं में पाया पहला और दूसरा स्थान

**बबराला अमृत विचार** : नगर के सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाली दो जुड़वा बहनों ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया है।नगर के मोहल्ला कल्लू नगला वार्ड नंबर दो निवासी जयंती प्रसाद माहेश्वरी की जुड़वा बेटियों की शक्ल सूरत, आदतें, खानपान, पहनावा सब कुछ एक जैसा ही है। अब हाईस्कूल के रिजल्ट में भी दोनों ने कक्षा में पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सरिता और संगीता जुड़वा बहनों ने इस बार हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। शनिवार को जैसे ही रिजल्ट घोषित हुआ तो पता चला कि इन जुड़वा बहनों में से सरिता ने कक्षा टॉप की है जबकि संगीता द्वितीय स्थान पर रही है।

### मारपीट में ठेकेदार व मजदूर घायल

**संभल, अमृत विचार** : नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी ठेकेदार राहिल गांव के ही मजदूर जावेद व अन्य मजदूरों से थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव बादल गुबंद के पास स्थित भट्टे से ईंटे निकासी कराता है। राहिल ने दूसरे ठेकेदार के ईंटें ढोने वाले ठेले का पहिया निकालकर अपने ठेले में लगा लिया। आरोप है कि शनिवार को ठेले के पहिये को लेकर दूसरे ठेकेदार व राहिल के बीच विवाद हो गया। थोड़ी देर में विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट होने लगी।

### फर्जी बैनामा कराने में एक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार** : सदर कोतवाली पुलिस ने जनवरी माह में न्यायालय के आदेश पर हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव मिलक धुरैटा निवासी जय नारायण सहित अलग अलग गांव निवासी सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में जय नारायण फरार चल रहा था। शनिवार को जय नारायण को गिरफ्तार कर लिया।

# हाईस्कूल में हिमांशु व इंटर में सुदर्शन जिला टॉपर

## हिमांशु कुमार ने 95.67 प्रतिशत और सुदर्शन कुमार ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** :माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी किया तो सफल परीक्षार्थियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। हाई स्कूल में केएल इंटर कॉलेज शकरपुर सोत के हिमांशु कुमार ने 95.67 प्रतिशत अंक लेकर जिला टॉप किया तो इंटर में चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी के सुदर्शन कुमार 96.40 प्रतिशत अंक के साथ जनपद टॉपर बने। मेधावियों की सफलता से परिजनों में खुशियां छा गईं।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को कई दिनों से रिजल्ट आने का इंतजार था। शनिवार को सुबह से ही परीक्षार्थियों में रिजल्ट को लेकर उत्सुकता का माहौल बना रहा। जैसे ही माध्यमिक शिक्षा परिषद ने रिजल्ट जारी किया तो परीक्षार्थी लैपटॉप और मोबाइल पर चिपक गए। रिजल्ट की जानकारी होने पर



संभल के नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स कालेज में अपना परीक्षाफल देखती छात्राएं।

- **माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जारी किया रिजल्ट तो खुशी में झूमे मेधावी छात्र छात्राएं**

परीक्षार्थियों में खुशी का माहौल बन गया। जनपद संभल की हाईस्कूल की टॉपटेन सूची में 14 मेधावियों ने जगह बनाई। केएल इंटर कॉलेज शकरपुर सोत के हिमांशु कुमार ने 600 में से 574 अंक लेकर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। 95.67 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने वाले हिमांशु कुमार के परिजनों में खुशियां छा गईं। हाईस्कूल में ध्यान सिंह एकेडमी इंटर कॉलेज फत्तेहपुर भाऊ का हरिओम 94.67 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। एसबीएसजे इंटर कॉलेज संभल का सागर गुप्ता 94.17 अंक और ध्यान सिंह एकेडमी इंटर कॉलेज फत्तेहपुर भाऊ की नमामी कौशिक 94.17 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं इंटरमीडिएट में चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी के सुदर्शन कुमार ने 96.40 प्रतिशत अंक लेकर जिला टॉप किया। सुदर्शन कुमार को 500 में से 482 अंक मिले। जिले की टॉपटेन सूची में एलएफ एकेडमी इंटर कॉलेज भवालपुर का कृष्णा राना 95.80 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे और इसी कॉलेज का प्रियांशु 94.80 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इंटरमीडिएट की टॉप टेन सूची में भी 14 मेधावियों को जगह मिली। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी होने के बाद मेधावियों को परिजनों ने मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। भविष्य में भी आगे नाम रोशन करने के लिए उत्साहवर्धन किया।

### पिछड़ गईं बेटियां, हाईस्कूल व इंटर में बेटों का दबदबा

**संभल, अमृत विचार** :बदलते दौर में बेटियां सिविल सेवा, इंजीनियरिंग, चिकित्सा समेत कई क्षेत्रों में परिवार का नाम रोशन कर रही हैं लेकिन शनिवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी किए गए हाईस्कूल और इंटर के रिजल्ट को लेकर जनपद संभल की टॉपटेन सूची पर निगाह घुमाई गई तो बेटियां थोड़ा बहुत नहीं बल्कि काफी पीछे रह गईं। दोनों ही सूची में बेटे निखरकर सामने आए हैं। जिसे लेकर इतना कहना शायद ठीक रहेगा कि बेटियों और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है।जनपद में संपन्न हुई हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के बाद से रिजल्ट को लेकर जितने उत्सुक छात्र रहे उतनी ही शायद छात्राएं रहीं। लोगों को भी उम्मीद थी कि दोनों कक्षा की जनपद की टॉपटेन सूची में छात्राओं की हिस्सेदारी ज्यादा रहेगी। शनिवार को जब रिजल्ट जारी हुआ तो टॉपटेन सूची को देखकर मायूसी हाथ लगी। बात 10वीं की टॉपटेन सूची की करें तो इसमें 14 मेधावियों को जगह मिली। जिसमें सिर्फ पांच छात्राएं शामिल हो सकीं तो शेष नौ छात्र रहे। वहीं 12वीं की टॉपटेन सूची में भी 14 छात्र छात्राओं के नाम शामिल हुए। इस सूची में भी छात्रों की भागीदारी छात्राओं से थोड़ी नहीं बल्कि बहुत ज्यादा रही। सूची में 12 छात्रों को जगह मिली जबकि सिर्फ दो छात्राओं के नाम शामिल हो सके।

## कक्षा 10वीं के टॉप



1 प्रतिशत-95.67% नाम-हिमांशु कुमार स्कूल का नाम केएल इंटर कॉलेज शकरपुर सोत, संभल



2 प्रतिशत-94.67% नाम-हरिओम स्कूल का नाम-ध्यान सिंह एकेडमी इंटर कॉलेज फत्तेहपुर भाऊ, संभल



3 प्रतिशत-94.17% नाम-नमामी कौशिक स्कूल का नाम-ध्यान सिंह एकेडमी इंटर कॉलेज फत्तेहपुर भाऊ, संभल

3 प्रतिशत-94.17% नाम-सागर गुप्ता स्कूल का नाम-एसबीएस जूनियर इंटर कॉलेज, संभल



4 प्रतिशत-93.83% नाम-शगुन कुमार स्कूल का नाम-राजरानी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हजरतनगर गढ़ी, संभल



4 प्रतिशत-93.83% नाम-गौरव यादव स्कूल का नाम-केएमएमए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बहजोई संभल



5 प्रतिशत-93.67% नाम-अंजली वर्मा स्कूल का नाम-जगदीश सरन सर्राफ एसएसएम इंटर कॉलेज, चंदौसी



6 प्रतिशत-93.50% नाम-पलक चौधरी स्कूल का नाम-राजरानी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हजरतनगर गढ़ी, संभल



7 प्रतिशत-93.33% नाम-कृष्ण स्कूल का नाम-जुगल किशोर इंटर कॉलेज, गवां, संभल



8 प्रतिशत-93.17% नाम-अंशिका पाल स्कूल का नाम-डब्ल्यूएमएसएस हायर सेकेंड्री स्कूल गुमथल संभल



8 प्रतिशत-93.17% नाम-आयुष यादव स्कूल का नाम-श्री जीसुखराम यादव इंटर कॉलेज सौंधन संभल



9 प्रतिशत-93.00% नाम-शिवानी स्कूल का नाम-श्रीमती मनोरमा राघव आदर्श इंटर कॉलेज पंवासा संभल



10 प्रतिशत-92.67 नाम-दिव्यांश चौधरी स्कूल का नाम-एलएफ एकेडमी इंटर कॉलेज भवालपुर संभल

## कक्षा 12वीं के टॉप



1 प्रतिशत-96.40% नाम-सुदर्शन कुमार स्कूल का नाम-चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी



2 प्रतिशत-95.80% नाम-कृष्णा राना स्कूल का नाम-लिटिल फ्लावर एकेडमी इंटर कॉलेज भवालपुर संभल



3 प्रतिशत-94.80% नाम-प्रियांशु स्कूल का नाम-लिटिल फ्लावर एकेडमी इंटर कॉलेज भवालपुर संभल



4 प्रतिशत-94.20% नाम-अंश त्यागी स्कूल का नाम-लिटिल फ्लावर एकेडमी इंटर कॉलेज भवालपुर संभल




5 प्रतिशत-93.80% नाम-राधिका वार्ष्णेय स्कूल का नाम-एसएजेकेपी इंटर कॉलेज चंदौसी



5 प्रतिशत-93.80% नाम-अंशुमन गिरि स्कूल का नाम-लोकेंद्र शर्मा इंटर कॉलेज बनियाखेड़ा संभल



6 प्रतिशत-93.20% नाम-सुधांशु स्कूल का नाम-चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी संभल



6 प्रतिशत-93.20% नाम-मनुज कुमार स्कूल का नाम-लिटिल फ्लावर एकेडमी इंटर कॉलेज भवालपुर संभल



6 प्रतिशत-93.20% नाम-अनिकेत स्कूल का नाम-एमएसएसएन इंटर कॉलेज कुढ़फतेहगढ़ संभल

6 प्रतिशत-93.20% नाम-अरबाज स्कूल का नाम-आरएसयूएस इंटर कॉलेज सौंधन मोहम्मदपुर



7 प्रतिशत-93.00% नाम-मुस्कान स्कूल का नाम-जेआर इंटर कॉलेज सतुपुरा संभल



8 प्रतिशत-92.80% नाम-जगजीत सिंह स्कूल का नाम-लिटिल फ्लावर एकेडमी इंटर कॉलेज भवालपुर संभल



9 प्रतिशत-92.60% नाम-कुलदीप वार्ष्णेय स्कूल का नाम-बहजोई इंटर कॉलेज बहजोई संभल



10 प्रतिशत-92.40% नाम-पवित्रा स्कूल का नाम-लिटिल फ्लावर एकेडमी इंटर कॉलेज भवालपुर संभल

# सिविल सर्विस में जाना चाहता है सुदर्शन कुमार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- **परिवार के सदस्यों ने ढोल नगाड़ों पर नृत्य कर खुशी मनाई**

**अमृत विचार**: चन्दौसी इंटर कालेज के इंटरमीडिएट के छात्र सुदर्शन कुमार ने जिला टॉप कर यूपी में आठवां स्थान प्राप्त किया है। छात्र की कामयाबी पर कॉलेज के शिक्षकों ने मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया। तो वहीं परिवार के सदस्यों ने ढोल नगाड़ों पर नृत्य कर खुशी मनाई।

मोहल्ला चुन्नी निवासी सुदर्शन कुमार ने चन्दौसी इंटर कॉलेज चन्दौसी से इंटरमीडिएट की पढ़ाई की है। शनिवार को परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद परिवार और कॉलेज स्टाफ में खुशी की लहर दौड़ गई। परीक्षा परिणाम आने पर सुदर्शन को कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार व अन्य शिक्षकों ने मिठाई खिला कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं परिवार के सदस्यों ने खुर्जा गेट आंबेडकर पार्क पहुंच कर मिठाई वितरित की और ढोल नगाड़ों पर नृत्य कर खुशी का इजहार किया। छात्र सुदर्शन का कहना है कि सिविल सर्विस में जाना उसका लक्ष्य है।

इससे पूर्व वह जेई मेन्स की तैयारी भी करेंगे। सुदर्शन के पिता जगदीश शरण जूता चप्पल का कारोबार करते हैं। मां ऊषा देवी गृहणी हैं। सुदर्शन ने हाईस्कूल में भी 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया था। सुदर्शन ने हिंदीमें 96, अंग्रेजीमें 96, गणित में 96, भौतिक विज्ञान में 97 व रसायन विज्ञान में 97 अंक प्राप्त किए।

# हाईस्कूल के 87.75 जबकि इंटरमीडिएट के 85.94% छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

संवाददाता, बहजोई (संभल)

**अमृत विचार**:माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल परीक्षा में जहां 87.75 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने सफलता पाई तो वहीं इंटरमीडिएट के 85.94 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल हुए। सफलता पाने वाले परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे तो वहीं असफल हुए परीक्षार्थियों के चेहरों पर मायूसी साफ दिखाई दी।

माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा का परिणाम जैसे ही घोषित हुआ तो छात्र-छात्राओं ने अपना परीक्षा परिणाम उत्सुकता के साथ देखा। मोबाइल पर अपना परीक्षा परिणाम देखे हुए छात्र-छात्राएं नजर आए।तो कहीं लैपटॉप पर भी अपना परीक्षा परिणाम छात्र-छात्राओं ने



चौथा स्थान पाने वाले गौरव यादव को मिठाई खिलाते परिजन व शिक्षक।

- **सफलता पाने वालों के खिले चेहरे ,असफल परीक्षार्थियों के चेहरों पर मायूसी**

देखा परीक्षा। परिणाम में सफल हुए छात्र-छात्राएं अपने साथियों के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए खुशियां मनाते नजर आए। माध्यमिक शिक्षा परिषद जारी आंकड़ों के अनुसार हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में 27789 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए।

> माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल का इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित कर दिया है। वह सभी सफल हुए छात्र-छात्राओं को आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। जो छात्र असफल हुए हैं वह मायूस नहीं हो वह आगे अच्छी कड़ी मेहनत करके अपना भविष्य बनाने का काम करें। सफलता उन्हें हर हाल में मिलेगी।-
>
> **-वेदराम**, डीआईओएस, संभल।

# परिणाम घोषित होते ही खुशी से उछले होनहार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार**: यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शनिवार की दोपहर दो बजे घोषित हुआ। जहां एक ओर परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व जहां छात्र-छात्राओं के धड़कनें बढ़ रही थीं। वहीं परीक्षा परिणाम घोषित होते ही होनहार खुशी से उछल पड़े। जिला संभल की टॉपटेन सूची में नाम पाकर मेधावियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया।

संभल जिले में इंटरमीडिएट की टॉपटेन सूची में चन्दौसी इंटर कालेज चन्दौसी के छात्र सुदर्शन कुमार ने जिला टॉप किया है। साथ ही यूपी में आठवां स्थान भी प्राप्त किया है। जबकि एसएजेकेपी इंटर कालेज चन्दौसी की छात्रा राधिका वार्ष्णेय और लोकेंद्र शर्मा इंटर कालेज गांव बनियाखेड़ा के छात्र अंशुमान गिरि ने पांचवां स्थान तथा चन्दौसी इंटर कालेज चन्दौसी के छात्र सुधांशु व एमएसएसएन इंटर कालेज कुढ़फतेहगढ़ के छात्र अनिकेत ने छठा स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में हाईस्कूल जिला टॉपटेन सूची में जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज चन्दौसी की छात्रा अंजलि वर्मा ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं वली मोहम्मद सेवक समाज उच्चतर माध्यमिक हाईस्कूल गांव गुमथल की छात्रा अंशिका पाल ने आठवां स्थान प्राप्त किया है। होनहारों के परिवार में खुशी का माहौल है।



चन्दौसी के अक्रूरजी कन्या इंटर कालेज में इंटर में जिला टॉपटेन सूची में पांचवा स्थान पाने पर मिठाई खिला कर खुशी मनातीं प्रधानाचार्या व शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### हिमांशु ने इंजीनियर बनने का सपना संजोया

**संभल/असमोली, अमृत विचार** :जनपद की हाईस्कूल की टॉप टेन सूची में पहले स्थान पर रहकर जिला टाप करने वाले हिमांशु कुमार ने जी-तोड़ मेहनत करके सफलता हासिल की। हिमांशु कुमार का कहना है कि स्कूल से आने पर घर पर रोजना पांच घंटे पढ़ाई करते थे।गांव शकरपुर सोत निवासी प्राइवेट शिक्षक कंचन सिंह के बेटे हिमांशु कुमार ने कहा कि अब इंजीनियर बनने का सपना देखा है। इस सपने को पूरा करने के लिए और भी मेहनत की जाएगी। हिमांशु कुमार की सफलता से परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं है। पिता कंचन सिंह, मां मीना देवी, बड़ी बहन लक्ष्मी, भाई त्रिलोक ने हिमांशु कुमार को मिठाई खिलाकर भविष्य में भी इसी तरह नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। घर में हिमांशु को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# पकौड़ी वाले के बेटे ने छुआ आसमान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार**: सफलता संस्साधनों की मोहताज नहीं होती। लगन से मेहनत की जाए तो संसाधनों के अभाव में सफलता के शिखर पर चढ़ा जा सकता है। ऐसा ही इंटरमीडिएट के छात्र सुधांशु ने जिला टॉपटेन सूची में छठा स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया है। मानो आसमान छू लिया।

नगर से सटे गांव पथरा निवासी सुधांशु ने चन्दौसी इंटर कॉलेज चन्दौसी से इंटर की पढ़ाई की है और 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपटेन सूची में छठा स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया है। सुधांशु के पिता दिनेश कुमार गांव पथरा के पास ही पकौड़ी का ठेला लगा कर परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। सुधांशु का बड़ा भाई दिशांत कुमार एसएम कॉलेज से बीएससी फाइनल की पढ़ाई कर रहा है। बहन संध्या की इंटर के बाद शादी कर दी गई। सुधांशु ने बताया कि सिविल सर्विश में जाना उसका सपना है। फिलहाल वह बीएससी की पढ़ाई करेंगे।

### सपा विधायक पर भड़काऊ भाषण देने पर रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री छत्रपाल गंगवार और उनके भतीजे को लुटेरा कहने के मामले में सपा विधायक अताउर रहमान के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। देवरनिया के भाजपा कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से मामले की शिकायत की थी। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आचार संहिता लागू होने के दौरान माहौल खराब करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की।रहपुरा गनीमत निवासी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि 16 अप्रैल को समाजवादी पार्टी प्रत्याशी प्रवीन सिंह ऐरन का नामांकन हुआ था। इस दौरान नेहरू युवा केंद्र पर हुई सभा में बहेड़ी से सपा विधायक अताउर रहमान ने सार्वजनिक रूप से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार और उनके भतीजे को लुटेरा बताया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा नेताओं की अक्ल पर पत्थर पड़ गये हैं, जो लुटेरों को टिकट दे दिया है।

### चोरी का ई-रिक्शा बरामद, एक गिरफ्तार

**सिरसी, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी के मुहल्ला शर्की निवासी चालक मेहंदी रजा का मंगलवार की रात घर के पास स्थित गली में खड़ा ई -रिक्शा चोरी हो गया था। मेहंदी रजा ने बुधवार को आसपास में ई रिक्शा की तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला तो अज्ञात के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। शनिवार को पुलिस ने सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ई रिक्शा बरामद कर मुरादाबाद जिले के गांव महमूदनगर निवासी सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**संभल, अमृत विचार** : मुहल्ला पंजू सराय निवासी मोहम्मद हनीफ रात नौ बजे पैदल नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला हातिम सराय से घर आ रहा था। हातिम सराय में ही सामने से आ रही बाइक ने मोहम्मद हनीफ में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया।

### जेवर, नकदी लेकर महिला बेटों सहित गायब

**असमोली, अमृत विचार** : असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने शनिवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि पुत्रवधू दो दिन मायके में रहकर शुक्रवार की शाम अपने भाई के साथ वापस आई थी। रात को खाना पीकर सभी परिवार के लोग सो गए थे। देर रात किसी समय पुत्रवधू अपने दो बेटों व घर में रखी 27 हजार रुपये की नकदी व सोने चांदी के जेवर लेकर चली गई। शनिवार की सुबह पुत्रवधू व उसके दोनों बेटे घर में दिखाई नहीं दिए तो आसपास और मायके में फोन कर पुत्रवधू के होने की बात पूंछी। इसके बा द भी पुत्रवधू का पता नहीं सका।

### अवैध शराब बेचने में फरार आरोपी गिरफ्तार

**असमोली, अमृत विचार** : असमोली थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला निवासी नासिर के खिलाफ पुलिस ने जनवरी माह में अवैध शराब बेचने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। बार बार नोटिस मिलने के बाद भी नासिर न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। शनिवार को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गांव में खड़े रास्ते से नासिर को गिरफ्तार कर लिया।

# नामचीन स्कूलों की बजाय चमका देहात का कॉलेज

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **संभल शहर के बड़े दावे करने वाले इंटर कॉलेजों के छात्र छात्राएं रह गए पीछे**
- **असमोली क्षेत्र के एलएफ एकेडमी इंटर कॉलेज के मेधावियों ने लहराया परचम**

**अमृत विचार** :भारी भरकम फीस लेकर और बेहतर सुविधाओं के साथ-साथ अच्छी शिक्षा का दावा करने वाले संभल शहर के स्कूलों की फिर से पोल खुल गई। इंटर की टॉपटेन सूची में नामचीन स्कूलों से एक भी मेधावी शामिल नहीं हो सका। जबकि असमोली क्षेत्र के एलएफ एकेडमी इंटर कॉलेज से एक दो नहीं बल्कि छह मेधावियों ने जिले की टॉपटेन सूची में जगह बनाकर परचम लहरा दिया।

संभल शहरी क्षेत्र में करीब आधा दर्जन स्कूल कॉलेज ऐसे हैं, जिनका करीब दस साल पहले तक नाम हुआ करता था। समय के साथ इन स्कूलों में सुविधाएं बढ़ीं लेकिन शिक्षा के दावे लगातार खोखले होते रहे। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से हुई परीक्षा के बाद इन स्कूलों से भी शहरवासियों को उम्मीदें थीं। सोचा था कि अबकी बार हुई परीक्षा के बाद जब रिजल्ट आएगा तो स्कूल कॉलेजों का नाम भी रोशन होगा लेकिन लोगों की उम्मीदें शनिवार को टूट गईं। जीहां, इंटर की टॉपटेन सूची में संभल शहर के स्कूल या कॉलेज का एक भी मेधावी शामिल नहीं हो सका जबकि यह वो स्कूल हैं जो प्रत्येक वर्ष छात्र छात्राओं के अभिभावकों से न सिर्फ मोटी फीस वसूलते हैं बल्कि तमाम शिक्षक दबाव बनाकर बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाते हैं। बहरहाल, इतना तो साफ है कि इन स्कूलों का अब सिर्फ नाम ही रह गया है। बताते चलें कि इंटर की टॉपटेन सूची में असमोली क्षेत्र के एलएफ एकेडमी इंटर कॉलेज भवालपुर से छह मेधावियों ने जगह बनाई है। जिले में कृष्णा राना दूसरे, प्रियांशु तीसरे, अंश त्यागी चौथे, मनुज कुमार छठे, जगजीत सिंह आठवें और पवित्रा दसवें स्थान पर इसी कॉलेज से हैं। मेधावियों की सफलता से परिजनों के साथ-साथ कॉलेज के जिम्मेदारों और शिक्षकों में खुशी का माहौल बना हुआ है।



जनपद में दूसरा स्थान पाने वाले कृष्णा राणा को मिठाई खिलाते परिजन।

### आईआईटी करके उज्जवल बनाऊंगा भविष्यः कृष्णा

**संभल, अमृत विचार** : जनपद संभल की इंटरमीडिएट की टॉप टेन सूची में दूसरे स्थान पर रहे कृष्णा राना अमरोहा जिले के गांव सरकड़ी अजीज निवासी अशोक कुमार के बेटे हैं। प्राइवेट शिक्षक अशोक कुमार ने बेटे कृष्णा राना को प्रेरणा दी तो सफलता का परचम लहरा दिया।अमृत विचार से बातचीत में कृष्णा राना ने कहा कि वह स्कूल के अलावा घर पर करीब छह घंटे पढ़ाई करते थे। जिस कारण अच्छी सफलता मिली है। कहा कि अब आईआईटी करके भविष्य उज्जवल बनाना है। इसके लिए जीतोड़ मेहनत करनी है। कृष्णा राना के सफल होने पर परिवार में खुशी का माहौल बना है। पिता अशोक कुमार, मां नीलम और छोटी बहन जीविका ने कृष्णा राना को मिठाई खिलाकर बधाई दी तो नाते रिश्तेदारों ने भी उत्साहवर्धन किया। कृष्णा की सफलता के बाद परिवार में खुशी का माहौल है।

## सार-संक्षेप

### उड़नदस्ता ने साक्ष्य नहीं दिखाने पर 1.18 लाख किए जब्त

**गुन्नौर, अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगने के बाद जिला प्रशासन द्वारा गठित उड़नदस्ता टीमों चेकिंग जारी है। शनिवार को टीमों ने 1.18 लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त कर कोषागार में जमा कराई। गांव ईसमपुर डांडा के पास एफएसटी टीम प्रभारी राम लखन यादव की टीम ने पिकअप एचआर 37ए-1251 में सवार मुस्तकीम पुत्र मोहम्मद शब्बीर निवासी संजय कॉलोनी पलवल (हरियाणा) से 54 हजार रुपये की धनराशि बरामद की। कोई साक्ष्य दस्तावेज नहीं पाए जाने पर धनराशि जब्त कर ली। दूसरी एफएसटी टीम प्रभारी फारूख ने वाहन चेकिंग के दौरान अल्ट्रा मैजिक यूपी 81ईटी-5460 में सवार मोदी निवासी लोको कॉलोनी अलीगढ़ से 64 हजार 960 रुपये जब्त किए। जब्त धनराशि को कोषागार संभल में जमा कराया जा रहा है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट राम लखन यादव ने बताया कि उड़नदस्ता टीम 50 हजार रुपये से अधिक रकम ले जाने वालों को लेकर चेकिंग कर रही है। आचार संहिता के बाद से टीम ने भारी मात्रा में नकदी बरामद की है। लोगों ने पैसा कहां से आया है, इसका कोई संतोषजनक जवाब दिया और प्रमाण भी नहीं दिखाया।

### भाजपा नेता की गाय का वध कर मांस ले गये तस्कर

**संभल, अमृत विचार** :सदर कोतवाली क्षेत्र में पशु तस्करों ने फिरोजपुर गांव के निकट मैंथा फैक्ट्री परिसर में बंधी भाजपा महिला नेता की गाय का वध कर दिया। सुबह जानकारी हुई तो लोगों में आक्रोश फैल गया। सीओ ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। भाजपा नेता संध्या गर्ग की सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव फिरोजपुर की आबादी से सटी मैंथा फैक्ट्री में ही उनके गोवंशीय पशु रहते हैं। शुक्रवार की शाम परिवार के लोग दो गोवंशीय पशुओं को बांधकर अपने घर चले गए थे। देर रात किसी समय पशु तस्करों ने मैंथा फैक्ट्री के पास बने कमरे में ले जाकर एक गाय का वध कर दिया। पशु तस्कर गाय का मांस ले गये जबकि अवशेष वहीं छोड़कर भाग गए। शनिवार की सुबह साढ़े पांच अनमोल गर्ग मैंथा फैक्ट्री पर पहुंचे। देखा तो एक गोवंशीय पशु बंधा हुआ था जबकि दूसरा गोवंशीय पशु गायब था। आसपास में तलाश करने के बाद कमरे के अंदर देखा तो यहां गोवंशीय पशु के अवशेष व उसका मृत 8 माह का भ्रूण पड़ा हुआ था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**असमोली, अमृत विचार** : हयातनगर के मुहल्ला सीतापुरी निवासी वीरु शनिवार को किसी काम से बाइक पर सवार होकर अमरोहा जा रहा था। असमोली थाना क्षेत्र में संभल जोया मार्ग पर गांव मनोटा पुल के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वीरु गंभीर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। टक्कर मारने के बाद चालक अज्ञात वाहन लेकर मौके से भाग गया।

## एक नजर

### चुनाव प्रेक्षक ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**बहजोई, अमृत विचार :** सामान्य प्रेक्षक अमित कुमार निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण के लिए पहुंच गए। जहां उन्होंने डीसीसी, सी-विजिल व एनजीएसपी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। मीडिया सेल का भी निरीक्षण करने पहुंचे जहां तैनात कार्मिकों से एलइडी टीवी पर अवलोकन किए जा रहे न्यूज़ चैनल से संबंधित जानकारियां कीं। समाचार पत्र में आने वाली स्थानीय राजनीतिक खबरों व राजनीतिक विज्ञापन के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं पंजिकाओं को देखा।

### मकान पर गिरा पोल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला डहरिया में शनिवार की सुबह मुकेश कुमार के घर के निकट सड़क किनारे खड़ा लोहे का बिजली का खंभा अचानक गिर गया। और मुकेश कुमार के घर की दीवार पर जा टिका। गनीमत रहीं सुबह का समय होने से लोग अपने घरों में काम पा जाने की तैयारी में लगे थे। जिससे घर के बाहर गली में कोई नहीं था। जिससे बड़ा हादसा टल गया। बिजली विभाग को फोन कर बिजली सप्लाई बंद करा दी गई।

# आठ नामांकन निरस्त, 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

## संभल सीट पर कड़ी सुरक्षा के बीच जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में 21 प्रत्याशियों के पर्चों की जांच पूरी

संवाददाता, बहजोई/संभल

**अमृत विचार:** संभल लोकसभा सीट पर 21 प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा की गई। समीक्षा के बाद पांच निर्दलीय सहित 8 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हो गए। अब सपा, बसपा, भाजपा प्रत्याशियों सहित कल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। हालांकि 22 अप्रैल को नाम वापसी के बाद चुनाव की सही तस्वीर साफ हो पाएगी।

जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में 21 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए चुनावी मैदान में ताल ठोकी थी। शनिवार को सुबह 11 से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शाम 3 बजे तक जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल के नेतृत्व में प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच चलती रही। जहां प्रत्याशियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद पांच निर्दलीय सहित 8 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी ने खारिज कर दिए। जिसमें राष्ट्रीय समानता दल से मोहम्मद असलम उर्फ पाशा, राष्ट्रीय कांग्रेस जे पार्टी से प्रेमपाल सिंह, वंचित समाज इंसाफ पार्टी से शीशपाल सिंह, निर्दलीय के तौर पर अरविंद कुमार, कौशल शर्मा, मुस्कान, राजेश कुमार, शहने अली के नामांकन पत्र खारिज हो गए। चुनावी मैदान में आने से पहले ही यह चुनाव में जीत की दौड़ से बाहर हो गए। भाजपा सपा बसपा प्रत्याशी सहित 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अभी तक डटे हुए हैं।



नामांकन पत्रों की जांच करते जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल। साथ में हैं चुनाव प्रेक्षक। ● अमृत विचार

### 22 अप्रैल को नाम वापसी के दिन तस्वीर होगी साफ

**बहजोई, अमृत विचार :** 21 प्रत्याशियों में से 8 प्रत्याशियों के तो नामांकन पत्र खारिज हो गए हैं। वह चुनावी मैदान से बाहर हो गए हैं। अब नामांकन पत्रों की जांच के बाद 13 प्रत्याशी ही चुनावी मैदान में अभी तक डटे हुए हैं। अब 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 तक नाम वापसी का दिन है। जो भी प्रत्याशी अगर चुनावी मैदान से हटाना चाहता है तो वह 22 अप्रैल को अपना नाम वापस लेकर चुनावी मैदान से हट सकता है। इसके बाद ही तस्वीर साफ हो पाएगी कि आखिर संभल लोकसभा का चुनावी दंगल कितने प्रत्याशियों के बीच होगा।

- इस दौरान प्रत्याशियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे

### यह प्रत्याशी चुनावी मैदान में

| प्रत्याशी का नाम | दल का नाम |
|---|---|
| जियाउर्रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| परमेश्वर लाल सैनी | भारतीय जनता पार्टी |
| चौधरी सौलत अली | बहुजन समाज पार्टी |
| जयगमुल इस्लाम | जनता शासन पार्टी |
| पवन कुमार | लोक पार्टी |
| डॉ. रशीद अली | पीस पार्टी |
| संतोष | किसान क्रांति दल |
| अनुज वार्ष्णेय | निर्दलीय |
| तौसीफ अहमद | निर्दलीय |
| महेंद्र सिंह | निर्दलीय |
| मोहम्मद वसीम | निर्दलीय |
| वसीम | निर्दलीय |
| सुश्री तुबा | निर्दलीय |

## सार-संक्षेप

### पारदर्शिता व निष्पक्षता से संपन्न कराएं चुनाव: प्रेक्षक

**बहजोई, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ कराए जाने को लेकर निर्वाचन सामान्य प्रेक्षक अमित कुमार व पुलिस प्रेक्षक अशोक कुमार ने लोकसभा क्षेत्र संभल के तहत आने वाली पांचों विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व समस्त प्रभारी अधिकारियों के साथ अब तक किए कार्यों की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक ने सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रभारी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात पीपीटी के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने लोकसभा क्षेत्र संबंध में जानकारी दी। जनपद की प्रोफाइल, विधानसभा वार मतदाताओं का विवरण, बूथ वार विवरण, बूथ पर आवश्यक सुविधाओं व अन्य विषयों पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने विस्तार से जानकारी दी। सामान्य प्रेषक अमित कुमार ने कहा की 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग ऐसे मतदाता जिन्होंने 12 डी के माध्यम से घर पर मतदान करने के लिए आवेदन किया है। उनको घर पर ही मतदान करने की सुविधा दी जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में समस्त बूथों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध रहे। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने प्रेक्षकों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण सुरक्षा की दृष्टि से संपन्न करने के लिए पुलिस बल व्यवस्था की तैयारी की जानकारी दी। पुलिस प्रेक्षक अशोक कुमार ने कहा कि पुलिस रात्रि को भी सक्रिय रहे। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एडीएम न्यायिक सुशील कुमार चौबे, सीडीओ भरत कुमार मिश्र, एएसपी अनुकृति शर्मा, श्रीश्चंद सहायक सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

### श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में निकली शोभायात्रा

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :** श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में सरायतरीन में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने स्वागत किया। सुरक्षा के प्रबंध रहे। शनिवार को देर शाम सरायतरीन के बीडी इंटर कॉलेज में शोभायात्रा का उदघाटन दीपक आर्य ने किया जबकि व्यापारी नेता नीलांशु वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलित किया। शोभायात्रा बीडी इंटर कॉलेज से बाजार गंज, शाहजीपुरा से कच्चा बाजार होते हुए महामृत्युंजय तीर्थ मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में जहां श्रीराम दरबार के साथ हनुमान की झांकी, गणेश, मां काली, शेरावली मां की झांकी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, वहीं शिव-पार्वती और राधा-कृष्ण के रूप में सजे कलाकारों ने विभिन्न भजनों पर नृत्य करते हुए माहौल को भक्तिमय बनाया।

### महिलाओं ने डांडिया नृत्य कर मचाई धूम

**संभल, अमृत विचार :** प्रेम संदेश संस्था की ओर से मुहल्ला हल्लू सराय में स्थित चामुंडा मंदिर में डांडिया नृत्य कंपटीशन कराया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए डांडिया नृत्य किया और स्थान प्राप्त किए। डांडिया नृत्य कंपटीशन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल और कपिल सिंघल रहे। विशिष्ट अतिथि संजय गुप्ता पोली, अनंत अग्रवाल, सुशील भगतजी पहुंचे। महिलाओं ने डांडिया नृत्य करते हुए धूम मचा दी। ग्रुप ए में वैष्णवी चंद्रा प्रथम, आरोही द्वितीय और हनी सैनी तृतीय रहीं। ग्रुप बी में आरुषि प्रथम, सैजल द्वितीय, रिया तृतीय, ग्रुप सी में नीलाक्षी शर्मा प्रथम रही। गरवा क्वीन रिया सिंह चुनी गईं। इस बीच पूनम अरोड़ा, दुर्गा टंडन, अनु गांधी, पारूल शर्मा, गायत्री आर्य, निकिता गर्ग, राहुल शर्मा, रजनीकांता चौहान, नीरू चाहल, ज्योति गुप्ता, गौरव रावत, मंजू रावत आदि रहे। सुमनलता शर्मा, प्रियंका चंद्रा, प्रीति शर्मा, पंखुड़ी गुप्ता, गीता सैनी ने कार्यक्रम सफल बनाने में सहयोग किया। अध्यक्षता मंजू अरोरा ने तथा संचालन गगन वार्ष्णेय ने किया। अध्यक्ष मंजू रावत ने सभी का आभार जताया।


शोभायात्रा का शुभारंभ करते ग्राम प्रधान प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### मऊ अस्सू में धूमधाम से निकाली बाबा साहब की शोभायात्रा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर की ग्राम पंचायत मऊ अस्सू में शनिवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा बैंड बाजा संग धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

शोभायात्रा का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रितेश कुमार एडवोकेट और और कमेटी के सदस्यों ने फीता काट कर किया। शोभा यात्रा में बाबा साहब, गौतम बुद्ध, ज्योतिबा फूले, छत्रपति शिवाजी, सन्त रविदास, भारत माता सहित 12 झाकियां आकर्षण रहीं। डीजे पर युवा नृत्य करते हुए चल रहे थे। सुरक्षा के मद्देनजर थानाध्यक्ष मोहित कुमार काजला व आटा चौकी इंचार्ज राधेश्याम फोर्स के साथ मुस्तैद रहे। इस अवसर पर मान सिंह, मनोज कुमार, उमेश चन्द्र, नरेश चन्द्र, बौद्ध संजीव कुमार, सत्यभान, ऐलान सिंह, अरविंद कुमार, राकेश कुमार, डालू, मुकेश चन्द्र, जबर सिंह आदि का सहयोग रहा।


एबीसी मांटेसरी स्कूल में महावीर स्वामी की जयंती मनाते बच्चे। ● अमृत विचार

### बच्चों ने भगवान महावीर स्वामी की जयंती मनाई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में शनिवार का भगवान महावीर स्वामी की जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। स्कूल संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि महावीर जयंती हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाई जाती है। जैन धर्म के अनुयायियों के लिए महावीर जयंती बेहद खास दिन होता है। इस दौरान नेहा शर्मा, दिव्या, शालू, निशा, प्रिया, काजल, मनप्रीत, इशिता, शिखा, रक्षा, रूपाली, सरिता, सोनम, अनुषा, नीरज, मीनू, मंतशा, लक्षिता, हुमा, मुस्कान, आयुषी, दीपा, श्वेता, अर्शी, पारुल आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# छत से गिरे ग्रामीण की मौत पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

- विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस

> मृतक के परिवार की ओर से छत से गिर कर मौत का कारण बताते हुए प्रार्थना पत्र दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।
> **-मोहित कुमार काजला** थानाध्यक्ष

**अमृत विचार:** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। हालांकि परिजन मौत का कारण छत से गिरना बता रहे हैं। शरीर पर कोई चोट का निशान न होने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव बनियाखेड़ा निवासी युवक गोकुल (35) पुत्र बुद्धन उर्फ बुद्धी की मौत हुई है। पिता बुद्धन के अनुसार उसके मकान की दूसरी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा है। शनिवार की दोपहर करीब दो बजे बेटे गोकुल के साथ खेत पर गेहूं की निकासी करा कर भूसा लेकर घर आया था। भूसा घर में डलवाने के बाद गोकुल सीमेंट का मसाला तैयार कर छत पर चला गया। उसी समय गोकुल का पैर फिसल गया और वह छत से आंगन में आ गिरा और बेहोश हो गया। परिजन बेहोशी की हालत में उसे चन्दौसी के निजी अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सक ने देखते ही गोकुल को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव घर ले आए। पुलिस भी पहुंच गई और छानबीन की। गोकुल के शरीर पर चोट का निशान नहीं पाया गया। जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने दबी आवाज में बताया कि दोपहर के समय गोकुल का परिवार के सदस्यों से किसी बात को लेकर झगड़ा भी हुआ है।

# पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला, दुधमुंहे की मौत

कार्यालय संवाददाता चन्दौसी

- महिला की तहरीर पर पति सहित चार लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज
- शिशु की हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को दी गई एक और तहरीर

> महिला की तहरीर पति सहित चार लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है। शिशु की मौत के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> **-अतर सिंह** प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली


कैथल में बच्चे की मौत पर शोकाकुल मां को ढाढस बंधातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** दहेज मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने दुधमुंहे के साथ विवाहिता को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पति सहित चार लोगों के विरुद्ध मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शनिवार की सुबह दुधमुंहे की मारपीट के दौरान चोट लगने से मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस को बच्चे की हत्या के आरोप लगा कर एक और तहरीर दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल निवासी ओम बाबू गौड़ ने पांच मई 2022 को अपनी पुत्री दीक्षा गौड़ की शादी रुस्तमगढ़ उगिया निवासी आकाश शर्मा पुत्र रमाशंकर शर्मा के साथ की थी। शादी में पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार काफी उपहार व नकदी दी थी। मगर ससुराल वाले शादी में मिले दान दहेज से खुश नहीं थे। पति व अन्य ससुराल जन विवाहिता से अपना मायके से पांच लाख रुपये की नकदी लाने की बात कहते थे। विवाहिता के इनकार करने पर उसके साथ मारपीट करते थे। 18 अप्रैल की रात आठ बजे महिला अपने 21 दिन के पुत्र सारांश के साथ कमरे में बैठी थी। तभी पति व अन्य ससुराल जन पहुंचे और महिला से अपने मायके से पांच लाख रुपये लाने की बात कहने लगे। महिला के इनकार करने पर पति ने मारपीट की। जिसमें बच्चे को भी चोट लग गई। इसके बाद महिला को बच्चे सहित घर से बाहर निकाल दिया। घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग व पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने सीएचसी में महिला व बच्चे का उपचार कराया। इसके बाद बच्चे का निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया । शुक्रवार को महिला की तहरीर पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न में पति आकाश शर्मा, ससुर रमाशंकर, सास राजेश कुमारी, देवर दीपक शर्मा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं शनिवार की सुबह छह बजे मासूम सारांश की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस भी गांव कैथल में महिला के मायके पहुंची। महिला ने पति व ससुराल वालों पर दुधमुंहे की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

# रैली निकाल मतदान के लिए किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


गुमथल में मतदाता जागरुकता रैली निकालते ब्लॉक अधिकारी व शिक्षक-शिक्षिकाएं।

- ब्लॉक बनियाखेड़ा द्वारा 19 व 20 मई को चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान

**अमृत विचार:** लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत विकास खण्ड बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। रैली निकाली कर लोगों को सात मई के दिन मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया।

विकास खंड बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायतों में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद संभल 7 मई को होने वाले मतदान के लिये ग्रामवासियों को जागरूक करने हेतु 19 से 20 मई तक मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया।

जिसमें ग्राम पंचायतों में समस्त सचिव, पंचायत सहायक, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, अध्यापक, सफाई कर्मचारी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, युवक मंगल दल के सदस्य, विद्यालय के बच्चे व ग्रामवासियों द्वारा ग्राम पंचायतों की गली, मौहल्ले, दुकान, घरों में जाकर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया। ग्राम पंचायत कैथल में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) नीरज कुमार सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय कैथल द्वितीय में सर्वप्रथम समस्त को मतदाता शपथ दिलाई गयी। उसके उपरान्त मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ किया।

रैली में प्रेमपाल सचिव ग्राम पंचायत, शेखर ब्लॉक को-ओर्डीनेटर, परामर्श अभियन्ता मोहम्मद सुएब, पंचायत सहायक डौली, प्रधानाध्यापक रीनू बंसल, पुष्पा बौद्ध, रजनी गोयल, वरुण कुमार, गजराम सिंह, दिनेश, स्वयं सहायता समूह की महिलायें, विपिन कुमार व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## गेहूं की छह बीघा फसल आग से जलकर राख


**धनारी, अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र में अचानक से लगी आग में खेत में रखा छह बीघा गेहूं का लांक जलकर बर्बाद हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने पानी डालकर आग को बुझाया।

धनारी स्टेशन के पास निवासी रामप्रकाश के थाना क्षेत्र के गांव भागनगर उर्फ मनिहार नगला में दो और चार बीघा के दो खेत हैं। रामप्रकाश ने कटाई करने के बाद गेहूं फसल का लांक थ्रेसर से निकासी कराने के लिए एक ही खेत में इकठ्ठा किया था। शनिवार को अचानक से गेहूं फसल के लांक में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर रामप्रकाश मौके पर पहुंचा और अन्य लोगों के साथ रामप्रकाश ने आग बुझाने की कोशिश की। फायर ब्रिगेड कर्मी भी गाड़ी लेकर मौके पर पहुंच गए और पानी डालकर आग को बुझाया, लेकिन तब तक सारा लांक जलकर बर्बाद हो गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

- आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं, तीन बीघा गेहूं की फसल जल कर राख


आग की लपटों से घिरा गेहूं का खेत।

**अमृत विचार:** थाना बनियाठेर के गांव गुमथल के जंगल में बीती देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में आग लग गई। जब तक ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। तब तक तीन बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई थी। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

गांव गुमथल निवासी वीरेंद्र सिंह कश्यप पुत्र रूपराम कश्यप का गांव के बाहर ही खेत है। तीन बीघा खेत में गेहूं की फसल खड़ी थी। शुक्रवार की देर रात अचानक अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। घटना देर रात की होने के कारण स्थानीय लोगों ने खेत स्वामी को सूचना दी। सूचना पाकर किसान वीरेंद्र सिंह ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक पूरी फसल जल कर राख हो गई। परिवार के लोग भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने पीड़ित किसान को सरकारी मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

# हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बजरंगी शोभायात्रा निकाली

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर में शनिवार को श्री बजरंगी सनातन समूह के द्वारा सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ आश्रम से हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बैंड बाजों संग भव्य बजरंगी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हनुमान जी का फूल डोल और रामलला की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

शोभायात्रा का शुभारंभ श्री रघुनाथ आश्रम से शाम सात बजे हनुमान जी के फूलडोल की आरती के साथ किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे छोटे-छोटे बच्चे बजरंगी सनातन समूह का बैनर लेकर चल रहे थे। उसके पीछे ढोल ताशे वाले अपनी संगीतमय ध्वनि के साथ बजरंग बली का गुणगान कर रहे थे। सबसे पीछे हनुमान जी का फूलडोल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए देर रात रघुनाथ आश्रम पहुंच कर संपन्न हुई। शोभायात्रा में राजकुमार ठाकरे, शिवांग, सत्यम शर्मा, पराग शर्मा, चिन्तेश शर्मा, बंटी पाठक, अमन रस्तौगी, लव पाठक, रुद्राक्ष रस्तौगी आदि का सहयोग रहा।


शोभायात्रा में शामिल रामलला की झांकी।

## कोल्ड ड्रिंक लदा ट्रक पलटा, एक की मौत

**धनारी, अमृत विचार:** आगरा मुरादाबाद मार्ग पर कोल्ड ड्रिंक से लदा ट्रक बाइक में टक्कर मारने के बाद सड़क पर पलट गया। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई।

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव भोजपुर निवासी देवेंद्र 40 वर्ष शुक्रवार की रात नौ बजे परिवार के ही हरफूल व मुनीश के साथ बाइक पर सवार होकर धनारी थाना क्षेत्र के गांव से शादी समारोह में शामिल होकर घर जा रहा था। पेट्रोल पंप के सामने बाइक में टक्कर मारने के बाद कोल्ड ड्रिंक से लदा ट्रक पलट गया। इस हादसे में देवेंद्र, हरफूल व मुनीश गंभीर घायल हो गए। जबकि बहजोई की ओर से आ रहा तेज रफ्तार दूसरा ट्रक सड़क पर पलटे पड़े ट्रक में घुस गया। घायल देवेंद्र, हरफूल व मुनीश को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर यहां से देवेंद्र को रेफर किया गया। परिजन देवेंद्र को लेकर बबराला निजी अस्पताल जा रहा थे। कि रास्ते में ही देवेंद्र की मौत हो गई।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत पति-बेटी समेत तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई


सड़क हादसे में मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

- जुनावई में जनता इंटर कॉलेज के पास हादसा
- सीएचसी से घायलों को गंभीर हालत में अलीगढ़ किया गया रेफर

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई जबकि पति, बेटी और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में अलीगढ़ रेफर किया गया है।

गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव झुकेरा निवासी इंद्रजीत पुत्र हरपाल परिवार के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। शनिवार को इंद्रजीत, पत्नी ममता (35 वर्ष) और छह साल की बेटी महिमा के साथ वापस लौटा। इंद्रजीत ससुराल गांव अहरौला नवाजी जाने के लिए जुनावई ब्लॉक मुख्यालय के सामने रोडवेज बस से उतरा। यहां इंद्रजीत का साला सुमित पुत्र प्रसादी बाइक से पहुंचा। जिसके बाद चारों लोग बाइक पर सवार होकर गांव अहरौला नवाजी के लिए चले। सुबह 7 बजे जनता इंटर कॉलेज जुनावई के पास पहुंचते ही पीछे से अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार चारों लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने ममता को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर घायल इंद्रजीत, महिमा और सुमित को उपचार देकर अलीगढ़ रेफर कर दिया। ममता की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत हुई है। महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**नाम परिवर्तन**

मेरे नाम की स्पेलिंग SAMA PARVIN से बदलकर SHAMA PARVEEN W/O ANSAR HUSAIN R/O DOMGHAR KUNDARKI MORADABAD रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।

**नाम परिवर्तन**

पहले नाम FAISAL था अब बदल कर MOHAMMAD FAISAL S/O MOHAMMAD SHADAQAT BARKAT SALMANI R/O MOHALLA QURESHI AMROHA DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आवास फाइनांसर्स लि. के निर्देश पर नोटिस दिया जाता है कि ऋणी श्री अर्पित ने अपनी एक संपत्ति स्थित मोहल्ला बदावाला तह. व जिला अमरोहा को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। उक्त संपत्ति से संबंधित एक विक्रय पत्र जो कि राजेंद्र कुमार द्वारा रामकली के पक्ष में निष्पादित कराया था जोकि रजिस्ट्रार अमरोहा के कार्यालय में वही नं. 1 जिल्द सं. 1100 पेज नं. 303 से 318 क्रमांक 2362 दिनांकित 10-03-2003 पर पंजीकृत है। उक्त विक्रय कहीं गिरकर खो गया है। बहुत तलाश करने पर भी नहीं मिला है। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति या वित्तीय संस्था/बैंक को कोई क्लेम या आपत्ति उक्त संपत्ति का आवास फाइनांसर्स लि. द्वारा बंधक किए जाने पर आपत्ति या ऐतराज है तो वह इस विज्ञापन के प्रकाशन से 15 दिन के अंदर अंदर मुझे अपनी आपत्ति/क्लेम प्रस्तुत कर दें। अन्यथा उक्त संपत्ति के विक्रय एवं बंधक के संबंध में आपत्ति प्राप्त न होने पर कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा आवास फाइनांसर्स लि. उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋणी के हक में ऋण जारी कर देगी।

कपिल गुप्ता (एडवोकेट)
विधिक सलाहकार
आवास फाईनेंसर्स लि० मुरादाबाद
मोब 9837115242

# वैदिक से आधुनिक काल तक लोक प्रशासन

भारतीय प्रशासनिक सेवा ने बड़ा लंबा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है,लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था कि, ''हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है।'' पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए। संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है। ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुंब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुंब का प्रधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई 'ग्राम' थी। राजनीतिक दृष्टि से ग्राम का प्रमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का प्रशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के प्रशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक प्रशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप प्रायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय प्रजा के हित में काम करने की शपथ लेता था। राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है कि ''समिति जनसाधारण की संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी।'' उस समय के नियम सबको मान्य थे। नियम या विधि को ऋग्वेद में 'धर्मन्' कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिंधु घाटी की सभ्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहन जोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिंधु सभ्यता में सड़कें सुनियोजित थीं। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। संपूर्ण सिंधु क्षेत्र में प्रशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में प्रशासनिक काम करने वालों की संख्या बड़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

**रामचरित मानस में भी आदर्श राज व्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं। अंग्रेजी सत्ता के समय भारत को साम्राज्यवाद का शोषण क्षेत्र बनाने की कोशिशें की गईं।**


चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में भारत ने पहली बार राजनैतिक एकता हासिल की। यह विशाल साम्राज्य था। चन्द्रगुप्त मौर्य स्वयं में योग्य प्रशासक थे। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मैगस्थनीज की इंडिका, अशोक के शिलालेख व यूनानी साहित्य में मौर्य शासन व्यवस्था की तमाम जानकारी हैं। भारतीय प्रशासन के विकास में मौर्य शासन के अनेक तत्व हैं। भारत परम्परा प्रिय देश है। यहां के समाज में कालवाह्य को छोड़ने और कालसंगत को जोड़ने की क्षमता रही है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक लोक प्रशासन को जनोन्मुखी बनाने के प्रयास चलते रहे हैं। आदर्श राजव्यवस्था के संवेदनशील प्रशासन के विवरण कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलते हैं और महाभारत में भी। कौटिल्य संवेदनशील प्रशासन के व्याख्याता हैं। वाल्मीकि की रामायण में श्रीराम की आदर्श राजव्यवस्था के उल्लेख हैं। वाल्मीकि द्वारा लिखी आदर्श राजव्यवस्था काल्पनिक नहीं है। तुलसीदास ने आज से 450 वर्ष पहले रामचरितमानस लिखी थी।

रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं। अंग्रेजी सत्ता के समय भारत को साम्राज्यवाद का शोषण क्षेत्र बनाने की कोशिशें की गईं। अंग्रेजी सत्ता का उद्देश्य भारत की जनता को सुन्दर प्रशासन देना नहीं था। वे यहां से कच्चा माल इंग्लैंड ले जाते थे। उसके उपयोग से इंग्लैंड में अंग्रेजी ब्रांड की वस्तुएं बनाते थे। यहां से कपास इंग्लैंड जाता था। वहां से 'मेड इन इंग्लैंड' के कपड़े बनकर आते थे। भारतीय व्यापारी और किसान कर्ज में डूब गए थे। अंग्रेजों का प्रशासन संवेदनहीन था। ईसाई मिशनरी अंग्रेजी सत्ता के दुरुपयोग से धर्मांतरण कराते थे। लेकिन भारतीय संस्कृति और दर्शन का डंका चारों ओर पिट रहा था। भारतीय प्रशासन के लिए इंग्लैंड से सिविल अधिकारी आते थे। मैक्समूलर भारतीय दर्शन और संस्कृति के व्याख्याता थे। उन्होंने भारत आने वाले सिविल अधिकारियों को पढ़ाया था कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मस्तिष्क भारतवासियों का है। संस्कृत दुनिया की आदर्श भाषा है। भारतीय दर्शन विज्ञान को ध्यान से समझ कर स्वयं का निजी जीवन और समाज को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है। यह बातें भारत का कोई व्यक्ति नहीं कह रहा था। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर भारत जाने वाले सिविल अधिकारियों को भारत को समझने की प्रेरणा दे रहे थे। उनका सारा भाषण 'व्हाट इंडिया कैन टीच अस' के नाम से संकलित है। अंग्रेजी प्रशासकों को भारत समझना जरूरी था। मोटे तौर पर अंग्रेजी शासन और वैधानिक व्यवस्था की वास्तविक शुरुआत भारत शासन अधिनियम 1935 से होती है। संविधान निर्माताओं ने भारतीय प्रशासन के गठन में 1935 के अधिनियम की बातें लगभग यथावत रखी हैं। राजनैतिक कार्यपालिका विधायी सदनों के प्रति जवाबदेह है। मंत्रीगणों को सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर तैयार कराने में प्रशासन की मुख्य भूमिका होती है।

प्रश्नोत्तरों की तैयारी में हुई त्रुटि का खामियाजा सदन में मंत्री को भुगतना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य भी उत्साहवर्द्धक सम्बन्ध नहीं दिखाई पड़ते। बहुधा विधायकों और सांसदों से प्रशासनिक अधिकारियों के बीच अप्रिय कलह की खबरें आती रहती हैं। टेलीफोन न उठाने और जनप्रतिनिधियों के पत्रों के उत्तर न देने की शिकायतें पुरानी हैं। विधायी सदनों की समितियों में प्रशासनिक अधिकारियों को सम्बंधित विषय पर साक्ष्य के लिए आमंत्रित किया जाता है। अध्यक्ष विधानसभा के रूप में मेरा अनुभव रहा है कि समिति के भीतर जनप्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए उत्तर अधिकारियों को नागवार लगते हैं। निर्वाचित सरकार के द्वारा बनाए गए कार्यक्रमों को पूरा करना सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी है। विकास कार्यों को ठीक से सम्पन्न कराना भी इन्हीं की जिम्मेदारी है। लेकिन तमाम राज्यों में भिन्न-भिन्न विभागों के लिए निर्धारित बजट का बड़ा भाग उपयोग में ही नहीं आता। आज के इस महत्वपूर्ण दिवस पर सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारियों और उनकी कठिनाइयों पर बेबाक चर्चा होनी ही चाहिए।

# व्यक्ति-व्यक्ति के साथ न्याय बनाम समूहों का ध्रुवीकरण

आगामी 4 जून देश के भविष्य का निर्धारण करने वाला एक अहम दिन है। बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को न्याय चाहिए। उसे व्यक्ति के रूप में न देखकर (जो वह गुप्त मतदाता के रूप में है,जिस पर जनतंत्र का शीराजा खड़ा है) किसी समूह से जोड़ देने पर न्याय की भावना पृष्ठभूमि में चली जाती है,लेकिन सत्तालोलुप को इसमें तात्कालिक लाभ नजर आता है और वह जोर-शोर से इसको बढ़ावा देता है। इसी को वोट बैंक की राजनीति कहते हैं। यह एक भेदकारी राजनीति है जो वर्ग-संघर्ष की सहधर्मी है। उसी का आयात है और सशस्त्र संघर्ष के लिए मुफीद हो सकती है, किंतु मताधिकार के प्रयोग से शांतिपूर्वक सत्ता-परिवर्तन की जनतांत्रिक प्रक्रिया में बहुत भ्रम उत्पन्न करती है। बहुत स्वांग, बहुत रेटरिक, बहुत विचलन को जन्म देती है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इस भेद और विग्रह की राजनीति का केवल एक रूप नहीं,इसके अनेक रूप हैं और सबके सब जनतंत्र के लिए घातक हैं। इतिहास की दुहाई देना ही गलत है,जो जहां है,वहां है। वहीं पैदा हुआ और इस पैदा होने पर उसका कोई वश नहीं था। पीछे क्या हुआ,इसके लिए वह कतई जिम्मेदार नहीं,पिता के अपराध का दंड पुत्र को नहीं दिया जा सकता। यह न्याय नहीं,आदिम बर्बरता है।

किसके पूर्वज कब,कहां से आए या नहीं आए,उन्होंने क्या सही किया,क्या गलत किया, ये सवाल ही सिरे से अप्रासंगिक हैं, उलझाने वाले हैं, भेदकारी हैं और व्यक्ति के रूप में नागरिक के साथ न्याय निष्पादन में बाधा खड़ी करते हैं। शासक के लिए विहित कार्य के निष्पादन के मूल कर्तव्य से बचकर कदाचार में लिप्त होने की खिड़की भी खोलते हैं। यदि किसी भी समूह के हर व्यक्ति में हम यह प्रतीति नहीं उत्पन्न कर पाए कि उसके साथ जो भी होगा न्याय होगा,भले ही वह उसके तात्कालिक व्यक्तिगत हित में न हो,समग्रता में यह उसके साथ तात्विक रूप से न्याय ही है,हम जनतंत्र को कमजोर करेंगे। इसके फलस्वरूप अंततः किसी के साथ न्याय नहीं हो पाएगा।

**रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं।**

समाज और देश व्यक्तियों के योग से ही बनते हैं। जब किसी के साथ अन्याय होता है, जो किसी अन्य के साथ पक्षपात में निहित होता है तो वह पूरी व्यवस्था के स्वास्थ्य और स्थिरता को अनिवार्य रूप से प्रभावित करता है। फिर तो सब कुछ शासक वर्ग की मनमानी पर निर्भर हो जाता है और अंततः जिसको जो मिल रहा है, उसके भी लाले पड़ जाते हैं।

दूषित जनतंत्र में केवल दो वर्ग बन जाते हैं-शासक और शासित। शासक तरह-तरह की रेटरिक के बावजूद बड़ी पूंजी की गोद में जाकर बैठ जाता है और वही सब करता है,जो उसे नहीं करना चाहिए और उससे सर्वथा विरत हो जाता है,जो उसे करना चाहिए। रेटरिक के भिन्न-भिन्न नैरेटिव के बावजूद सबकी समान परिणति इसी में होती है। यह जनतंत्र नहीं,धनतंत्र है।

अंततः मतदाता के रूप में व्यक्ति ही ठगा जाता है। व्यवस्था में उसका विश्वास चिटक जाता है और वह आड़े-तिरछे रास्ते खोजने को विवश हो जाता है। एक बार विचलन शुरू हुआ तो क्रिया-प्रतिक्रिया से उसकी व्याप्ति बढ़ती जाती है और अंततः चीजें बेकाबू हो जाती हैं।

# प्रथम चरण में कम वोटिंग से दलों में चिंता

चुनावों में मतदान के स्तर को अक्सर लोकतंत्र के स्वास्थ्य के संकेतक के रूप में देखा जाता है। प्रथम चरण के लिए 21 राज्यों की 102 सीटों पर हुए मतदान में 60 प्रतिशत वोटिंग हुई है। देखा गया है कि इस बार मतदान में पिछले चुनावों 2014 और 2019 के चुनावों के मुकाबले लोगों में कम उत्साह दिखा,कम लोग मतदान केंद्र तक पहुंचे। मतदाता उदासीनता का तात्पर्य चुनाव में मतदान करने के योग्य लोगों के बीच उदासीनता से है। ऐसा तब हो सकता है जब मतदाताओं का चुनावी प्रक्रिया से या राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से मोहभंग हो जाता है या जब उन्हें नहीं लगता कि उनका वोट मायने रखेगा या जब उन्हें अपने आसपास के मुद्दों की ज्यादा परवाह नहीं है। सबसे अधिक 79.90 फीसदी मतदान त्रिपुरा में हुआ,जहां दो लोकसभा सीटों में से एक पर वोट पड़े। दूसरे नंबर पर 77.57 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ। यहां 42 में से तीन सीटों पर मतदान हुआ। पुदुचेरी, असम और मेघालय की दो सीटों पर भी 70 फीसदी से अधिक वोट पड़े। तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों पर 62.19 फीसदी वोट पड़े। उत्तर प्रदेश में 57.61 फीसदी वोट पड़े। छत्तीसगढ़ की नक्सल प्रभावित सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे कम मतदान बिहार में हुआ। यहां 40 सीटों में चार पर वोट डाले गए और 47.49 फीसदी ही मतदान हुआ। पहले चरण तमिलनाडु की सभी 39, उत्तराखंड की सभी पांच,



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

**पिछले चुनावों के मुकाबले बीजेपी इस बार दक्षिण के राज्यों में ज्यादा एक्टिव है। पीएम मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के पहली पंक्ति के नेता लगातार रैलियां, रोड शो और सभाएं कर रहे हैं। दरअसल बीजेपी ने इस बार अपने लिए जो 400 पार का टारगेट रखा है,उसके लिए जरूरी भी है कि दक्षिण के राज्यों से उन्हें सीटें मिले,लेकिन सवाल ये है कि क्या मिशन साउथ के चक्कर में बीजेपी ने उत्तर के राज्यों में कम ध्यान दिया है या यहां मतदाताओं को रिझाने में कहीं कोई कमी रह गई है।**

अंडमान-निकोबार 1, अरुणाचल प्रदेश 2, लक्षद्वीप की एक,मेघालय की दो,मिजोरम 1,नगालैंड 1, पुडुचेरी 1 और सिक्किम की एक लोकसभा सीटों के लिए वोट पड़े।

2019 में पहले चरण में लगभग 70 फीसदी वोटिंग हुई थी। इस बार देश के किसी भी हिस्से में मतदान का प्रतिशत 80 तक नहीं पहुंच सका है। हैरानी का बात ये रही कि पिछले कुछ दिनों में सियासी रुप से सबसे हलचल वाले राज्य बिहार में सबसे कम मतदान देखने के लिए मिला। यहां केवल 47.50 प्रतिशत वोटिंग की खबर है। बीजेपी की तरफ से मिशन 400 पार को लेकर ये माना जा रहा था कि हिंदी पट्टी के राज्यों यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान में पार्टी पहले के मुकाबले बेहतर स्थिति में है,इसलिए उम्मीद ये की जा रही थी कि इन राज्यों में बीजेपी को उम्मीद से अधिक अच्छे परिणाम मिलेंगे,लेकिन मतदान प्रतिशत में गिरावट के बाद इन इलाकों पर टिकी बीजेपी को नुकसान का मुंह देखना पड़ सकता है।

पिछले चुनावों के मुकाबले बीजेपी इस बार दक्षिण के राज्यों में ज्यादा एक्टिव है। पीएम मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के पहली पंक्ति के नेता लगातार रैलियां,रोड शो और सभाएं कर रहे हैं। दरअसल बीजेपी ने इस बार अपने लिए जो 400 पार का टारगेट रखा है,उसके लिए जरूरी भी है कि दक्षिण के राज्यों से उन्हें सीटें मिले,लेकिन सवाल ये है कि किया मिशन साउथ के चक्कर में बीजेपी ने उत्तर के राज्यों में कम ध्यान दिया है या यहां मतदाताओं को रिझाने में कहीं कोई कमी रह गई है। उत्तर प्रदेश आज के समय में बीजेपी का सबसे मजबूत गढ़ है। यहां पार्टी 80 में 78 सीटें जीतने का दावा कर रही है। यूपी में पहले चरण में जिन क्षेत्रों में चुनाव हुए उसमें करीब 57 प्रतिशत वो पड़े,जबकि पिछले चुनाव में इन्हीं सीटों पर 67 प्रतिशत तक मतदान हुए थे। बिहार में जिन चार लोकसभा सीटों जमुई, औरंगाबाद, गया और नवादा मे पोलिंग हुई, उसमें लगभग 47 प्रतिशत मतदान हुआ,जबकि इन्हीं सीटों पर पिछले चुनाव में 53 प्रतिशत वोटिंग हुई थी।

मध्य प्रदेश में पहले चरण की वोटिंग में 63 प्रतिशत वोट पड़े हैं,जबकि पिछले चुनाव में यहां 75 प्रतिशत वोट पड़े थे। राजस्थान में पहले चरण में केवल 50 प्रतिशत मतदान की खबर है,जबकि 2019 में यहां 64 प्रतिशत वोट पड़े थे। कम मतदान को लेकर अक्सर एक थ्योरी दी जाती है कि अगर वोटिंग प्रतिशत कम रहता है तो इसका मतलब है कि जनता सत्ता में बदलाव नहीं चाहती है। पिछले चुनावों में ये देखा गया है कि जब-जब बंपर वोटिंग हुई है, जनता घरों से निकलकर मतदान केंद्रों तक पहुंची है,सत्ता में परिवर्तन देखने के लिए मिला है। कहा जाता है कि जब जनता सरकार बदलना चाहती है तो अधिक मतदान होते हैं। एक आंकड़े के मुताबिक पिछले 12 चुनावों के बारे में अगर देखा जाए तो ये देखा गया है कि सात बार जब-जब मतदान प्रतिशत बढ़े हैं,चार बार सत्ता में परिवर्तन हुआ है। वहीं पांच बार जब-जब मतदान प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गई है तो चार बार सत्ता बदली है।

# ज्योतिष और कर्मफल सिद्धांत

फलित ज्योतिष शास्त्र की मूल धारणा है कि किसी जातक का व्यक्तित्व,उसके जीवन की घटनाएं और उसके द्वारा चुने गए रास्ते के निर्णायक वे ग्रह और नक्षत्र हैं,जो जातक के जन्म के समय एवं स्थान में प्रभावी रहे हैं और जिनकी गति और स्थिति गणितीय ज्योतिष से जानी जा सकती है।

इससे अलग हटकर कई बातें हैं। सबसे पहले, कर्म और कर्मफल का सिद्धांत (स्टैंडर्ड वर्सन) कहता है कि मनुष्य के इस जीवन के कर्म और पूर्वजन्म के संचित कर्म मिलकर उसके जीवन के रास्ते और घटनाओं को तय करते हैं। कर्म का एक हिस्सा जमा भी होता रहता है,जो अगले जन्म में प्रारब्ध बनता है। प्रारब्ध को अदृष्ट भी कहा गया है,जिसे देखा नहीं जा सकता।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दूसरे यह भी सर्वमान्य सत्य है कि जीव के गर्भ में आने के साथ ही उसके शरीर और भविष्य भी निर्णीत होने लगते हैं। फिर भी ज्योतिष जन्म को ही रेफरेंस प्वाइंट मानता है। जन्म के पहले के संचित कारणों से जन्म के बाद के जीवन को स्वतंत्र मानना कहां तक तर्कसंगत है यह जिज्ञासा का विषय है। व्यक्ति के जीवन की कुछ नगण्य घटनाओं के बटरफ्लाई इफैक्ट को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता।

तीसरे ज्योतिष और कर्मफल सिद्धांत दोनों ही व्यक्तिवादी हैं,लेकिन यह अनुभव आधारित सत्य है कि समाज और सिब्लिंग्स का व्यक्ति के जीवन पर बहुत असर होता है।

इन सारी बातों को एक साथ देखें तो विरोधाभास स्पष्ट हो जाता है। इस का एकमात्र हल है कॉस्मिक डिटरमिनिज्म। इसमें यह मानना होगा कि जातक के गर्भ में आने से जन्म तक और आगे जन्म की जगह और समय भी उसके प्रारब्ध पर निर्भर होता है। उसके माता-पिता,भाई-बहन, दोस्त-समाज सभी उसके प्रारब्ध पर निर्भर करते हैं। सभी घटनाएं,विश्व स्तर भी,उसके प्रारब्ध के वशीभूत हैं।

अब लोग तो करोड़ों हैं। इस सिस्टम का सिमुल्टेनियस फॉरमुलेशन और सोल्यूशन करना आदमी के वश का नहीं है। ज्यादा से ज्यादा इसका लोकल सोल्यूशन हो सकता है जिसमें बड़ी गलतियों की संभावना है। यह मुद्दा सोचने का है।

# धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे: धर्म की खेती

कुरुक्षेत्र को न जाने कब से धर्मक्षेत्र कहा जाता रहा है? भगवद्गीता का प्रारंभ ही यहां से होता है-धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे। इस संदर्भ में एक मिथक-कथा है। मिथक-कथा अवश्य ही कहानी होती है,कहानी अर्थात् जो कही जाती है। कहानी कहने की बात है।

मिथक कथा इतिहास की घटना जैसी लगती है और उसकी कहने की एक परंपरा भी होती है,आत्मीय परंपरा। अपने बड़ों से सुनने की परंपरा। अपने बड़े तो आस्था के भी केन्द्र होते हैं। अपने बड़ों की परंपरा गलत कैसे हो सकती है? एक बात तो अपने और दूसरी बात बड़े। इसलिए उनकी कहन के प्रति एक विश्वास भी होता है कि यह बात गलत नहीं हो सकती। गलत तो नहीं है,किंतु फिर भी मिथक कथा इतिहास की घटना नहीं होती। उसका सच उन घटनाओं की गहराई में निहित होता है तो धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की भी एक मिथक कथा है कि युवराज कुरु ने भगवान शिव की तपस्या की और वरदान के रूप में कुछ समय के लिए नंदी प्राप्त कर लिया धर्म का वाहक।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सोने का हल बनवाया और पांच-पांच योजन परिक्षेत्र को जोतने लगे। देवराज इन्द्र आए-राजन। यह क्या कर रहे हैं? कुरु ने कहा कि धर्म की खेती करूंगा। इन्द्र चले गए। विष्णु आए। बोले-राजन्। बीज कहां से लाओगे? कुरु ने कहा-प्रभु। मेरा शरीर और मन,हाथ-पैर-जंघा और सिरः ये ही बीज हैं। इनसे तप,सत्य, दान, प्रीति, और ज्ञान की खेती होगी। तप,सत्य,दान, प्रीति और ज्ञान-मिथक-कथा ने कितने बड़े सच को उजागर किया है। कुरुधम्म जातक में कुरुधर्म की कथा है।

# अष्टशक्तियों की अवधारणा का निहितार्थ

शक्ति से ही संपूर्ण ब्रह्मांड का कार्य व्यापार संचालित होता है। किसी भी प्राणी,किसी भी प्रणाली,किसी भी व्यवस्था के क्रियाशील, प्रवृत्तिशील या सक्रीय होने के लिए शक्ति या ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इसी सनातन सत्य पर आधुनिक विज्ञान का क्वांटम सिद्धांत आधारित है,यही सत्य ब्रह्मसूत्र में उद्घाटित किया गया है कि शक्ति के बिना परमेश्वर सृष्टा हो ही नहीं सकते। अध्यात्म अतीन्द्रिय चेतना के विकास का विज्ञान है,जो चेतन प्राणी को उसकी शक्ति का दिग्दर्शन कराती है।

आधुनिक विज्ञान वह अध्यात्म है जिसने प्रमाणित किया की संपूर्ण ब्रह्मांड और उसमे उपस्थित जड़-चेतन का अस्तित्व ताप,प्रकाश, ध्वनि, चुंबकत्व, विद्युत, ब्रह्मांडीय विकिरण, रेडियोधर्मी विकिरण और जीवनी शक्ति का कार्य व्यापार है। आइंस्टीन ने ऊर्जा शक्ति को ही अंतिम तत्व कहा जिसका रूपांतरण भौतिक द्रव्य में होता रहता है और भौतिक द्रव्य अपने भौतिक अस्तित्व को समाप्त कर ऊर्जा-शक्ति के वृहद रूप में रूपांतरित होते रहते हैं। शास्त्रों में अष्टशक्तियों का उल्लेख आता है,जो अपने वाहनों से शक्ति का संचरण, संप्रेषण करती हैं। प्रथम शक्ति-ब्राह्मी है जिसके संबंध में कहा गया है -ब्राह्मी हंस समारूढ़ा। ब्राह्मी शक्ति का वाहन हंस है, वाहन का तात्पर्य माध्यम है जिससे ऊर्जा-शक्ति का संचरण होता है। हंस जीवात्मा है,ब्राह्मी शक्ति से सृष्टि का सृजन होता है,यही क्रिया शक्ति है। जीवात्मा ही सृष्टि शक्ति का परिचालक है। दूसरी शक्ति है-माहेश्वरी। कहा गया है-माहेश्वरी वृषारूढ़ा। माहेश्वरी लय शक्ति है जिसका वाहन वृष या धर्म है,जो शास्त्रीय विधि विधान है। माहेश्वरी ही ज्ञानशक्ति है, जो धर्म के आश्रय से लय की और अग्रसर होता है। लय, सृजन से जुड़ा है प्रकृति में लय सृजन प्राकृतिक नियमों ऋतु के अनुसार होता रहता है।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

**आइंस्टीन ने ऊर्जा शक्ति को ही अंतिम तत्व कहा जिसका रूपांतरण भौतिक द्रव्य में होता रहता है और भौतिक द्रव्य अपने भौतिक अस्तित्व को समाप्त कर ऊर्जा शक्ति के वृहद् रूप में रूपांतरित होते रहते हैं।**

तीसरी शक्ति है-कौमारी जिसके लिए कहा गया है-कौमारी शिखिवाहना। कौमारी चैतन्य शक्ति है जिसके संचरण का माध्यम है मयूर। मयूर सर्पभक्षी होता है। टेढ़ी चाल चलने वाले को सर्प कहते हैं,जो आसुरी भाव का द्योतक है। मयूरधर्मी जीवात्मा ही चेतनशील रह सकेगा। चौथी शक्ति है-वैष्णवी जिसके लिए कहा गया है-वैष्णवी गरुणासना। वैष्णवी पालन करने वाली शक्ति है,इस शक्ति का संचरण गरुण द्वारा होता है। गरुण वेदरूप हैं,जो ज्ञान और कर्म दो पंखों के सहारे गति करते हैं। गरुण का प्रतीक कुटिल तत्वों के नाशकर्ता के रूप में भी है। गरुणभाव से कुटिल तत्वों का विनाश करते हुए ज्ञान और कर्म से पालन शक्ति का संचरण संभव है।

पांचवी शक्ति है वाराही। वाराह का अर्थ काल होता है- काल अर्थात् टाइम स्पेस। मिथक है कि वाराह ने पृथ्वी को पाताल से अपने दांतों से निकला। इसका प्रतीकार्थ है,सृष्टि का कारण काल शक्ति है इसका कोई वाहन नहीं है। काल स्वतः ही आधाररूपा है।

षष्टम शक्ति नृसिंही है। नृ का तात्पर्य व्यक्ति से है और सिंह श्रेष्ठता का बोधक है। श्रेष्ठ शक्ति ब्रह्मविद्या है,जो हिरण्यकशिपु को समाप्त करता है। हिरण्य आत्मतत्व का वाचक है,कशिपु वह अहम है,जो आत्मा को ढक लेता है, इसका शमन ब्रह्मविद्या की शक्ति से होता है।

सप्तम शक्ति है ऐन्द्री। ऐन्द्री गजसमारूढ़ा। ऐन्द्री शक्ति का वाहन ऐरावत गज है,जो विशिष्ट गति से गतिमान होता है-ऐन्द्री, इंद्र की शक्ति है,इंद्र मेघराज हैं जिनकी शक्ति प्रकृति की तड़ित शक्ति है। अष्टम शक्ति है-चामुंडा। चंड और मुंड प्रकृति और निवृत्ति के प्रतीक हैं। चामुंडा शक्ति प्रकृति और निवृत्ति का विनाश करने वाली प्रलय शक्ति है जिसके लिए किसी आलंबन की आवश्यकता नहीं है।

# तीर्थंकर महावीर के अहिंसा सिद्धांत का संदेश

'अहिंसा' शब्द के आशय का प्रथमतः जो बोध होता है,वह किसी प्रकार की मार-काट या किसी को क्षति पहुंचना परिलक्षित होता है,लेकिन इस शब्द की गहराई में उतरने पर लगता है कि इसका मूल भाव 'अमृत-मय जीवन' जीना है,क्योंकि हिंसक कार्य करने का जब भाव मन में जागृत होता है तब बाहरी जगत से पहले आंतरिक जगत पर उसका कुप्रभाव पड़ता है। अंतर्जगत में तो मां के गर्भ के नौ माह के दौरान स्नेह-प्रेम से भरा अमृत तत्व पीने को मिलता रहा है। इस अमृत को भूलकर जब विनाशशील वाह्य जगत में भौतिक आकर्षण के प्रति मन का लगाव होता है तो यह जहर पीने के समान होता है।

धर्मग्रंथों में जितने महानायक और आदर्शपुरुष हुए हैं,उनकी जीवनशैली का अध्ययन किया जाए तो यह स्पष्ट होता है कि हिंसा के खिलाफ वे कितनी मजबूती के साथ खड़े हुए है। महाभारत युद्ध में श्रीकृष्ण की भूमिका का मूल्यांकन किया जाए तो यह साफ दिखता है कि वे हिंसा के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। वास्तव में मुरली बजाने एवं खेत-खलिहान तथा यमुना-तट पर रासलीला करने वाले श्रीकृष्ण युद्ध करे,यह संभव ही नहीं। इसके लिए महाभारत के पात्रों एवं घटनाओं को वाह्य जगत नहीं,बल्कि आंतरिक जगत से संबद्ध करना पड़ेगा। महाभारत के प्रथम अध्याय के प्रथम श्लोक 'धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः,मामकाः पाण्डवाश्चैव किम् कुर्वत् धनन्जयः' के साथ अंतिम अध्याय के अंतिम श्लोक 'यत्र योगेश्वरः कृष्ण यत्र पार्थो धनुर्धरः, तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम' श्लोक का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो 'अहिंसा' के मूल स्वभाव का दिग्दर्शन होने लगता है। प्रथम श्लोक अंधत्व है, अपना-पराया का भाव है तो अंतिम श्लोक श्रीकृष्ण जैसा विवेक, संविधान एवं अर्जुन जैसा कार्यपालक प्रवृत्ति का सूचक है।

दरअसल मनुष्य के लिए सामाजिक विद्वानों ने 'मैन इज ए सोशल एनिमल' मुहावरे का प्रयोग किया है। इसका अर्थ 'मनुष्य एक सामाजिक पशु है' निकलता है। वास्तव में मन की प्रवृत्तियां ही पशु रूप में विद्यमान हैं। चींटी से लेकर शेर तक की प्रवृत्ति मन में विराजती है। जब भी पशु प्रवृत्ति जागृत होती है तब माननीय बनाने वाले मन को पीड़ा तो होती ही है। पीड़ा के उत्पन्न होते ही हिंसा का भाव जागृत होने लगता है। धर्मग्रंथों में भूत-प्रेत तथा पिशाच का उल्लेख किया गया है। मन में आंतरिक प्रीति को छोड़कर वाह्यप्रीति के प्रति लालसा भ्रांति-प्रवृत्ति है। इसे ही भूत-प्रेत कहा जा सकता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

हिंदी साहित्य के विद्वान मनीषी आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी शब्द सागर में पिशाच का अर्थ खून-पीने वाले राक्षस से किया है। मन में उत्पन्न होने वाले काम-क्रोध, मद-लोभ के भाव तत्क्षण खून पीने लगते हैं। कोई भी युग रहा हो,उसमें दैत्यों का उल्लेख मिलता है। ये सारे दैत्य आंतरिक से लेकर वाह्य जगत में प्रकृति को क्षति पहुंचाने वाले भाव और आचरण ही कहे जा सकते हैं।

जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जीवन अहिंसा के खिलाफ सत्याग्रह का ही रहा है। मन की सत्ता में कुविचारों के भाव जागृत न हों,इसके लिए उन्होंने साधना की। महल छोड़कर उनकी साधना का आशय पंचभौतिक शरीर रूपी महल को सुख पहुंचाने से मोह छोड़कर आत्मा को ईश्वरत्व की श्रेणी में रखने की साधना है। 'आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत' आदर्श वाक्य का यही संदेश है कि जो प्रवृत्ति आत्मा के उच्च स्वरूप को बाधक पहुंचाए,उस कार्य से विरत रहना चाहिए।

भाजपा ने 2019 में जीती थीं 25 सीटें, इस बार जद (एस) के साथ मिलकर कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने की कोशिश

# कर्नाटक में खरगे के साथ कांग्रेस सरकार की हांडी पर चढ़ेगी गारंटी

**कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं। इनमें से14 सीटों पर मतदाता 247 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डालकर करेंगे। राज्य की शेष 14 सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। इस बार सबसे ज्यादा 29 उम्मीदवार बेंगलुरु दक्षिण लोकसभा सीट पर हैं, जबकि दक्षिण कन्नड़ सीट पर सबसे कम नौ उम्मीदवार मैदान में हैं।**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की गृह राज्य होने के साथ कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है, जो अपनी गारंटी के कारण सत्ता में आई थी। ऐसे में कांग्रेस पर जहां विधानसभा चुनाव जैसी सफलता दोहराने का भारी दबाव है, वहीं भाजपा एक बार फिर 2019 की तरह राज्य में भगवा लहर बनाने के लिए राम मंदिर, मोदी की गारंटी, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के मुद्दों को धार दे रही है।

कर्नाटक में 14-14 सीटों पर होने वाले दो चरणों के पहले चुनाव में जिन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा, उनमें भाजपा से तेजस्वी सूर्या, सोमन्ना, डॉ. सीएन. मंजूनाथ और पीसी मोहन जबकि कांग्रेस से डीके सुरेश, मंसूर अली खान, केवी गौतम और सौम्या रेड्डी तथा जनता दल (एस) से पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी प्रमुख हैं। भाजपा इस बार जनता दल (एस) के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने 25 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि जनता दल (एस) तीन सीटों पर मैदान में है। भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई हावेरी से, जगदीश शेट्टार बेलगाम से चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों नेता लिंगायत समुदाय से आते हैं। जनता दल (एस) से पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पुत्र एचडी कुमारस्वामी मांड्या से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वह अपनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

**17** लोस क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है।

**06** कांग्रेस ने महिलाओं को दिया है लोकसभा चुनाव का टिकट

**02** भाजपा ने दिया है महिलाओं को लोकसभा चुनाव का टिकट

**32.14** लाख मतदाताओं के साथ बेंगलूरु उत्तर देश का सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र है।

**247** उम्मीदवार 14 सीटों पर हैं, इनमें 226 पुरुष और 21 महिलाएं हैं

### मैसूर में राज परिवार बनाम आम आदमी के बीच दिलचस्प संघर्ष

मैसूर लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रताप सिम्हा का टिकट काटकर पूर्व राजपरिवार के वंशज यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार को उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस के एम लक्ष्मण वोक्कालिगा कर रहे हैं। मैसूर में लोग इसे राज परिवार बनाम आम आदमी की लड़ाई बता रहे हैं। वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले कांग्रेस प्रत्याशी को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का विश्वासपात्र माना जाता है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री ने यहां पूरी ताकत लगा रखी है। सिद्धारमैया मैसूर जिले की ही वरुणा विधानसभा सीट से विधायक हैं। भाजपा और जनतादल एस ने भी यहां ताकत झोंक रखी है।

**10%** मतदाता जिन्होंने विधान सभा चुनाव में कांग्रेस को वोट दिया था, लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को देखना चाहते प्रधानमंत्री

**ये रहे प्रमुख मुद्दे**
राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, जातीय समीकरण, सूखा, बेंगलुरू बम विस्फोट, भाषा विवाद

### तेजस्वी सूर्या को इस बार कांग्रेस की सौम्या रेड्डी से मिल रही मजबूत चुनौती

बेंगलुरु दक्षिण 1991 से भाजपा का गढ़ रहा है। यहां इस बार मुकाबला काफी रोचक है। इस सीट से भाजपा के तेजतर्रार युवा नेता और सांसद तेजस्वी सूर्या को इस बार कांग्रेस उम्मीदवार सौम्या रेड्डी मजबूत चुनौती दे रही हैं। 40 वर्षीय सौम्या परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी की बेटी हैं और जयनगर की विधायक रह चुकी हैं। वह महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव हैं। पिछले साल विधानसभा चुनाव में सौम्या को केवल 16 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। 2023 के विधानसभा चुनाव में इस लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा जबकि तीन पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। 2019 के चुनाव में तेजस्वी सूर्या ने यहां से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद को 3.31 लाख मतों के अंतर से हराया था।

**2.88** करोड़ लोग 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 14 सीटों पर करेंगे मतदान।



**03** पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई (हावेरी), जगदीश शेट्टार (बेलगाम) और एचडी कुमारस्वामी (मांड्या) से चुनाव लड़ रहे हैं

### इन सीटों पर 26 को पड़ेंगे वोट

उडुपी, चिकमंगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराज नगर, बेंगलुरु की चार सीटों के अलावा चिकबालापुर और कोलार में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे।

## वोक्कालिगा, लिंगायत के साथ दलित व कुरबा वोटर आधी से ज्यादा सीटों पर निर्णायक

कर्नाटक में माना जाता है कि वोक्कालिगा और लिंगायत समाज का जिस पार्टी की तरफ झुकाव होता है, वही पार्टी चुनाव में आगे निकलती है। राज्य में लिंगायत समुदाय की आबादी 17 फीसदी से अधिक है, जबकि वोक्कालिगा समुदाय की जनसंख्या करीब 12 फीसदी हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक यह दोनों समुदाय मिलकर करीब एक दर्जन सीटों पर हार-जीत तय करते हैं। इन दोनों समुदायों के अलावा 17 फीसदी दलित, 8 फीसदी कुरुबा और 7 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के मतदाता भी कई लोकसभा सीटों पर निर्णायक भूमिका में हैं।

### विधानसभा और लोकसभा में वोटिंग पैटर्न अलग

- 2019 के लोकसभा चुनावों में कर्नाटक में भाजपा ने 28 में से 25 सीटें जीतकर भगवा फहराया था। कांग्रेस और जेडीएस एक-एक सीट पर सिमट कर रह गए थे। लेकिन पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस ने राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। ऐसे में लोकसभा चुनाव में भी पार्टी के हौसले बुलंद हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कर्नाटक के मतदाता विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अलग-अलग तरीके से मतदान करते रहे हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट करने वाले लगभग 10 फीसदी मतदाताओं का कहना है कि उन्होंने राज्य की भ्रष्टाचार में डूबी सरकार को हटाने के लिए कांग्रेस को वोट दिया था। लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए पहली पसंद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का निशान कमल है।

- लिंगायत संत की चुनौती में फंसे भाजपा के दिग्गज केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी :

धारवाड़ लोकसभा सीट पर 2009 से केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी लगातार जीत रहे हैं। लेकिन इस बार उन्हें लिंगायत संत दिंगलेश्वर महास्वामी के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। 2019 के चुनाव में प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस के विनय कुलकर्णी को दो लाख वोटों से हराया था। इस बार कांग्रेस ने युवा नेता विनोद आसुति को मैदान में उतारा है। लेकिन जोशी कांग्रेस से ज्यादा लिंगायत संत की चुनौती से परेशान हैं। लिंगायत भाजपा के वोटर माने जाते हैं।

**2019 का यह था दलीय जनादेश**

| दल | प्राप्त सीट | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 25 | 1,80,53,454 | 51.4 |
| कांग्रेस | 01 | 1,12,03,016 | 31.9 |
| जनतादल (एस) | 01 | 33,97,229 | 9.7 |
| निर्दलीय | 01 | 13,67.841 | 3.9 |
| अन्य | 00 | 11,17,142 | 3.2 |

**2014 में किस दल को कितनी सीटें, कितने वोट**

| दल | प्राप्त सीट | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 17 | 1,33,50,285 | 43.0 |
| कांग्रेस | 09 | 1,26,66,530 | 40.8 |
| जनता दल (एस) | 02 | 34,06,465 | 11.0 |
| अन्य | 00 | 11,32,068 | 3.6 |
| निर्दलीय | 00 | 4,83,513 | 1.6 |

## पंजाब के चुनाव में बसपा बनाने में लगी चौथा कोण




- फरीदकोट और गुरदासपुर लोकसभा सीट से भी पार्टी ने घोषित किए उम्मीदवार
- पिछले चुनाव में तीन सीटों पर चुनाव लड़कर बसपा ने पाए थे 3.52 प्रतिशत वोट

**चंडीगढ़।** पंजाब में इस बार के लोकसभा चुनाव पिछली बार 2019 से काफी अलग हैं। इस बार अधिकतर सीटों पर मुकाबला दो नहीं बल्कि चतुष्कोणीय होने के आसार हैं। इसकी वजह यह है कि राज्य में भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के साथ शिरोमणि अकाली दल के साथ ही बसपा अलग-अलग चुनाव लड़ रही है। 1996 के बाद यह पहली बार होगा कि एनडीए के सबसे पुराने घटकों में से एक बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल राज्य में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, तो दिल्ली और हरियाणा में साथ लड़ने वाली कांग्रेस और आप पार्टी के रास्ते भी पंजाब में अलग-अलग होंगे। 2022 का विधान सभा चुनाव अकाली दल और बसपा ने मिलकर लड़ा था, पर लोकसभा में दोनों के बीच बात नहीं बन पाई है।

पंजाब में पिछला लोकसभा चुनाव बसपा ने तीन सीटों पर लड़ा था और उसका वोट शेयर 3.52 प्रतिशत रहा था। इस चुनाव में वह पंजाब लोकतांत्रिक गठबंधन के साथ चुनाव में मैदान में उतरी थी, जबकि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने 1.9 प्रतिशत वोट शेयर हासिल किया था, तब पार्टी ने सभी 13 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। इस बार बसपा पंजाब में होशियारपुर, फिरोजपुर, संगरूर, पटियाला और जालंधर सीटों पर पहले ही प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। शनिवार को पार्टी ने पंजाब के फरीदकोट और गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी के केन्द्रीय समन्वयक विपुल कुमार ने कहा कि गुरबख्श सिंह चौहान और राज कुमार जनोत्रा क्रमशः फरीदकोट और गुरदासपुर से चुनाव लड़ेंगे।

पंजाब की अन्य सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। गुरबख्श सिंह चौहान फरीदकोट में बसपा जिला प्रमुख हैं, जबकि गुरदासपुर के उम्मीदवार राज कुमार जनोत्रा अखिल भारतीय महाशा एकता मंच के अध्यक्ष हैं। बसपा के संस्थापक स्व. कांशीराम ने गुरदासपुर से चार बार लोकसभा चुनाव लड़ा था। अब 30 साल बाद बसपा ने एक बार फिर महाशा समुदाय से गुरदासपुर में उम्मीदवार चुना है।

## डिजिटल कैंपेनिंग में भाजपा व कांग्रेस ने खर्च किए 33 करोड़



- युवाओं और पहली बार वोट देने वालों को लुभाने के लिए गूगल पर विज्ञापन की होड़

**नई दिल्ली।** राजनीतिक दल इस बार लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा फोकस नए और फर्स्ट टाइम वोटर्स पर कर रहे हैं। उन तक पहुंच बनाने के लिए सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। यही वजह है कि उनके चुनाव प्रचार बजट का बड़ा हिस्सा डिजिटल कैंपेनिंग पर खर्च हो रहा है। पहले चरण के मतदान के लिए भाजपा ने गूगल पर विज्ञापन में 14.7 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि कांग्रेस ने इस प्लेटफॉर्म पर 12.3 करोड़ रुपये का प्रचार किया। तमिलनाडु में चुनाव लड़ने वाली द्रमुक ने गूगल विज्ञापन पर 12.1 करोड़ रुपये खर्च किया।

पहले चरण के चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी एजेंडे, नीतियों, घोषणापत्र और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए 36.5 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके लिए गूगल और मेटा को प्रमुखता दी गई।



समर्थकों के साथ विक्ट्री निशान बनातीं अभिनेत्री ईशा देओल। अमृत विचार

## मथुरा की गलियों में मां के लिए घूमीं ईशा व अहाना

- बांके बिहारी मंदिर में दर्शन कर बेटियों ने मांगे हेमा के लिए वोट

मथुरा

**अमृत विचारः** प्रदेश की मथुरा लोकसभा सीट में मुकाबला दिलचस्प हो गया है। शनिवार को भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के साथ उनकी दोनों बेटियां अभिनेत्री ईशा देओल और अहाना देओल भी चुनाव प्रचार करने यहां पहुंचीं तो शाम को गृहमंत्री अमित शाह और जयंत चौधरी ने सभा को संबोधित किया। अभिनेत्री ईशा देओल ने शनिवार को बहन अहाना के साथ सबसे पहले वृंदावन पहुंचकर बांके बिहारी मंदिर में प्रभु के दर्शन किए। इसके बाद मथुरा की गलियों में घूम-घूमकर अपनी मां के लिए वोट मांगे। दोनों ने कहा कि मथुरा में विरासत और पर्यटन को संरक्षित किया गया है। इस जगह का बहुत विकास हुआ है। मथुरा के लोग चाहते हैं कि उनकी मां हेमामालिनी फिर जीतें और मथुरा में ही रहें। उन्हें अभी यहां के लिए बहुत कुछ करना है।

### जयंत बोले, हेमा के साथ फिल्म बने '15 साल बाद'

- हेमा मालिनी के समर्थन में हुई सभा में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने हेमा मालिनी के साथ फिल्म की बात छेड़ी तो समर्थक खुश होकर शोर मचाने लगे। जयंत ने कहा, हेमा मालिनी का मैं भी बचपन से फैन हूं। 2009 में वह मेरे चुनाव प्रचार में आई थीं। फिर हम आमने-सामने चुनाव लड़े। 15 साल हो गए हैं, अगर मेरी और उनकी कोई फिल्म बने तो उसका टाइटल होता '15 साल बाद'। क्योंकि 15 साल बाद मैं हेमा जी के लिए प्रचार करने आया हूं।

## सोशल मीडिया : प्रियंका ने बोला बेरोजगारी और महंगाई पर हमला



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पार्टी की नीतियों का जमकर बखान किया है। उन्होंने लिखा है कि इस समय देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। इस तरह की सभी समस्याओं का समाधान कांग्रेस के पास है।

इन समस्याओं का समाधान कांग्रेस के घोषणा पत्र में है जिसमें देश के बेरोजगार युवकों के लिए 30 लाख सरकारी नौकरियों का खजाना खोलने, गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने जैसी कई योजनाओं का वादा किया गया है।

बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक संकट का स्थायी समाधान कांग्रेस के पास है। गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये, 30 लाख सरकारी नौकरियां, एजुकेशन लोन माफी, भूमिहीनों को जमीन, शिक्षित युवाओं को एक लाख की अप्रेंटिसशिप, एमएसपी की गारंटी, किसानों की कर्जमाफी और हमारी ऐसी तमाम घोषणाओं को लेकर पूरे देश की जनता कांग्रेस की तरफ उम्मीद से देख रही है। जनता जीतेगी, कांग्रेस जीतेगी। भारत जीतेगा।




**मोदी मैजिक**
बेंगलुरू में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में समर्थकों का उत्साह सिर चढ़कर बोला। महिलाओं ने जमकर मोदी का परिवार प्ले कार्ड लहराए।

**सारण संसदीय सीट** | बिहार के इस लोकसभा क्षेत्र में नई नहीं है लालू परिवार और राजीव प्रताप के बीच चुनावी जंग

## रूडी की हो पाएगी हैट्रिक या रोहिणी आचार्य बनेंगी नई सांसद

चुनाव डेस्क



राजीव प्रताप रूडी।



रोहिणी आचार्य।

बिहार प्रांत की सारण लोकसभा सीट हॉट सीट के रूप में गिनी जा रही है। इस सीट पर जहां लालू प्रसाद यादव ने अपनी दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी पर दांव खेला है। लगातार दो बार से इस सीट पर जीत दर्ज कर रहे रूडी की हैट्रिक हो पाएगी या पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने में जुटीं रोहिणी उन्हें हराकर सांसद बनेंगी यह तो वक्त बताएगा लेकिन यहां मुकाबला कांटे का नजर आ रहा है। यूं कहें तो इस बार रूडी के लिए भी जीत बहुत आसान नहीं दिख रही है क्योंकि लालू प्रसाद यादव लगातार इस क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं।


सारण संसदीय सीट पर 20 मई को मतदान होगा। नामांकनकी प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू होगी। फिलहाल मैदान में भाजपा और राजद उम्मीदवार ही दिखाई दे रहे हैं। नामांकन शुरू होने के बाद तय होगा कि यहां कोई और दल या निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में आते है या नहीं। पहले इस सीट का नाम छपरा था तब यह कांग्रेस की गढ़ हुआ करती थी। 1977 में पहली बार लालू प्रसाद यहां से सांसद बने। 1989 व 2004 में भी वे यहां से जीते। 2008 में परिसीमन के बाद इसका नाम सारण हुआ और 2009 में जब चुनाव हुआ तो लालू फिर यहां से सांसद बने। इससे पहले छपरा सीट पर 1996 और 1999 में राजीव प्रताप रूडी सांसद बने थे। 2014 और 2019 में वे मोदी लहर में भी जीते। इस बार उनका मुकाबला रोहिणी आचार्य से है। रोहिणी जहां लोगों को यह बताने में लगी हैं कि भाजपा और जदयू का गठजोड़ स्वार्थ वाला है। पीएम मोदी संविधान बदलकर दलितों और पिछड़ों को मिलने वाला आरक्षण खत्म कर देंगे तो रूडी डोर टू डोर कैंपेन में पीएम मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी लहर शांत न हो इसका भी वे ख्याल रख रहे हैं। इस संसदीय क्षेत्र में कुल छह विधानसभा सीटें हैं। इनमें से चार पर राजद और दो पर भाजपा काबिज है।

**2019 का परिणाम**
भाजपा प्रत्याशी
राजीव प्रताप रूडी – 4,99,342 मत
राजद के प्रत्याशी
चंद्रिका राय – 3,60,913 मत

### राजपूत व यादवों के गढ़ में दलित-वैश्य भी नहीं कम

- इस संसदीय क्षेत्र में यादव और राजपूतों की संख्या बहुत ही ज्यादा है। इसके साथ ही वैश्य और दलित मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है। लालू प्रसाद को लगता है कि वे 10 फीसद मुसलमानों के और यादव वोटों के सहारे यहां के रण को इस बार जीत लेंगे। हालांकि दलितों और राजपूतों में अच्छी पैठ के कारण ही रूडी ने 2014 में लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी तो 2019 में उनके समधी को यहां से हराया था।

## अपनी ढपली अपना राग



मथुरा में मंदिर के निर्माण को लेकर कुछ लोग कोर्ट में गए हैं। उसपर फैसला आने के बाद मंदिर का निर्माण होगा। हमने आंदोलन की बात नहीं की है। – अमित शाह



इंडिया की सरकार, एनडीए के भ्रष्टाचार के स्कूल पर ताला लगा कर उनके कोर्स को हमेशा के लिए बंद कर देगी। – राहुल गांधी



राहुल गांधी 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से हार गए थे, उनमें इस बार वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। – राजनाथ सिंह



सपा, कांग्रेस, भाजपा के साथ मिलकर नहीं बल्कि गरीबों, मजदूरों, आदिवासियों के साथ हम चुनाव लड़ रहे है। –मायावती



भरोसा है कि क्षेत्र के सभी लोगों का आशीर्वाद मुझे मिलेगा, मैनपुरी के लोगों ने हमेशा हमारे परिवार की मदद की। – डिंपल यादव

# दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनावी घमासान तेज

## इस बार फिर एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच टक्कर है जबरदस्त

- हेमा मालिनी समेत सभी उम्मीदवारों का भविष्य 26 को होगा लॉक
- अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव

**चुनाव डेस्क, लखनऊ**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में पहले चरण की आठ सीटों के लिए मतदान हो चुका है। दूसरे चरण में भी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों के लिए प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। इन आठ सीटों में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा शामिल है।

पहले चरण के बाद 25 अप्रैल को होने जा रहे मतदान से पहले इन सीटों उम्मीदवारों के बीच चुनावी घमासान तेज हो गया है। पिछली बार इस चरण में अमरोहा को छोड़कर बाकी सभी सीटें भाजपा ने जीती थी। इस बार फिर इन सीटों पर एनडीए और इंडिया के बीच जबरदस्त टक्कर है। दोनों ओर से कई महारथी मैदान में हैं।

इनमें से मथुरा लोकसभा सीट पर भी सभी की निगाहें हैं जहां भाजपा ने मौजूदा सांसद हेमा मालिनी को टिकट दिया है। वहीं, समाजवादी पार्टी ने मुकेश धनगर और बसपा ने सुरेश सिंह को टिकट दिया है।

मथुरा में जाट मतदाता बहुमत में हैं, लेकिन यहां से बाहरी उम्मीदवार ज्यादा सफल रहे हैं। इस नजर से समीकरण हेमा के पक्ष में हैं, लेकिन इतिहास देखें तो पाते हैं कि मथुरा लोस. सीट से अब तक कोई भी उम्मीदवार चुनाव में लगातार तीन बार सांसद नहीं बना है। ऐसे में हेमा की हैट्रिक पर सवाल भी उठ रहे हैं।

### 2019 और 2014 में यह था परिणाम

2019 में हेमा मालिनी को 2,93,471 वोट के अंतर से जीत मिली थी। उन्हें कुल 6,71,293 वोट मिले थे। उनका वोट शेयर 61 फीसदी था। राष्ट्रीय लोक दल के कुंवर नरेंद्र 3,77,822 वोट के साथ दूसरे स्थान पर थे। उन्हें 34.21 फीसदी वोट मिले थे। वहीं, 2014 में हेमा मालिनी को 5,74,633 वोट मिले थे। उनका वोट शेयर 53.29 रहा था। राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी 2,43,890 वोट के साथ दूसरे स्थान पर थे। उनका वोट शेयर 22.62 फीसदी था।

### अमरोहा में बंटेगा मुस्लिम वोट

अमरोहा सीट पर चर्चा करें तो यहां भाजपा के कंवर सिंह तंवर, कांग्रेस-सपा गठबंधन से दानिश अली और बसपा के मुजाहिद हुसैन के बीच टक्कर है। यह सीट मुस्लिम बहुल सीट है ऐसे में बसपा और गठबंधन दोनों की ओर से मुस्लिम प्रत्याशी होने की वजह से वोट कटना तय है वहीं रालोद के आने से यहां भाजपा और मजबूत हुई है।

### मेरठ में कितना चलेगा राम का नाम

मेरठ में भाजपा ने अरुण गोविल पर दांव लगाया है जो प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण में राम की भूमिका में दिख चुके हैं। लोगों में आज भी उनके प्रति वैसी ही भावना देखने को मिलती है। वहीं, बसपा ने देवव्रत त्यागी और सपा ने सुनीता वर्मा को टिकट दिया है। मेरठ सीट पर पहले भी भाजपा का ही कब्जा था।

### गाजियाबाद में भाजपा का नया दांव

गाजियाबाद लोकसभा सीट से भाजपा ने दो बार सांसद रहे वीके सिंह का टिकट काटकर अतुल गर्ग पर दांव लगाया है, जबकि गठबंधन में ये सीट कांग्रेस के पाले में हैं। कांग्रेस ने यहां से डॉली शर्मा को टिकट दिया है तो वहीं बसपा से नंद किशोर पुंडीर मैदान में हैं।

### त्रिकोणीय लड़ाई में फंस सकती हैं हेमा

दरअसल, मथुरा में लंबे समय से ध्रुवीकरण की राजनीति ही काम करती रही है। इस बार भी यहां राम मंदिर की लहर है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर लोग आसानी से हेमा मालिनी को तीसरी बार संसद भेज सकते हैं, लेकिन लड़ाई इतनी आसान नहीं है। विपक्षी दलों के गठबंधन की तरफ से समाजवादी पार्टी ने मुकेश धनगर को टिकट दिया है और बहुजन समाज पार्टी ने सुरेश सिंह को टिकट दिया है। मथुरा में जाट मतदाता सबसे ज्यादा हैं। उन्हीं को साधने के लिए जाट उम्मीदवार उतारा गया है।



### गौतमबुद्धनगर का संघर्ष दिलचस्प

गौतमबुद्धनगर सीट से भाजपा ने लगातार दो बार सांसद रहे डॉ. महेश शर्मा को फिर से टिकट दिया है। बसपा की ओर से राजेंद्र सोलंकी मैदान में हैं वहीं समाजवादी पार्टी ने इस सीट से महेन्द्र नागर को टिकट दिया है। तीनों प्रत्याशी अलग-अलग जातियों से हैं ऐसे में इस सीट पर लड़ाई दिलचस्प है।



### बुलंदशहर में 1991 से जीत रही भाजपा

बुलंदशहर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इस सीट पर भी पिछली दो बार से लगातार भाजपा का कब्जा रहा है। भाजपा ने यहां से भोला सिंह को फिर से मैदान में उतारा है। वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन से शिवराम वाल्मीकि और बसपा ने नगीना से सांसद रहे गिरीश चंद्र पर दांव लगाया है। 2009 को छोड़कर 1991 से यहां लगातार भाजपा की जीत होती रही है।

### अलीगढ़ में मुस्लिम वोटर किसके साथ

अलीगढ़ लोकसभा पर भी भाजपा का कब्जा है। भाजपा ने यहां वर्तमान सांसद सतीश गौतम को ही टिकट दिया है। बसपा ने यहां मुस्लिम प्रत्याशी गुफ़रान नूर का टिकट काटकर भाजपा से ही आए हितेंद्र कुमार को टिकट दिया है। समाजवादी पार्टी से जाट बिरादरी के बिजेंद्र सिंह मैदान में है। इस सीट पर भी मुस्लिम वोटर निर्णायक भूमिका निभाते हैं लेकिन तीनों दलों में किसी ने मुस्लिम प्रत्याशी नहीं उतारा है।

# कभी थे संग अब लड़ रहे कुर्सी की जंग

- कांग्रेस के बाद बसपा ने दिए हैं सबसे ज्यादा सांसद
- बसपा सुप्रीमो तीन बार जीती हैं चुनाव

**हरिओम चतुर्वेदी, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार।** डॉ. राम मनोहर लोहिया की जन्मस्थली अकबरपुर में समाजवाद की नर्सरी लहराई जरूर लेकिन विचारधारा का वटवृक्ष खड़ा नहीं हो सका। यहां पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने तीन बार चुनाव जीतकर लोकसभा सीट का मिजाज ही बदल दिया।

बसपा के कब्जे वाली अंबेडकरनगर लोकसभा सीट मोदी लहर के चलते 2014 में भाजपा के कब्जे में आई थी। लोकसभा सीट से कांग्रेस के बाद सबसे ज्यादा बसपा ही सफल रही है। 2019 के चुनाव में बसपा से रितेश पांडे सांसद चुने गए थे।



रितेश पांडे



लालजी वर्मा

आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बसपा छोड़कर पार्टी में शामिल हुए सांसद रितेश पांडे पर दांव लगाते हुए उन्हें अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। वहीं समाजवादी पार्टी ने बसपा के कद्दावर नेता रहे लालजी वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। लालजी वर्मा की कुर्मी नेताओं में अच्छी पैठ मानी जाती है। वहीं बसपा ने अभी तक भी अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। हालांकि करीब एक माह से कलाम शाह अपने आप को दावेदार बता रहे थे, लेकिन एक ऑडियो वायरल होने के बाद उनका भी पत्ता कट गया है। अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर, टांडा, जलालपुर, कटेहरी, गोसाईगंज विधानसभा शामिल हैं।

2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार अंबेडकरनगर की जनसंख्या लगभग 24 लाख थी। जनपद की 72.23 फीसदी जनसंख्या साक्षर है। समय के साथ-साथ मतदाताओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई।

### नहीं कर रहे मतदान

शुरुआती दौर में 65 प्रतिशत तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग ही नहीं करते थे। वहीं वर्तमान समय में भी करीब 40 प्रतिशत तक मतदाता मतदान करने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 18 लाख 55 हजार 56 है। जिसमें से 9 लाख 66 हजार 86 पुरुष और 8 लाख 88 हजार 964 महिला मतदाता हैं। जो आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकारी का प्रयोग करेंगे।

### मोदी लहर में खिला था कमल

मायावती ने भले ही यहां से चुनाव लड़ना छोड़ दिया हो लेकिन वोटरों पर पकड़ कम नहीं हुई। 1952 से 2004 तक सुरक्षित रही इस सीट पर मायावती सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरीं। 2009 में मायावती ने स्थानीय दिग्गज और उद्योग पति राकेश पांडेय को टिकट दिया और वह भी चुनाव जीत गए। 2014 में मोदी की सुनामी में इस सीट ने मिजाज बदला और हरिओम पांडे की जीत के साथ पहली बार कमल खिला। इससे पहले 1989 में भाजपा के बेचनराम सोनकर सिर्फ 127 वोटों से हारे थे।

### चर्चाओं में रही है सीट


अंबेडकरकरनगर लोकसभा सीट लगातार चर्चाओं में रही है। इसकी गिनती प्रदेश की हॉट सीटों में भी होती रही है। इस सीट से बसपा सुप्रीमो मायावती तीन बार चुनाव जीती थी, यहां से 2009 में भाजपा के फायर ब्रांड नेता विनय कटियार चुनाव लड़ चुके हैं। आगामी चुमाव में भी दो दिग्गज नेताओं की साख दांव पर लगी है। मजेदार बात यह है कि दोनों ही नेता कभी बसपा के हमराह रहे, लेकिन इस बार आमने सामने हैं। कभी बसपा के बड़े नेताओं में गिने जाने वाले लालजी वर्मा इस बार सपा के प्रत्याशी के रूप में ताल ठोक रहे हैं, तो वहीं मौजूदा सांसद रितेश पांडे बसपा से सांसद चुने गए थे, लेकिन इस बार वह भाजपा के प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। दोनों ही नेताओं ने इस सीट को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है और मैदान फतेह करने के लिए पूरा जोर लगा दिया है। यानी कि अब दोनों दिग्गजों की साख दांव पर लगी है। देखना है कि बाजी किसके हाथ लगती है।

### श्रमिक आंदोलन की नींव पर सियासत बढ़ी

यहां पर श्रमिक आंदोलन की नींव पर सियासत बढ़ी और 90 के दशक में मायावती तेजी से सियासत की सीढ़ियां चढ़ती गईं। इस सीट को अपनी कर्मभूमि बनाया और 1995 में मुख्यमंत्री रहते अकबरपुर का नाम बदलकर अंबेडकरनगर रखा। 1998 के लोकसभा चुनाव में 35.17 प्रतिशत, 1999 में 35.16 प्रतिशत मत पाकर चुनाव जीतीं। कुर्मी, ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम मतों के बीच सोशल इंजीनियरिंग के दम पर मायावती ने 2004 के लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड 43.82 फीसद मत पाकर जीत दर्ज की।


## आईना : अंबेडकर नगर लोकसभा सीट

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रितेश पांडे | 564,118 |
| मुकुट बिहारी | 4,68,238 |
| प्रेमनाथ निषाद | 2,390 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | हरिओम पांडे | 4,32,104 |
| बसपा | राकेश पांडे | 2,92,675 |
| सपा | राम मूर्ति वर्मा | 2,34,467 |
| कांग्रेस | अशोक सिंह | 22,775 |
| एमएडीपी | सुरेश कुमार बौद्ध | 7,694 |



### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1962 | पन्ना लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | रामजी राम | रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया |
| 1971 | रामजी राम | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1980 | राम अवध | जनता पार्टी (सेक्युलर) |
| 1984 | राम प्यारे सुमन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 व 91 | राम अवध | जनता दल |
| 1996 | घनश्याम खरवार | बहुजन समाज पार्टी |
| 1998 व 99 | मायावती | बहुजन समाज पार्टी |
| 2002 | त्रिभुवन दत्त | बहुजन समाज पार्टी |
| 2004 | मायावती | बहुजन समाज पार्टी |
| 2004 | शंखलाल माझी | समाजवादी पार्टी |
| 2014 | हरिओम पांडे | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | रितेश पांडे | बहुजन समाज पार्टी |


**2014 नोटा 7,422 | 2019 नोटा 11,344**

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | राकेश पांडे | 259,487 |
| सपा | शंखलाल माझी | 236,751 |
| भाजपा | विनय कटियार | 226,067 |

**2024**

| | | |
|---|---|---|
| कुल मतदाता | - | 18,55,056 |
| पुरुष मतदाता | - | 9,66086 |
| महिला मतदाता | - | 8,88,964 |




## तीसरे चरण में 78 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त

**राज्य ब्यूरो, लखनऊः** तीसरे चरण की दस सीटों के चुनाव में 78 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हो गये, जबकि 104 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये। प्रत्याशी 22 अप्रैल को नाम वापसी कर सकेंगे। सात मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सम्भल में 13, हाथरस (अजा) में 10, आगरा (अजा) में 11, फतेहपुर सीकरी में 10, फिरोजाबाद में सात, मैनपुरी में आठ, एटा में 10, बदायूं में 12, ऑवला में नौ व बरेली में 14 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये। सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 21 ने नामांकन किया। इसमें आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। हाथरस (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। आगरा (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सभी 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। फतेहपुर सीकरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 19 ने नामांकन किया। इसमें नौ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। फिरोजाबाद क्षेत्र के लिए कुल 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 15 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें चार प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। एटा के लिए कुल 14 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। इसमें चार प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। बदायूं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था जिसमें चार के नामांकन पत्र निरस्त हुए। ऑवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जिसमें 12 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। बरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 28 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 14 के नामांकन पत्र निरस्त हुए।

# बाहरी बनाम लोकल के मुद्दे को मिल रही हवा

**गोरखनाथ मिश्र, संतकबीरनगर**

**अमृत विचारः** पिछले छः दशकों में संत कबीर नगर की सियासी पहचान जातीय और लोकल बनाम बाहरी के मुद्दे पर घूमती रही है। यहां के नेता विकास की बात कहकर वोट तो मांगते हैं लेकिन गुणा गणित जातीय मुद्दे पर ही तय करते हैं। यहां की सियासत के प्रमुख मुद्दों में से एक मुद्दा यह भी है कि यहां पार्टियां और उम्मीदवार बाहरी बनाम लोकल की हवा बनाते हैं। अबकी बार भी सपा के पप्पू निषाद इस जिले के निवासी हैं तो भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद बाहरी हैं। इसलिए सोशल मीडिया पर अभी से ही बाहरी बनाम लोकल के मुद्दे को हवा दी जा रही है। यहां की जनता ने बताया कि लोकल सांसद न होने के कारण यहां अभी तक रोडवेज डिपो जैसी आवश्यक सुविधाएं जनता के लिए नही हैं। सांसद तो चुने जाते है, लेकिन अपने किए गए वादे भूल जाते हैं।

### लोकसभा सीट का जातीय समीकरण

**संतकबीरनगर।** 62 लोकसभा सीट संतकबीरनगर में कुल 19 लाख 44 हजार 454 मतदाता हैं। जिसमें महिला वोटरों की संख्या 8 लाख 87 हजार 227 है तो पुरुष वोटरों की संख्या 10 लाख 57 हजार 144 है। एक अनुमान के मुताबिक जाति के आधार पर क्षेत्र में निषाद मतदाताओं की तादाद करीब डेढ़ लाख, मुस्लिम मतदाता सवा छह लाख, यादव मतदाता 1 लाख 30 हजार, कुर्मी मतदाता 1 लाख 20 हजार, ब्राह्मण मतदाता 3 लाख, क्षत्रिय मतदाता सवा लाख, भूमिहार मतदाताओं की संख्या 50 हजार और दलित मतदाताओं की संख्या करीब साढ़े चार लाख है। लोकसभा क्षेत्र संतकबीरनगर से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को तीन जनपदों में जाकर मतदाताओं की मनुहार करनी पड़ती है। इस लोकसभा क्षेत्र में संतकबीरनगर जिले कि खलीलाबाद, धनघटा और मेंहदावल के साथ ही गोरखपुर जिले की खजनी और अम्बेडकरनगर जिले की आलापुर विधानसभा क्षेत्र भी शामिल हैं। जिसके चलते प्रत्याशियों को तीन जनपदों का भ्रमण कर वोटरों की मनुहार करनी पड़ती है। तीनों विधानसभा क्षेत्रों की अपनी अलग अलग समस्याएं हैं। सभी को संतुष्ट कर अपने पक्ष में लामबंद करना प्रत्याशियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती होती है।



### जिले की लोकसभा का हाल

संतकबीरनगर। संत कबीर की निर्वाण स्थली 'मगहर' इसी क्षेत्र में है। संत कबीर नगर लोकसभा सीट से 2014 में यहां पर भाजपा के शरद त्रिपाठी ने जीत हासिल की थी। उसके बाद भाजपा के ही प्रवीण निषाद यहां से चुने गए। घाघरा और राप्ती के बीच बसा संत कबीर नगर बस्ती मंडल का हिस्सा है। इस सीट पर पहली बार 2009 में हुए चुनाव में बसपा के भीष्मशंकर तिवारी चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। 2014 में भारतीय जनता पार्टी के शरद त्रिपाठी ने यहां पर जीत हासिल की। डेमोग्राफी, विधानसभा और मुद्दे इस लोकसभा सीट में विधानसभा की पांच सीटें खलीलाबाद, घनघटा, मेंहदावल, अलापुर और गोरखपुर जनपद की खजनी शामिल हैं। कभी बुनकरों और जूट उद्योग के लिए प्रसिद्ध संतकबीरनगर में औद्योगिक स्थिति बदहाल है। चुनाव में यह एक अहम मुद्दा होगा। यहां की औसत साक्षरता दर 55.6 फीसद है। संतकबीर नगर की खास बातें यह हैं कि संतकबीर नगर उत्तर प्रदेश का लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। इसका मुख्यालय खलीलाबाद है। यहां के मगहर में संतकबीरदास का विश्व प्रसिद्ध स्मारक है। यह उत्तर में सिद्धार्थ नगर और महाराजगंज जिलों से पूर्व में गोरखपुर जिले से दक्षिण में अम्बेडकर नगर जिले से और पश्चिम में बस्ती जिले से घिरा है। महाभारत कालीन महादेव मंदिर तामेश्वरनाथ, बखीरा स्थित भंगेश्वरनाथ, हैंसरबाजार स्थित हशेश्वरनाथ और जनपद मुख्यालय स्थित प्राचीन समय माता मंदिर यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। दिल्ली से संत कबीर नगर की दूरी 728.6 किलोमीटर है और लखनऊ से 237.1 किलोमीटर है।

## चौथे चरण में 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार।** प्रदेश में चौथे चरण के चुनाव के लिए शनिवार को 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन भरने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल निर्धारित है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर में एक, खीरी में दो, धौरहरा में तीन, सीतापुर में एक, हरदोई में एक, मिश्रिख में एक, उन्नाव में दो, फर्रूखाबाद में एक, इटावा में दो, कानपुर में तीन, अकबरपुर में तीन व बहराइच में एक प्रत्याशियों ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों व सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये है।

## चुनावी चक्कर

- **उत्सव लोकतंत्र का हो तो सावधानियां आवश्यक :** उत्सव के दौरान लापरवाही से बचना भी एक बड़ी चुनौती होती है। फिर उत्सव लोकतंत्र का हो तो तमाम राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों को लेकर सावधानियां बरतना व्यवस्था संभालने वालों का फर्ज बन जाता है। दरअसल, मथुरा की भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के पक्ष में वोट की अपील करने पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आयी। हुआ यह कि, शाह के मंच पर पहुंचने से चंद सेंकड पहले बराबर में लगे साउंड सिस्टम के तारों में आग लग गई। चिंगारी निकलती दिखी तो सुरक्षाकर्मियों में अफरातफरी मच गई।
- **दोनों ही गठबंधनों ने कर दिया का सूपड़ा साफ? :** पहले चरण का मतदान तो हो गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर हुए चुनाव के बाद भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता एक दूसरे का सूपड़ा ही साफ हो जाने संबंधी बयान दे रहे हैं। ऐसी प्रतिक्रिया देने वालों में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हैं तो वहीं दूसरी ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी हैं। दोनों ही तरफ से एक जैसा बयान यानि सूपड़ा साफ होना, सफाया होना, पश्चिम से चली हवा ने दिशा दिखा दी जैसी प्रतिक्रियाएं आ रहीं हैं।

# सख्ती के कारण प्रदेश में घट गए छात्रवृत्ति के डेढ़ लाख लाभार्थी

## डाटा का मिलान सामाजिक अधिकारिता मंत्रालय के पोर्टल से हुआ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 2022-23 में 22 लाख 6 हजार को प्रदेश में छात्रवृत्ति का लाभ मिला
- 2023-24 में 20 लाख 59 हजार को ही लाभ मिल सका




**अमृत विचार:** छात्रवृत्ति योजना में गड़बड़ी रोकने को लेकर की गई पहल का परिणाम इस बार दिखाई पड़ा है। छात्रवृत्ति का लाभ लेने वालों की संख्या डेढ़ लाख कम हो गई है। नए वित्तीय वर्ष में यूडाइस और आइस जैसी व्यवस्था लागू करके व्यवस्था को और पारदर्शी बनाया जाएगा।

छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन की प्रक्रिया नवंबर से शुरू हुई थी। पात्रों को अवसर देने के लिए दो बाद तिथि बढ़ाई गई। जनवरी तक छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया। आवेदन के बाद फार्मा की कई स्तर पर जांच की गई। सामाजिक अधिकारिता मंत्रालय के पोर्टल से भी मिलान किया गया। प्रक्रिया पूरी होने के बाद फार्म अग्रसारित किए गए। वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 22 लाख 6 हजार को छात्रवृत्ति का लाभ पात्रों को दिया गया था। जबकि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 20 लाख 59 हजार को लाभ दिया गया। लगभग एक लाख 47 हजार छात्र-छात्राओं की संख्या इस बार कम हो गई। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि पात्रों को ही योजना का लाभ मिले इसको ध्यान में रखकर काम किया गया।

## माध्यमिक संस्कृत शिक्षा बोर्ड का परिणाम जारी हुआ

**लखनऊ, अमृत विचार:** माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का परिणाम शनिवार को जारी कर दिया गया। राजधानी के पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय परिषद के सचिव शिवलाल ने परिणाम की घोषणा की। हाईस्कूल(पूर्व मध्यमा) में इस बार 87.42 फ़ीसदी छात्र पास हुए है।

उत्तर मध्यमा 11वीं और 12वीं को जोड़कर कुल 86.83 परीक्षार्थी पास हुए हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व मध्यमा परीक्षा में कुल 19232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। 14701 छात्र इस परीक्षा में पास हुए है। उत्तर मध्यमा में कुल 13784 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें 11873 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं।

# प्रत्येक तस्कर के जिम्मे थी 9-9 लाख रुपये की विदेशी सिगरेट

**फरार तस्करों का मामला**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गिरफ्तार हुए छह तस्करों में दो की अग्रिम जमानत खारिज
- 27 तस्कर अब भी पुलिस की पकड़ से दूर, तलाश जारी

**अमृत विचार :** शारजाह से तस्करी कर लखनऊ लाते समय कस्टम अधिकारियों द्वारा पकड़े गए छह तस्करों में दो की अग्रिम जमानत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दी। चार की याचिका पर सुनवाई होनी है, जबकि 27 तस्कर अब भी फरार हैं। फरार तस्करों की तलाश लगातार जारी है। 1 अप्रैल को लखनऊ एयरपोर्ट पर उड़ान संख्या 6ई-1424 से उतरे यात्रियों को संदेह के आधार पर कस्टम अधिकारियों द्वारा रोका गया था। उन यात्रियों में से एक भब्बलपुरी टांडा बदिल रामपुर निवासी मो. रफीक था, जिसकी तलाशी से साढ़े 46 हजार रुपये तथा बैग की तलाशी से सिगरेट की 56 हजार स्टिक्स (मूल्य आठ लाख, 40 हजार) बरामद हुई थी। दूसरा तस्कर अब्दुल बसीर टांडा बदिल रामपुर का निवासी ही है। अब्दुल बसीर के पास से एक लाख तीन हजार रुपये नकद बरामद हुआ था, जबकि 8,61,000 मूल्य के 57,400 स्टिक्स सिगरेट बरामद हुई थी। सिगरेट की तस्करी करने वाले तस्करों की संख्या कुल 35 थी, जिसमें से छह गिरफ्तार हुए बाकी फरार हो गए थे। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पांडेय ने बताया कि कोर्ट ने उक्त दोनों तस्करों की जमानत खारिज कर दी है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा का पहला शो फ्लॉप हो गया : अखिलेश



**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में पश्चिम की हवा ने सब पलट दिया है। भाजपा का पहला शो फ्लॉप हो गया है। भाजपा को कोई वोट नहीं देना चाहता है। भाजपा नेताओं की घिसीपिटी कहानी अब कोई नहीं सुनना चाहता है। अखिलेश यादव शनिवार को मेरठ लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुनीता वर्मा के समर्थन में चुनावी सभा की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों को धोखा दिया। तीन काले कानून लाकर किसानों के खिलाफ कानून बनाया था। किसानों ने भाजपा सरकार के काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन किया। हजारों किसान शहीद हुए। किसान पीछे नहीं हटे। भाजपा सरकार काले कानून वापस लेने पर मजबूर हुई।

### सपा, बसपा और कांग्रेस का सफाया : केशव प्रसाद



**लखनऊ, अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को कानपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के नामांकन जुलूस से पहले आयोजित जनसभा में कार्यकर्ताओं को कांग्रेस मुक्त भारत और सपा-बसपा मुक्त उत्तर प्रदेश का संकल्प दिलाया। उन्होंने दावा किया कि फेज के मतदान में जनता ने सपा, बसपा और कांग्रेस का सफाया कर दिया है। फ्लॉप जोड़ी को इस बार सुपर फ्लॉप करके जनता वापस भेजने का काम करेगी। मोदी तीसरी बार जनता के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। यहां उपमुख्यमंत्री ने सभी से दोनों हाथ उठाकर मेरा बूथ, सबसे मजबूत का नारा दिलाते हुए सबसे ज्यादा वोट लाने का वचन दिलाया।

### सम्पर्क व संवाद से लक्ष्य प्राप्त करना है: धर्मपाल सिंह



**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शनिवार को जौनपुर एवं गाजीपुर में लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों सहित जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में बूथ विजय का मंत्र सौंपा। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य बड़े अंतर के साथ प्रदेश की सभी 80 सीटों पर चुनाव जीतना है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि नियमित प्रवास के साथ बूथ पर सक्रियता, सम्पर्क व संवाद से बूथ विजय का लक्ष्य प्राप्त करना है। प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपना है और प्रत्येक बूथ पर सभी को मतदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने टिफिन बैठक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि टिफिन बैठक में कार्यकर्ता अपने आस पास के लोगो को भी जोडे।

### पीडीए का अर्थ पारिवारिक डेवलपमेंट अथॉरिटी : भूपेंद्र



**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अखिलेश यादव द्वारा चुनावी रैली में लगाए गए आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पीडीए का नारा दे रहे हैं, जिसका असली अर्थ पारिवारिक डेवलपमेंट अथॉरिटी है। जिस तरह से उन्होंने अपने परिवारीजनों को टिकट बांटे हैं, उससे स्पष्ट है कि उनकी नीयत पीड़ित और दलितों के विकास की नहीं, बल्कि अपने परिवार के विकास को लेकर है। उन्होंने कहा, राज्य की जनता उनकी हकीकत अच्छी तरह जान चुकी है और इन आम चुनावों में वो एक बार फिर उनकी मंशा को नकार रही है।

### कर्ज में डूबे किसान ने खाया विषैला पदार्थ

**फिरोजाबाद, एजेंसी :** जिले के थाना नारखी क्षेत्र में एक किसान ने विषैला पदार्थ खाकर शनिवार को अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। गांव रणछोड़ गोरखा निवासी रामवीर (55) ने अपने खेत पर कोई विषैला पदार्थ खा लिया था। सूचना मिलने परपुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने बताया की कि रामवीर पर बैंक के अलावा अन्य कर्ज भी था जिसकी वजह से वह मानसिक दबाव में थे।

# एक करोड़ 47 लाख की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**लखनऊ, अमृत विचार:** आदर्श आचार संहिता के तहत हुई कार्रवाई में एक करोड़ 47 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। निर्वाचन आयोग ने कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों के जरिये अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। एजेंसियों के जरिये बीते एक मार्च से 19 अप्रैल तक कुल 31399.69 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये हैं। इसमें 2951.14 लाख रुपये नकद धनराशि, 4061.32 लाख रुपये कीमत की शराब, 21074.87 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2156.05 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं व 1156.30 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। बीते दिन अमेठी की तिलोई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 30 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 150 ग्राम ड्रग व बरेली की मीरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 28 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 280 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अपराधिक व्यक्तियों के 492 लाइसेंसी शस्त्र जब्त कर लिये गये हैं। 4291 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये हैं। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में 24,57,190 लोगों को पाबंद किये जाने के लिए नोटिस भेजी गई है, जिसमें 19,28,329 लोगों को पाबंद किया जा चुका है।

## मालगाड़ी के चार डिब्बे हुए डिरेल

**अयोध्या, अमृत विचार :** वाराणसी-लखनऊ रेल प्रखंड पर शनिवार शाम पौने सात बजे मनकापुर से बाराबंकी की ओर जा रही एक मालगाड़ी के चार डिब्बे अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन के पूर्व बरेहटा यार्ड के पास पटरी से उतर गए। इस घटना के बाद ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया। मौके पर एआरटी समेत रेलवे तथा जीआरपी व आरपीएफ का अमला पहुंच गया। देर रात तक मशक्कत में जुट रहा। ट्रैक बाधित होने के चलते रूट पर कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका गया है। 40 डिब्बों की एक मालगाड़ी शनिवार शाम मनकापुर वाया रामघाट हाल्ट होते हुए बाराबंकी जा रही थी। 20 खाली डिब्बों को सलारपुर रेलवे स्टेशन और शेष में लदे कोयले को बाराबंकी जाना था। लगभग 6:45 बजे मालगाड़ी के चार डिब्बे बरेहटा यार्ड के पास पटरी से उतर गए।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए 22 से चलाया जायेगा सुरक्षा अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभी जिलों में अंतर्विभागीय समन्वय के साथ 4 मई तक मनाया जाएगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा



**अमृत विचार :** राज्य सरकार उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को प्रयासरत है। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिवहन विभाग को सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। ऐसे में परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सभी जिलों में 22 अप्रैल से 4 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अंतर्विभागीय समन्वय के साथ मनाया जाएगा।

इस दौरान सभी स्कूली वाहनों का फिटनेस तथा वाहन चालकों के मेडिकल फिटनेस की जांच करायी जायेगी। सभी शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा में छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जायेगी एवं सुड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराया जायेगा। कॉमर्शियल चालकों के लिए हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से जारी किये जायेंगे। ओवरलोडिंग को टास्क फोर्स द्वारा सोर्स प्वाइंट ही रोका जायेगा। निर्देश है कि सभी मण्डल एवं जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से होनी चाहिये। इसके लिये सभी मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी दिन निर्धारित करें। बैठक में सड़क सड़क दुर्घटनाओं का जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर उनके भी सुझाव लिये जायें।

### सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण

ओवरस्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग एवं ड्रंकन ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण होते हैं। यह एक मैन मेड डिजास्टर है इसलिये इसमें कमी लाने के लिये अवेयरनेस बिल्ट करने की जरूरत है। यह एक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण मुद्दा है।

# बायोमेट्रिक हाजिरी में कर्मचारी संगठन के लोगों को मिलेगी छूट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकारी विभागों में कर्मचारियों की मांगों का शीघ्र ही निस्तारण किया जायेगा, इतना ही नहीं कर्मचारी संगठनों की होने वाली निर्धारित बैठकों को लेकर पदाधिकारियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति में भी छूट मिलेगी। इसके लिए अपर मुख्य सचिव डॉ.देवेश चतुर्वेदी ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर निर्देश दिये गये हैं।

राज्य सरकार के अधीन संचालित अधिकांश विभागों में उपस्थिति दर्शाने के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू हो चुकी है। कई विभागों में कर्मचारियों ने क्षेत्रीय कार्य व्यवस्था तहत उक्त का विरोध भी किया था। कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने भी अपनी दिक्कतों से राज्य सरकार को अवगत कराया था।

संगठन के पदाधिकारियों का कहना था कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए समय समय पर अक्सर विभागों में आना जाना पड़ता है। इसके लिए पदाधिकारियों ने बायोमेट्रिक अटेंडेंस में निर्धारित समय पर उपस्थिति दर्ज करने में असमर्थता जताई थी। उक्त समस्याओं को ध्यान में रखकर शासन द्वारा कर्मचारी संगठनों की मांगें के निस्तारण करने व बायोमेट्रिक उपस्थिति में छूट प्रदान करने के निर्देश जारी किये गये हैं।

## रामलला के दर्शन को आएंगे 28 देशों के 88 प्रवासी भारतीय

**अयोध्या, अमृत विचार:** देश के विभिन्न राज्यों से आकर एक करोड़ से अधिक भक्त राम मंदिर में प्रभु रामलला के दर्शन कर चुके हैं। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद से शुरू हुआ यह क्रम आज भी निरंतर जारी है। तो वहीं अब विदेशों में रहने वाले प्रवासी भारतीय भी पीछे नहीं रहने वाले हैं। रविवार को 28 देशों के 88 प्रवासी भारतीय अयोध्या पहुंचेंगे। दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष डॉ विजय जौली ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को आनंद विहार रेलवे स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन से 88 प्रवासी भारतीय और 400 से अधिक भक्त रामलला दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे।

# घरेलू उड़ानों का संचालन आज से टर्मिनल 3 से होगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज से सभी घरेलू उड़ानों का संचालन एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 से होगा। मार्च में 2400 करोड़ रुपये से बनाए गए नए टर्मिनल 3 का लोकार्पण किया गया था। सभी प्रमुख एयरलाइंस ने सोशल मीडिया पर यात्रियों को रविवार से नए टर्मिनल-3 से जाने की सूचना दी है।

इंडिगो ने एक वीडियो जारी कर यात्रियों को पूरा रूट समझाया है। नए टर्मिनल में प्रस्थान और आगमन के लिए अलग रास्ते हैं। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए परिचालन फिलहाल पुराने टर्मिनल-1 से जारी रहेगा। टर्मिनल-3 के दूसरे चरण के निर्माण से पहले अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए इस नए टर्मिनल में व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद पुराना टर्मिनल-3 ध्वस्त कर दिया जाएगा। लखनऊ से 100 से अधिक घरेलू उड़ानें हैं।वहीं अगर आप किसी यात्री को छोड़ने जा रहे हैं तो लक्ष्मण चौक के आगे फ्लाईओवर से जाना होगा। ऊपर प्रस्थान हॉल है, जहां यात्री को छोड़ने के बाद आगे फ्लाईओवर से उतरते हुए वापस लक्ष्मण चौक की ओर आने वाली सड़क मिल जाएगी। यात्री को लाने के दौरान लक्ष्मण चौक के आगे फ्लाईओवर के बगल से जाना होगा।

## वर्ग पहेली-46

**बाएं से दाएं**

1. जिसे किसी चीज़ की लत हो, अभ्यस्त, व्यसनी।
2. 1. दरवाज़े के दोनों कपाटों के मध्य फ़र्श पर लगाई गई लकड़ी, देहरी, ड्योढ़ी, चौखट 2. नपुंसक, नामर्द 3. गूलर नाम का एक फल तथा उसका वृक्ष 4. एक प्राचीन जाति 5. एक प्रकार का कोढ़।
4. 1. कोमल, नाज़ुक, मुलायम 2. मनोहर, सुंदर, सुहावना, बहुत अच्छा, उत्तम 3. दक्ष, होशियार, चतुर, प्रवीण।
6. दक्षता।
9. (पुराण) सात पाताल लोकों में से एक।
10. 1. गले लगाना, आलिंगन करना 2. छूना, पकड़ना 3. मिलने पर उपहार देना।

**ऊपर से नीचे**

1. हर्ष
2. 1. भारी उलटफेर, उलट-पुलट, क्रमभंग 2. हलचल।
3. रचयिता, रचना करने वाला।
5. 1. सौरमंडल के ग्रहों में सातवां ग्रह 2. सप्ताह का आख़िरी दिन, शनिवार।
7. टीन का गिलास जिसपर चमकदार रोगन या लुक लगाया गया हो; टीन का पात्र जिसपर चीनी मिट्टी आदि की कलई हो।
8. 1. आसवन करने की क्रिया 2. काढ़ा 3. प्रसव।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 6 | | | 7 | ■ |
| ■ | 8 | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 9 | | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 10 | | |

### वर्ग पहेली -45 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फुँ | क | ना | ■ | 2 फ़ | रे | बी |
| ■ | ■ | ■ | ■ | रा | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 3 ज़ | ■ | मो | ■ | 4 चु |
| 5 अ | 6 म | र | 7 को | श | ■ | ल |
| ■ | 8 स | र | ला | ■ | ■ | चु |
| ■ | नू | ■ | 9 ह | य | शा | ला |
| 10 चो | ई | ■ | ट | ■ | ■ | ना |

# कंबाइन मशीन के नीचे दबकर महिला की मौत

बहराइच, अमृत विचार : जिले के ग्राम पंचायत गायघाट के मजरा चोर पुरवा निवासी एक महिला की शनिवार शाम को कंबाइन मशीन के नीचे दबकर मौत हो गई। शनिवार को राहीदुल पत्नी रज्जब अली उम्र लगभग (50)वर्ष मशीन द्वारा छोड़े गेहूं की बाली की एकत्रित करने लगी। इसी दौरान कम्बाइन चालक द्वारा मशीन को बैक किया, जिसकी चपेट में आने से महिला की दबकर मौत हो गयी।

# हत्यारोपी ने जेल के अंदर की आत्महत्या की कोशिश

- गैलरी में गमछे से लगाई फांसी, बंदी रक्षकों ने उतारा

**हरदोई, अमृत विचार :** हत्या के मामले में सज़ा काट रहे हत्यारोपी ने जेल की गैलरी में अपने गमछे से फांसी लगा, लेकिन गनीमत रहा कि उसी बीच बंदी रक्षको की नज़र पड़ गई। उन्होंने दौड़ कर उसे फांसी के फंदे से उतारा, इसका पता होते ही जेल प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। आत्महत्या की कोशिश करने वाले हत्यारोपी को आनन-फानन में मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां के डाक्टरों ने उसे लखनऊ के लिए रिफर कर दिया।

बताया गया है कि बिलग्राम कोतवाली के नूरपुर हथौड़ा निवासी 42 वर्षीय गुड्डू हत्या के आरोप में साल 2023 31 दिसंबर से जिला जेल में सज़ा काट रहा है। शनिवार सुबह उसने जेल की गैलरी के लोहे के गेट में एक गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिस वक्त हत्यारोपी गुड्डू फांसी लगा रहा था, उसी बीच वहां मौजूद बंदी रक्षको ने उसे ऐसा करते देख लिया। आखिर हत्यारोपी ने ऐसा कदम क्यों उठाया इस बारे में छानबीन की जा रही है।

# अमरोहा व गाजियाबाद में सभाएं करेंगी मायावती

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोस चुनाव में बसपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन जुटाने को बसपा प्रमुख मायावती रविवार को अमरोहा और गाजियाबाद के चुनावी सभाएं संबोधित करेंगी। चुनावों में एनडीए व इंडिया गठबंधन के खिलाफ बसपा अकेले लड़ रही है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल ने बताया कि बसपा कई राज्यों में चुनाव लड़ रही है, उप्र. में प्रत्याशियों के समर्थन में पार्टी प्रमुख की सभाएं तय समय पर संपन्न होंगी।

## सुडोकू -125

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 3 | | | 4 |
| | 2 | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | 5 | 7 | | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| 6 | | 4 | 8 | | | | 5 | |
| | 7 | | | 5 | | | 8 | |
| 5 | | | 2 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 1 | | 6 | | |

### सुडोकू -124 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 8 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 22 अप्रैल 01.11 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 17.08 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष:** आज शत्रु आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। आपकी प्रतिभा और योग्यता की सराहना होगी। आपको क्रोध करने से बचना चाहिए। अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं।

**वृष:** आज किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है। संतान को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। रिश्तेदारों पर आपको ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। पैतृक व्यवसाय में आप काफी ध्यान देने वाले हैं।

**मिथुन:** आज मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ आपका वैचारिक मतभेद हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी।

**कर्क:** आज रोजगार में आप बदलाव कर सकते हैं। विचारों में सकारात्मकता बनाए रखें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा।

**सिंह:** आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें। गुरु तुल्य लोगों का मार्गदर्शन मिल सकता है। क्रोध और आवेश से आपको बचना चाहिए। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**कन्या:** आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ाएगा। व्यापार में आपको धन लाभ मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों की तरक्की हो सकती है। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बनाएंगे।

**तुला:** आज संपत्ति के क्रय-विक्रय की बड़ी डील से धन लाभ होगा। जीवनसाथी आपसे उपहार की अपेक्षा रख सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे।

**वृश्चिक:** आज व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य की समस्याओं का निवारण हो सकता है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का माहौल सकारात्मक रखने का प्रयास करें।

**धनु:** आज आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहेगी। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

**मकर:** आज दोस्तों के साथ मनोरंजन भरा समय व्यतीत करेंगे। मन में विकृत विचार जन्म लेंगे। अजनबियों पर भरोसा न करें। गैरकानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**कुंभ:** आज प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं। ऑनलाइन लेन-देन आपको सावधानी पूर्वक करना चाहिए। वैवाहिक जीवन को ज्यादा समय नहीं दे पाएंगे। व्यक्तिगत समस्याओं को दूसरों से ज्यादा शेयर न करें।

**मीन:** आज सभी काम योजना बनाकर करें तो आपको लाभ मिलेगा, जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे। आपकी वाणी से लोग प्रभावित रहेंगे। व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। जीवनसाथी के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- कौन करे कुर्बानी — दोपहर : 12.00
- मेला — रात : 07.04

**Sony Max**
- पटेल की पंजाबी शादी — सुबह : 09.56
- एनिमल — रात : 09.06

**Sony Pix**
- घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ़ — सुबह : 10.46
- मॉन्स्टर हंटर — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- वीरे दी वेडिंग — सुबह : 10.15
- दिल धड़कने दो — रात : 07.15

**Colors Cineplex**
- मासूम — सुबह : 09.00
- ओएमजी 2 — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात :09.06 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अर्रेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी-जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

संता-ये लड़की बहुत सुंदर है।
बंता-मैं तो इसका नाम भी जानता हूं
संता- क्या नाम है? मैं उसे फेसबुक पर खोजूंगा।
बंता-यह बैंक मैं काम करती है इसके काउंटर पर इसका नाम अकाउंटेंट लिखा है।

## एक नजर

### मध्य प्रदेश के बैतूल में बस पलटने से पुलिस और होम गार्ड के 21 जवान घायल

**बैतूल (मध्य प्रदेश)।** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में शनिवार तड़के बस पलटने से उसमें सवार पुलिस और होम गार्ड के 21 जवान घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि ये जवान चुनावी ड्यूटी के बाद अपने गृह जिले राजगढ़ लौट रहे थे, तभी भोपाल-बैतूल राजमार्ग पर बरेठा घाट के पास उनकी बस पलट गई। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) शालिनी परस्ते ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के चार बजे हुई। बस में 40 जवान सवार थे, जिनमें से पांच पुलिसकर्मी और बाकी होम गार्ड थे। ये छिंदवाड़ा में चुनावी ड्यूटी करने के बाद राजगढ़ जा रहे थे, लेकिन रास्ते में बस पलट गई। गंभीर घायल आठ कर्मियों का इलाज बैतूल के जिला अस्पताल में चल रहा है और चोटिल कर्मियों का उपचार शाहपुर अस्पताल में हो रहा है। रास्ते में आए एक ट्रक से टकराने से बचने में बस पलट गई।

### ओडिशा में नौका पलटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई सात

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में महानदी से पांच और शवों के मिलने के साथ ही नौका पलटने की घटना में मारे गए लोगों की संख्या शनिवार को सात हो गई। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम नाव पलटने के तुरंत बाद तलाश अभियान शुरू करने वाले ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल तथा अग्निशमन सेवा के कर्मियों ने महानदी से पांच और शव बरामद किए हैं। नदी के हीराकुंड जलाशय से पांच और शव बरामद किए गए। हादसे में मारे गए सभी लोग पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के थे। यह हादसा तब हुआ जब 50 लोग बारगढ़ जिले के पथरसेनी कुडा स्थित मंदिर में दर्शन कर नौका से लौट रहे थे।

### बीएसएफ ने अमृतसर में आधा किलो हेरोइन और ड्रोन बरामद किया

**जालंधर।** बीएसएफ ने पंजाब के अमृतसर जिले में आधा किलो हेरोइन और एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को बीएसएफ के खुफिया विंग को अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में खेप के साथ ड्रोन की सूचना मिली। बीएसएफ ने संदिग्ध क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सैनिकों ने एक पैकेट हेरोइन (वजन - 500 ग्राम) के साथ ड्रोन मिला। पैकेट को पीले चिपकने वाले टेप में लपेटा गया था और ड्रोन से एक छोटी टॉर्च भी जुड़ी मिली। यह बरामदगी अमृतसर के नेस्था गांव से सटे खेत में हुई। बरामद ड्रोन की पहचान चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक के रूप में हुई है।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शनिवार को आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया और वहां से कुछ संदिग्ध सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि खोजबीन और घेराबंदी के दौरान अरनास उपमंडल के दलास बरनेली क्षेत्र में आतंकवादियों के इस ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। विश्वसनीय जानकारी के बाद यह खोजबीन शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि आतंकी ठिकाने से दो डेटोनेटर, एके असॉल्ट राइफल के 12 कारतूस, एक बैटरी और कुछ तार मिले हैं। रियासी जिले की एसएसपी मोहिता शर्मा ने कहा कि इलाके में खोजबीन अभियान अब भी जारी है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। पुलिस राष्ट्र विरोधी तत्वों के किसी भी नापाक मंसूबे को नाकाम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अमेठी के बाद वायनाड सीट भी हारेंगे साहबजादे: मोदी

## कांग्रेस नेता को 26 अप्रैल के बाद करनी होगी किसी सुरक्षित सीट की तलाशी

**नांदेड़, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस के साहबजादे केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से हार जाएंगे और उन्हें उसके बाद किसी सुरक्षित सीट की तलाश करनी होगी। उन्होंने लोगों से महाराष्ट्र की नांदेड़ और हिंगोली सीट पर भाजपा के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की।

मोदी ने नांदेड़ रैली में कहा कि पता चलता है कि चुनाव के पहले चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में एकतरफा मतदान हुआ है। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि अमेठी से हार के बाद साहबजादे वायनाड से भी हारेंगे। उन्हें 26 अप्रैल के बाद किसी सुरक्षित सीट की तलाश करनी होगी। उन्होंने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के संदर्भ में कहा



● महाराष्ट्र की नांदेड़ और हिंगोली सीट पर भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की प्रधानमंत्री ने की अपील

कि विपक्षी गठबंधन 'इंडी' के कुछ नेता लोकसभा छोड़कर राज्यसभा में चले गए क्योंकि उनमें चुनाव लड़ने का साहस नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसानों और गरीबों के विकास में बाधक रही है। मोदी ने कहा कि कृषि संकट अभी का नहीं है। यह कांग्रेस की त्रुटिपूर्ण नीतियों के कारण हुआ।

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके पास कोई चेहरा ही नहीं है। वे जो चाहे दावे करें लेकिन हकीकत यही है कि कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव की घोषणा से पहले ही हार स्वीकार कर ली। उन्होंने मतदाताओं से चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। मोदी ने कहा कि आप वोट देकर कोई एहसान नहीं कर रहे हैं बल्कि आप देश का भविष्य सुरक्षित कर रहे हैं। मैं विपक्ष के पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना चाहता हूं। आपका (विपक्षी नेता) चुनाव हारना तय है लेकिन आपको कभी मौका मिलेगा। आपको भी मतदाताओं से मतदान की अपील करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन के घटक दल 25 फीसदी सीट पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चार जून को चुनाव परिणाम के बाद वे एक-दूसरे से और लड़ेंगे। मोदी ने कहा कि अगर नागरिकता संशोधन अधिनियम नहीं होता तो अफगानिस्तान से आए सिखों का भविष्य क्या होता।

# नेहा हत्याकांड: कर्नाटक के गृह मंत्री ने छात्रा के परिजनों से मांगी माफी

● जी परमेश्वर ने नेहा और आरोपी फैयाज में रोमांटिक रिश्ते होने का संकेत दिया था

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक में एमसीए की छात्रा नेहा हीरेमथ की हत्या के मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने उसके माता-पिता से अपनी पिछली टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। डॉ. परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि अगर मेरे बयान से नेहा के माता-पिता की भावनाएं आहत हुई हैं, तो मुझे गहरा खेद है।

गृह मंत्री की शुरुआती टिप्पणियों में नेहा और आरोपी फैयाज के बीच 'रोमांटिक रिश्ते' होने का संकेत दिया गया था, जिससे विवाद खड़ा हो गया था और इसकी कड़ी आलोचना हुई थी। फैयाज की मां मुमताज ने भी नेहा के शोक संतप्त परिवार से सार्वजनिक माफी मांगी है और अपराध में अपने बेटे की कथित भूमिका के लिए पश्चाताप व्यक्त किया है।

इन घटनाक्रमों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नेहा की मां गीता ने कहा कि उनसे मेरी बेटी को वापस लाने के लिए कहें। मैं अपनी बेटी का इंतजार कर रही हूं, आरोपियों को सजा मिलनी चाहिए, उसे फांसी दी जानी चाहिए, हम अपनी बेटी को जानते हैं, दोनों में कोई रिश्ता नहीं था। क्या हमारी बेटी को नहीं पता था कि वह किस धर्म से है? हमने हमेशा एक साथ समय बिताया और उसने मेरे साथ सब कुछ साझा किया। नेहा के पिता ने लगातार इस मामले को लव जिहाद के रूप में संदर्भित किया है।

उल्लेखनीय है कि हुबली शहर के कॉलेज परिसर में नेहा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद छात्रों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए फैयाज का पीछा करके उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया था। इस घटना के बाद लोग नेहा के लिए न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

### कर्नाटक को जिहादी देश कहने पर विवादों में घिरे विपक्ष के नेता नेता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में विपक्ष नेता आर अशोक के राज्य को जिहादी देश कहने के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। अशोक ने शुक्रवार को कर्नाटक में सत्तारुढ़ पार्टी के खिलाफ आरोपपत्र जारी करने के बाद कहा कि जब से सिद्दाधारमैया सरकार सत्ता में आयी है, कर्नाटक एक जिहादी देश बन गया है और हिंदुओं के जीवन को कम महत्व दिया गया है। उन्होंने डीजे हल्ली दंगों से संबंधित मामलों को वापस लेने और कुकर बम मामले में संदिग्धों को बरी करने के सरकार के प्रयास का हवाला देते हुए कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति में संलिप्त होने का आरोप लगाया। अशोक ने हत्याओं में 31 प्रतिशत की वृद्धि, डकैतियों में 41 प्रतिशत की वृद्धि और पिछले वर्ष में 17 हजार साइबर अपराध के मामलों के पंजीकरण का हवाला देते हुए अपराध दर में वृद्धि की ओर इशारा किया।

# सिसोदिया की जमानत पर कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आबकारी नीति घोटाला





● सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश 30 अप्रैल को सुना सकते हैं फैसला

दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बवेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों और सिसोदिया के वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश 30 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया। आम आदमी पार्टी के नेता ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते दोनों मामलों में अंतरिम जमानत याचिका भी दायर की है। हालांकि सिसोदिया के वकील ने शनिवार को अदालत को बताया कि नियमित जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित किए जाने के कारण वह याचिका निरर्थक हो गई है। सीबीआई तथा ईडी का आरोप है कि दिल्ली आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं बरती गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना लाइसेंस दिए गए।

### गवाह बनने के बाद रेड्डी ने भाजपा को दिया 50 करोड़ : संजय

**नई दिल्ली।** आप ने शनिवार को आरोप लगाया कि शराब घोटाले के मुख्य आरोपी सरथ रेड्डी ने सरकारी गवाह बनने के बाद भाजपा को 50 करोड़ रुपए दिए। आप नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय टीवी चैनल पर झूठ बोलकर जनता को गुमराह किया और भाजपा पर रिश्वतखोरी के लगे आरोपों को छुपाने का प्रयास किया। जिस सरथ रेड्डी को ईडी ने मुख्य घोटालेबाज बताया, उसी ने भाजपा को करोड़ों रुपए की रिश्वत दी है।

### हाईकोर्ट सोमवार को शिक्षक भर्ती घोटाला पर सुनाएगा फैसला

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट 2016 की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प. बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में उम्मीदवारों के चयन में कथित अनियमितताओं से संबंधित याचिकाओं और अपीलों पर सोमवार को फैसला सुनाएगा। कोर्ट के आदेश पर जांच कर रही सीबीआई ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और प. बंगाल स्कूल सेवा आयोग के कुछ पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति देबांग्सु बसाक व न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की पीठ सोमवार को इस पर फैसला सुनाएगी।

# अपमानजनक पोस्ट के सिलसिले में विजयेंद्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज : निर्वाचन आयोग

**बेंगलुरु, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस की शिकायत पर अपमानजनक पोस्ट पर भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ प्राथमिकी दी है। कांग्रेस ने भाजपा पर शांति भंग करने का आरोप लगाया है। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के 'एक्स' पर कहा गया कि 19 अप्रैल को भाजपा की राज्य इकाई के 'एक्स' पर किए अपमानजनक पोस्ट पर उड़न दस्ता टीम ने मल्लेश्वरम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### कुमारस्वामी के खिलाफ प्राथमिकी

**बेंगलुरु।** चुनाव के संबंध में झूठे बयान देने के आरोप में जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के खिलाफ निर्वाचन आयोग ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। कुमारस्वामी ने कांग्रेस उम्मीदवार डीके सुरेश पर निशाना साधा था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के 'एक्स' पर पोस्ट किया कि चुनाव के संबंध में झूठे बयानों पर गुब्बी, तुमकुरु के उड़न दस्तों ने कुमारस्वामी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# लोस चुनाव के तीसरे चरण के लिए महाराष्ट्र में 361 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**मुंबई, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात मई को होने वाले मतदान के लिए महाराष्ट्र में बारामती और सतारा निर्वाचन क्षेत्रों सहित 11 सीट के लिए 361 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, रायगढ़ सीट पर 28, बारामती में 51, उस्मानाबाद और लातूर में 36-36, सोलापुर में 41, माधा में 42, सांगली में 30, सतारा में 24, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग में नौ, कोल्हापुर में 28 और हातकणंगले में 36 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। तीसरे चरण के लिए नामांकन का आखिरी दिन शुक्रवार था। बारामती सीट से मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले और उनकी भाभी सुनेत्रा पवार (राकपा) में मुकाबला है। कोल्हापुर सीट से शाहू छत्रपति कांग्रेस के उम्मीदवार हैं जबकि सतारा सीट से उदयनराजे भोसले को भाजपा ने टिकट दिया है। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग सीट पर भाजपा उम्मीदवार हैं, जबकि सांगली में संजय काका पाटिल का मुकाबला पहलवान चंद्रहार पाटिल से है जो शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के प्रत्याशी हैं।

### नाबालिग से गैंगरेप के जुर्म में दोषी युवक को उम्रकैद

**पटना।** पटना व्यवहार न्यायालय की विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ गैंगरेप में एक युवक को उम्रकैद की सजा के साथ 25 हजार का जुर्माना लगाया है। विशेष न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा ने सुनवाई के बाद पटना के अथमलगोला थाना क्षेत्र के सबनीमा गांव के शिवलोक को दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। अदालत ने पीड़िता को मुआवजे के तौर पर पांच लाख रुपये देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है। विशेष लोक अभियोजक सुरेश चंद्र प्रसाद ने बताया कि 2021 में दोषी ने नाबालिग बालिका से अश्लीलता कर विडियो बनाई और वायरल करने की धमकी देकर उसे दुकान में बुलाकर उसके साथ गैंगरेप किया गया था।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1105 डीएमओ- 885 बोल्ड- 1175
**चन्दौसी :** शिवालिक- 995 फ्लैग- 1105 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 880

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85850 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75900 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 56500-56700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 76,150 |
| सोना रवा | 76,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,100 |
| चांदी (999) | 84,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74800 |
| सिल्वर (पक्की) | 832 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 75,800 |
| चांदी आभूषण | 84,200 |

### मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75-76 रुपये मसूर : 88-90 रुपये मलका : 82-85 रुपये अरहर : 118-125 रुपये उड़द : 95-101 रुपये धोआ उड़द : 110-120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145-160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

### वेसुवियस भारत में 1,000 करोड़ करेगा निवेश

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के वेसुवियस ग्रुप की योजना भारत में निवेश बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपये करने की है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पैट्रिक आंद्रे ने विशाखापत्तनम में मोल्ड फ्लक्स विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन करते हुए ये बात कही।

# केंद्र का लक्ष्य देश को विनिर्माण, सेवाओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाना : सीतारमण

## घरेलू बाजार के साथ ही निर्यात के लिए भी उत्पादन करने पर सरकार का जोर

**अहमदाबाद, एजेंसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने भारत को विनिर्माण और सेवाओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए नीतियां तैयार की हैं। उन्होंने कहा कि न केवल घरेलू बाजार के लिए बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करने पर सरकार का जोर है। वह एलन मस्क के प्रधानमंत्री मोदी की बैठक रद करने पर सवाल का जवाब दे रही थीं।

उन्होंने कहा कि निवेश आकर्षित करने के लिए नीतियां बनाई गई हैं। हम चाहते हैं कि विनिर्माता और निवेशक न केवल भारत के लिए, बल्कि यहां से निर्यात करने के लिए भी





आएं और उत्पादन करें। हम नीतियों से विनिर्माताओं और निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास करेंगे। टेस्ला के सीईओ मस्क ने शनिवार को कहा कि कंपनी के दायित्वों के कारण उनकी भारत यात्रा में देरी हो रही है।

सीतारमण ने कहा कि जब बड़ी कंपनियां भारत आने में रुचि दिखाती हैं, तो हम उनके लिए यहां आने और निवेश को आकर्षक बनाने के लिए सब कुछ करेंगे। उस प्रक्रिया में, अगर चर्चा करने के लिए कुछ भी होगा, तो हम निश्चित रूप से चर्चा करेंगे। हमने जो भी किया है, नीति के जरिए किया है। उन्होंने कहा कि नीतियों को इस तरह से तैयार किया गया है ताकि भारत को विनिर्माण और सेवाओं के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाया जा सके।

### अर्थव्यवस्था में गुजरात का योगदान 8.3%

**अहमदाबाद।** वित्त मंत्री ने कहा कि गुजरात जीडीपी में 8.3 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है जबकि इसकी आबादी पांच प्रतिशत है। गुजरात को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) का फायदा मिल रहा है। अहमदाबाद में गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) द्वारा आयोजित विकसित भारत एट 2047 में वित्त मंत्री ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति सरकार आशावान और प्रतिबद्ध है। 2014 में मोदी सरकार आने से पहले देश में मुद्रास्फीति दहाई अंक में थी और पूंजी का पलायन हो रहा था। मोदी सरकार ने निर्णायक सुधारों से अर्थव्यवस्था को नयी दिशा दी और सबके प्रयास से आज भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत है।

### एनर्जीज ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेज किए पेश

**नई दिल्ली।** सोलर सेल बनाने वाली कंपनी प्रीमियर एनर्जीज लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। हैदराबाद स्थित कंपनी आईपीओ के तहत 1,500 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी। प्रवर्तकों और निवेशकों की ओर से 2.82 करोड़ तक शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) होगी। कंपनी आईपीओ से पहले 300 करोड़ तक के शेयर बड़े निवेशकों को जारी कर सकती है। यदि ऐसा किया जाता है, तो निर्गम का आकार कम हो जाएगा। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की परिचालन आय 1,428 करोड़ रुपये थी, जबकि बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर, 2023 तक यह आंकड़ा 2,017 करोड़ रुपये रहा।

# आभूषण निर्यात 12.17 % घटकर 2.65 लाख करोड़

**मुंबई, एजेंसी**



● अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और चीन में धीमे सुधार से उद्योग प्रभावित

देश का रत्न और आभूषण निर्यात बीते वित्त वर्ष के दौरान 12.17 प्रतिशत घटकर 2,65,187.95 लाख करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और चीन में धीमे सुधार के कारण उद्योग का प्रदर्शन प्रभावित हुआ। वित्त वर्ष 2022-23 में रत्न एवं आभूषण का निर्यात 3,01,925.97 करोड़ था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने पीटीआई-भाषा से कहा कि पिछला वित्त वर्ष सभी उत्पाद श्रेणियों के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था। ऐसा मुख्य रूप से अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों से उत्पन्न मंदी के कारण हुआ, जो इस क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। इसके अलावा, चीन में कोविड-19 के बाद सुधार की प्रक्रिया धीमी रहने से भी प्रभाव पड़ा। इस बीच, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का कुल निर्यात 25.23 प्रतिशत घटकर 1,32,128.29 करोड़ रुपये रह गया, जबकि 2022-23 की समान अवधि में यह 1,76,716.06 करोड़ रुपये था। कृत्रिम हीरों का अनंतिम सकल निर्यात बीते वित्त वर्ष में 13.79 प्रतिशत घटकर 11,611.25 करोड़ रह गया, जो 2022-23 में 13,468.32 करोड़ रुपये था।

# जब दुनिया तनाव में है, भारत प्रगति कर रहा : सीआईआई

**कोलकाता, एजेंसी**

● भारत में सेवा और विनिर्माण, दोनों ही क्षेत्रों में बड़े अवसर है मौजूद

प्रमुख उद्योग मंडल सीआईआई के मनोनीत अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि भारत ऐसे वक्त में प्रगति कर रहा है, जब दुनिया तनाव के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त काफी दिलचस्प है। पुरी आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भी हैं। पुरी ने कहा कि सीआईआई के पास दशकों से बनी एक समृद्ध विरासत है। हम निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था और उद्योग के विकास में योगदान देने के लिए तत्पर रहेंगे।

उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त भारत का है।



देश में कई नीतिगत हस्तक्षेप किए गए हैं, और वैश्विक कारक हमें आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं। देश ऐसे समय में प्रगति कर रहा है, जब दुनिया तनाव में है। पुरी ने कहा कि भारत में बहुत सारे अवसर हैं और यहां प्रतिभा का बड़ा भंडार है। उन्होंने कहा कि जहां तक आपूर्ति श्रृंखला और डिजिटल परिवर्तन का सवाल है, दुनिया हमारी ओर देख रही है। भारत के पास जनसांख्यिकीय लाभांश भी है। सेवा और विनिर्माण, दोनों क्षेत्रों में बड़े अवसर मौजूद हैं।

### विश्व बैंक ने जी-20 अध्यक्ष के तौर पर भारत की प्रशंसा की

**वाशिंगटन।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान कई प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत की भूमिका की सराहना की। भारत के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत ने 9-10 सितंबर तक नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। शिखर सम्मेलन ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर प्रमुख मतभेदों को दूर करते हुए आम सहमति से 37 पेज के घोषणा पत्र को अपनाया और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के मौके पर बताया कि वैश्विक स्तर के लिए प्रासंगिक कई मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जी-20 में भारत की अध्यक्षता की सराहना हो रही है। मौजूदा लोकसभा चुनाव से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में शामिल नहीं हो रही हैं।

# देश की जीडीपी 3.7 लाख करोड़ डॉलर, 10 वर्षों में 10 लाख करोड़ डॉलर का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● वर्तमान समय में 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत

भारत के वर्ष 2027 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद के बीच 10 वर्षों में देश के सकल घरेलू उत्पाद के बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर के होने के अनुमान के मद्देनजर इस अवधि में 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। सोसायटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स द्वारा सेवा निर्यात संवर्धन परिषद के सहयोग से आयोजित सम्मेलन में सर्राफ एंड पार्टनर्स के संस्थापक एवं प्रबंध पार्टनर मोहित सर्राफ ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि अभी भारत का सकल घरेलू उत्पाद 3.7 लाख करोड़ डॉलर का है जो 10 वर्षों में बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर के होने का अनुमान है। इसको पाने के लिए 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। इस दिशा में काम जारी है लेकिन गति बनाए रखने की जरूरत है ताकि इसको हासिल कर सके। सोसायटी ऑफ इंडियल लॉ फर्म्स के अध्यक्ष डॉ. ललित भसीन ने कहा कि देश में बड़े पैमाने पर मामले लंबित है लेकिन इस मामलों को मध्यस्थता से निटपाया जा सकता है। अधिकांश मामलों में कहीं न कहीं सरकार आती है और सरकार नीतियों में खामियों की वजह से मामलों का निपटान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने और अनुपयोगी कानूनों को समाप्त किया जाना चाहिए लेकिन उनके स्थान पर तर्कसंगत कानून भी बनाये जाने की आवश्यकता है।

# विनेश, रीतिका और अंशु को ओलंपिक कोटा

**पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन**

बिश्केक (किर्गिस्तान), एजेंसी

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत वापसी करते हुए, भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन के बूते महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया।

वहीं, अंशु मलिक (57 किग्रा) और अंडर-23 विश्व चैंपियन रीतिका (76 किग्रा) ने भी मजबूत प्रदर्शन से फाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। भारत ने अब पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटे हासिल कर लिए हैं। सबसे पहले अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 53 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल किया था।



कोरियाई खिलाड़ी को हराने के बाद विनेश फोगाट। ● एजेंसी

यह देखना दिलचस्प होगा कि डब्ल्यूएफआई कोटा विजेताओं को भारत का प्रतिनिधित्व करने देता है या राष्ट्रीय कुश्ती टीम चुनने के लिए अंतिम चयन ट्रायल आयोजित करता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत ने सात पहलवानों की एक मजबूत टीम उतारी थी जिसमें चार महिलायें सीमा बिस्ला, विनेश, अंशु और सोनम मलिक शामिल थीं। अभी तक किसी भी पुरुष पहलवान ने पेरिस कोटा हासिल नहीं किया है। पेरिस ओलंपिक का आखिरी विश्व क्वालीफायर तुर्की में नौ मई से खेला जाएगा। विनेश ने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी मिरान चियोन को एक मिनट 39 सेकंड तक चले मुकाबले में हराया। फाइनल में पहुंचने वाले पहलवानों को अपने देश के लिए कोटा मिलेगा। अंशु को क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश मिला जिसमें उसने किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिम्बेकोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया।

## कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश का सामना अलीरजा से



टोरंटो। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराकर खिताब जीतने की अपनी संभावनाएं पुख्ता करना चाहेंगे। सफेद मोहरों से गुकेश का यह आखिरी मैच होगा और अलीरजा इस समय सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। गुकेश, अमेरिका के हिकारू नकामूरा और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि 7.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी है। टूर्नामेंट का सबसे अहम मुकाबला नेपोम्नियाश्चि और नकामूरा के बीच होगा। नकामूरा ने लगातार तीन जीत दर्ज की है जबकि नेपोम्नियाश्चि अकेले खिलाड़ी हैं जो 12 मुकाबलों में अपराजेय रहे हैं। फेबियानो कारूआना भी जीत के दावेदारों में से हैं जिनके सात अंक है। उनका सामना भारत के आर प्रज्ञानानंदा से और आखिरी दौर में नेपोम्नियाश्चि से होगा। गुकेश को आखिरी दौर में नकामूरा से खेलना है।

# लड़कियों के खेलों को दें बढ़ावा : सचिन



**रांची।** वैश्विक क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अभिभावकों से लड़कियों को खेलों में उतरने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उनके चेहरों पर मुस्कुराहटें लाएंगी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि यहां युवा फाउंडेशन की फुटबॉल खिलाड़ी लड़कियों की हौसलाअफजाई के लिए पहुंचे। युवा और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन मिलकर लड़कियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देते हैं। तेंदुलकर और अंजलि ने फुटबॉल खिलाड़ियों से बात भी की। तेंदुलकर ने कहा कि बच्चों की ऊर्जा संक्रामक होती है। मैंने उन्हें कड़ी मेहनत करते और खेल का मजा लेते देखा तो मुझे अपना बचपन याद आ गया। उन्होंने कहा कि मैं कई बच्चों से प्रेरणा लेता हूं क्योंकि उनके लिये यह सफर आसान नहीं था। उनके जीवन में भी कई दुश्वारियां हैं। कई बार उनका फुटबॉल खेलना माता पिता को पसंद नहीं आता। मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि बच्चों को प्रोत्साहित करें। ये बच्चे उनके चेहरे पर मुस्कान लाएंगे।

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| रोहित शर्मा (मुंबई) | 07 | 297 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई) | 07 | 12 |

## खेल डायरी

### स्वियातेक को हराकर रिबाकिना फाइनल में



**स्टुटगार्ट (जर्मनी)।** एलिना रिबाकिना ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग की इगा स्वियातेक को 6-3, 4-6, 6-3 से हराकर पोर्शे ग्रां प्री फाइनल में जगह बनाई। रिबाकिना ने स्वियातेक की लगातार तीसरी ट्राफी जीतने की उम्मीद तोड़ दी। दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी रिबाकिना ने मैच के दौरान 10 ऐस जमाये जबकि 13 में से 11 ब्रेक प्वाइंट बचाए। रिबाकिना ने इस तरह दो घंटे 49 मिनट में जीत हासिल की। यह स्वियातेक के खिलाफ छह भिड़ंत में उनकी चौथी जीत है। अब फाइनल में रिबाकिना का सामना यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक और विम्बलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोयूसोवा के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

### गार्बाइन मुगुरुजा ने टेनिस से लिया संन्यास

**मैड्रिड।** दो बार की मेजर चैंपियन गार्बाइन मुगुरुजा ने 30 साल की उम्र में पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने यह फैसला लंबे समय तक कोर्ट से दूर रहने के कारण लिया। वह जनवरी 2023 के बाद से टेनिस नहीं खेली हैं। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने शनिवार को मैड्रिड में कहा मुझे लगता है कि अब संन्यास लेने और अपनी जिंदगी में एक नया अध्याय खोलने का समय आ गया है। मुगुरुजा ने 2016 फ्रेंच ओपन फाइनल में सेरेना विलियम्स और 2017 विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया था।

### कैस्पर रूड बार्सीलोना ओपन के फाइनल में

**बार्सीलोना।** कैस्पर रूड ने शनिवार को यहां बार्सीलोना ओपन में थॉमस मार्टिन ई को सीधे सेट में हराकर साल के अपने चौथे फाइनल में प्रवेश किया। छठी रैंकिंग के नार्वे के इस खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में 7-6 (6), 6-4 से जीत हासिल की। रविवार को खिताब के लिए अब उनका सामना स्टेफानोस सिटसिपास और डुसान लाजोविच के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। रूड ने क्वार्टरफाइनल में मात्तेओ अर्नाल्डी को 6-4, 6-3 से हराकर सत्र में 27वीं जीत दर्ज की।

### विश्व कप से युवाओं के लिए खुले रास्ते : नाइट



**लंदन।** इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट की चाहत है कि साल के अंत में बांग्लादेश में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 से पहले इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बल पर टीम में चयन के लिए आगे आएं। नाइट ने घरेलू खिलाड़ियों को टी-20 विश्वकप के लिए अपना नाम दावेदारी में रखने के अवसरों का संकेत दिया है। इंग्लिश समर की शुरुआत 21 अप्रैल को 50 ओवर की राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी के साथ होगी, जिससे घरेलू खिलाड़ियों को टी-20 विश्व कप टीम की योजनाओं में खुद को शामिल करने का मौका मिलेगा। ईसीबी की राष्ट्रीय टेप-बॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बोलते हुए नाइट ने कहा कि अगर युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तो उनके लिये चयन के दरवाजे कभी बंद नहीं होंगे।

# हैदराबाद के तूफान में उड़ा दिल्ली

## हैदराबाद ने दिल्ली को 67 रनों से हराया, ट्रेविस ने 32 गेंदों में खेली 89 रनों की आतिशी पारी

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.529 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.123 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.133 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 | -1.303 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.251 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |



125 रन पहले पॉवर प्ले में ठोक कर हेड और अभिषेक ने आईपीएल और टी20 के इतिहास में बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 67 रन से शिकस्त दी। सनराइजर्स ने सात विकेट पर 266 रन का बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद दिल्ली को 19.1 ओवर में 199 रन पर आउट कर दिया। दिल्ली के लिए जैक फ्रेजर गुर्क ने 18 गेंद में 65 रन का योगदान दिया। सनराइजर्स के लिए नटराजन ने चार विकेट लिए।

इससे पहले ट्रेविस हेड (32 गेंदों पर 89 रन) और अभिषेक शर्मा (12 गेंदों पर 46 रन) के बीच 131 रन की तूफानी शतकीय साझेदारी की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के 35वें मुकाबले में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले खेलते हुए सात विकेट पर 266 रन बनाए। अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीत कर पहले खेलते हुए हैदराबाद ने पारी की शुरुआत तूफानी अंदाज में की। हेड और शर्मा ने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी। इस साझेदारी को तोड़ने के लिए कप्तान ऋषभ पंत ने अपने



जीत के बाद जश्न मनाते हैदराबाद के खिलाड़ी।

विश्वसनीय गेंदबाज कुलदीप को गेंद थमायी और उन्होंने अभिषेक का विकेट ले लिया। अभिषेक ने मात्र 12 गेंदों पर दो चौके और छह जानदार छक्के जड़े। कुलदीप ने अपने इसी ओवर की आखिरी गेंद पर नए बल्लेबाज एडन मारक्रम (1) को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया। लगातार दो विकेट गिरने से हैदराबाद के तेवर नरम पड़ गए और इस बीच शतक की ओर बढ़ रहे ट्रेविस हेड भी कुलदीप का तीसरा शिकार बने। इसके बाद नितीश कुमार रेड्डी (37) ने हालांकि कुछ अच्छे शाट्स खेल कर रन गति को बढ़ाने का प्रयास किया मगर कुलदीप की नजरों से वह भी नहीं बच सके।

**हैदराबाद 266/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 5

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का स्टब्स बो कुलदीप | 89 | 32 | 11/6 |
| अभिषेक शर्मा का अक्षर बो कुलदीप | 46 | 12 | 2/6 |
| ऐडन मार्करम का अक्षर बो कुलदीप | 1 | 3 | 0/0 |
| हेनरिच क्लासेन बो अक्षर | 15 | 8 | 0/2 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का वार्नर बो कुलदीप | 37 | 27 | 2/2 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 59 | 29 | 2/5 |
| अब्दुल समद का नोर्किया बो मुकेश | 13 | 8 | 1/1 |
| पैट कमिंस रन आउट | 1 | 1 | 0/0 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** खलील 3-0-51-0, ललित 2-0-41-0, नोर्किया 3-0-31-0, कुलदीप 4-0-55-4, मुकेश 4-0-57-1, अक्षर 4-0-29-1

**दिल्ली 199/10** — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वार्नर का कमिंस बो भुवनेश्वर | 01 | 3 | 0/0 |
| जैक फ्रेजर गुर्क का क्लासेन बो मार्कंडेय | 65 | 18 | 5/7 |
| अभिषेक पोरेल स्टं. क्लासेन बो मार्कंडेय | 42 | 22 | 7/1 |
| ट्रिस्टन स्ट्ब्स का शाहबाज बो रेड्डी | 10 | 11 | 0/0 |
| ऋषभ पंत का नटराजन बो रेड्डी | 44 | 35 | 5/1 |
| ललित यादव बो नटराजन | 7 | 8 | 1/0 |
| अक्षर पटेल का कमिंस बो नटराजन | 6 | 8 | 0/0 |
| एनरिच नोर्किया बो नटराजन | 0 | 2 | 0/0 |
| कुलदीप यादव पगबाधा नटराजन | 0 | 1 | 0/0 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सुंदर 2-0-46-1, भुवनेश्वर 4-0-33-1, कमिंस 4-0-35-0, नटराजन 4-0-19-4, मार्कंडेय 2-0-26-2, शाहबाज 1-0-22-0, रेड्डी 2.1-0-17-2

## चेन्नई सुपर किंग्स के दिल की धड़कन हैं धोनी : फ्लेमिंग



**लखनऊ।** महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स के 'दिल की धड़कन' बताते हुए कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि घुटने की चोट से उबरने के बाद वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते लिहाजा शानदार फॉर्म के बावजूद उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर नहीं भेजा जा सकता।

42 वर्ष के धोनी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को नौ गेंद में 28 रन बनाए लेकिन उनकी टीम आठ विकेट से हार गई। धोनी के फॉर्म के बारे में फ्लेमिंग ने कहा कि यह प्रेरणास्पद है ना, अभ्यास के दौरान भी वह बहुत उम्दा बल्लेबाजी कर रहे हैं। टीम इससे हैरान नहीं है क्योंकि सत्र से पहले तैयारी में भी वह शानदार खेल रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके घुटने में दर्द है और वह इससे उबर रने की प्रक्रिया में कुछ ही गेंद खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर कोई उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करते देखना चाहता है लेकिन हम उन्हें पूरे टूर्नामेंट में खेलते देखना चाहते हैं। इसलिए दो तीन ओवर खेलना ही ठीक है।

## मनु का दमदार प्रदर्शन, अनीश ने दर्ज की अप्रत्याशित जीत

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपियन और महिला पिस्टल शूटर मनु भाकर ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) टी1) प्राप्त करने के लिए, विश्व रिकॉर्ड से छह अंक अधिक अंक हासिल करते हुए नए प्रतिद्वंद्वी महिलाओं को शनिवार को डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में धूल चटा दी। बाद में अनीश भानवाला ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) ओएसटी टी1 में अपेक्षित विनिमयन जीत हासिल की।

डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 1 और 2 राइफल/पिस्टल के पहले दिन प्रतियोगिता के अंत में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालिफिकेशन में मनु शीर्ष पर रहीं, जबकि भावेश शेखावत ने पुरुषों के 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया।

# सूर्या की मदद करने के लिए डेविड, पोलार्ड पर जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना मैच का एक वीडियो वायरल होने के कारण खड़े हुए विवाद के बाद लगाया गया है। इस वीडियो में दिख रहा था कि पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के सदस्य और सहयोगी स्टाफ कथित रूप से बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को रिव्यू लेने के लिए कह रहे थे जो आईपीएल की आचार संहिता के खिलाफ है।



### धीमी ओवरगति पर राहुल-ऋतुराज की फीस कटी

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 12-12 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। लखनऊ ने अपने मैदान पर खेलते हुए चेन्नई को शुक्रवार को आठ विकेट से हराया। आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का इन टीमों का यह पहला अपराध था तो राहुल पर जुर्माना लगाया। इसी तरह से चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज पर भी धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया है।

आईपीएल ने कहा कि डेविड और पोलार्ड ने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के अंतर्गत लेवल एक का अपराध किया है। डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। दोनों ने उल्लंघन स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी द्वारा लगाया जुर्माना स्वीकार कर लिया है। मुंबई इंडियंस की पारी के 15वें ओवर में अर्शदीप सिंह की गेंद ऑफ स्टंप के बाहर थी जो लाइन के बहुत करीब थी। उन्होंने इस पर शॉट लगाने की कोशिश की लेकिन मैदानी अंपायर ने इसे वैध गेंद माना, लेकिन टीवी कैमरों में दिखाया गया कि मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर सूर्यकुमार को इशारा कर रहे थे कि यह गेंद वाइड है।

## बॉलीवुड हलचल

# सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगें। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज, हो गया है। इस फिल्म मे दीपिका पादुकोण की लेडी सिंघम के तौर पर एंट्री हो रही है, और वह फिल्म में शक्ति शेट्टी का किरदार निभाएंगी। रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में दीपिका पादुकोण सिंघम अजय देवगन की तरह पंजे वाला पोज करती नजर आ रही हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए रोहित शेट्टी ने लिखा है, मेरी हीरो ...रील में भी और रियल में भी लेडी सिंघम दीपिका पादुकोण। दीपिका पादुकोण को इस पोस्टर में पुलिस की वर्दी में देखा जा सकता है। उनकी आंखों पर चश्मा है और सिंघम वाला पोज है।

## अरमान के रेडियो शो 'ओनली जस्ट बिगन' में मेहमान बने कैलम स्कॉट




**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने गायक-गीतकार अरमान मलिक ने अपने रेडियो शो 'ओनली जस्ट बिगन' के दूसरे एपिसोड में अंग्रेजी गायक-गीतकार कैलम स्कॉट के साथ बातचीत की। अपनी असाधारण संगीत प्रतिभा के लिए मशहूर, गायक-गीतकार अरमान मलिक एप्पल म्यूजिक पर अपना रेडियो डेब्यू करने वाले पहले भारतीय कलाकार बन गए हैं। उनके शो 'ओनली जस्ट बिगन' में संगीतकार सलीम मर्चेंट पहले अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिसे दुनिया भर के प्रशंसकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। दूसरे एपिसोड में, अरमान मलिक के साथ अंग्रेजी गायक-गीतकार कैलम स्कॉट शामिल हुए, जिनके साथ उन्होंने अपने नए सिंगल 'ऑलवेज' के लिए सहयोग किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित कलाकार, कैलम स्कॉट 'यू आर द रीजन', 'डांसिंग ऑन माई ओन', 'एट योर वर्स्ट' और अन्य हिट गानों के लिए जाने जाते हैं। अरमान मलिक के साथ उनका नवीनतम गाना एक प्रेम गीत है जिसमें दोनों ने पियानो और ऑर्केस्ट्रा के साथ गायन किया है। रेडियो शो के बारे में बात करते हुए, अरमान मलिक ने कैलम स्कॉट के साथ दिल को छू लेने वाली बातचीत से शुरुआत की और उनसे भारत और मुंबई में उनके अनुभव के बारे में पूछा।

# अब हारी तो पिछड़ जाएगी आरसीबी

कोलकाता, एजेंसी

हार दर हार से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंकतालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाए रखने के लिए उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे।

आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर रही है। ऐसे में केकेआर की चुनौती उसके लिये काफी कठिन होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था कि गेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं हैं। इससे सारा दबाव बल्लेबाजों पर आ



**आज के मुकाबले**

आरसीबी बनाम केकेआर
समय : दोपहर 3:30 बजे

पंजाब किंग्स बनाम गुजरात टाइटंस
समय : शाम 7:30 बजे

गया है। केकेआर ने आरसीबी की तुलना में एक मैच कम खेला है और उसकी नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होंगी। नारायण ने सिर्फ स्पिन गेंदबाजी ही नहीं बल्कि बल्लेबाजी के जौहर भी दिखाए हैं। उन्होंने रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में पहला शतक जमाया। उनका स्ट्राइक रेट भी 187 के करीब रहा है।

### जीत की राह पर वापस लौटना चाहेगी गुजरात

**मुल्लांपुर।** लगातार हार के बाद अंकतालिका में नीचे खिसकी पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को जब आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा जीत की राह पर लौटने का होगा। पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हारने के बाद आठवें स्थान पर खिसक गई है। दिल्ली ने उसे 89 रन पर समेट दिया था और चार मैचों में यह उसकी तीसरी हार थी। पंजाब किंग्स नौवे स्थान पर है जिसे मुंबई इंडियंस ने नौ रन से हराया। जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसने चार विकेट 14 रन पर गंवा दिये थे लेकिन उसके बाद आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह ने टीम को मैच में लौटाया। सात मैचों में पांच हार और दो जीत से टीम का आत्मविश्वास डिगा हुआ है लेकिन विरोधी टीम का भी वही हाल है। पंजाब को प्रभावी कप्तान शिखर धवन की कमी खल रही है और उनका रविवार के मैच में भी खेल पाना निश्चित नहीं है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## इमरान, बुशरा की होगी स्वास्थ्य जांच कोर्ट ने दिए आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की मेडिकल जांच के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और दो दिनों के अंदर एक निजी अस्पताल में बुशरा की एंडोस्कोपी कराने का भी निर्देश दिया है।

बता दें, इमरान ने आरोप लगाया था कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को जेल में टॉयलेट क्लीनर मिलाकर खाना दिया जा रहा है। रावलपिंडी की अदियाला जेल में शुक्रवार को भ्रष्टाचार के एक मामले की सुनवाई के दौरान इमरान ने जज जावेद राणा के सामने ही इस मामले का जिक्र किया था। कोर्ट जेल प्रशासन को परीक्षण के लिए दो दिन का समय दिया है। सुनवाई के बाद अदालत ने सुनवाई 23 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी।

## दूरदर्शन के लोगो का रंग हुआ नारंगी, सियासी विवाद शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- ममता ने बताया भगवा, मामले पर तुरंत कार्रवाई करे चुनाव आयोग



दूरदर्शन ने हाल ही में एक्स पर एक नया प्रमोशनल वीडियो साझा करते हुए लोगो के नए रंग का खुलासा किया। इसके बाद से इसकी आलोचनाओं का सिलसिला शुरू हो गया है। सोशल मीडिया पर कुछ लोग इसे भगवा रंग कहकर सवाल पूछा है कि चुनाव से ठीक पहले यह कदम क्यों उठाया गया।

वहीं सीएम ममता ने एक्स पर लिखा है कि दूरदर्शन ने अपने लोगो को भगवा रंग में रंग दिया है। बोलीं- अब प्रसार भारती नहीं बल्कि प्रचार भारती हो गया है। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और बदलाव को वापस लेना चाहिए। आरोपों को खारिज करते हुए प्रसार भारती के वर्तमान सीईओ गौरव द्विवेदी ने जवाहर सरकार के आरोपों का जवाब दिया है। उनका कहना है कि यह नारंगी रंग है कि और चैनल के ग्राफिक्स को आकर्षक बनाने के लिए इस रंग का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ लोगो ही नहीं बल्कि चैनल ने नई लाइटिंग और उपकरणों सहित अपने लुक और फील को भी अपग्रेड किया है। बता दें, डीडी न्यूज के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर घोषणा में कहा गया है, हमारे मूल्य वही हैं, हम अब एक नए अवतार में उपलब्ध हैं।

## कंगाल पाकिस्तान ने आईएमएफ के सामने फिर फैलाए हाथ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से जलवायु वित्तपोषण के साथ छह से आठ अरब डॉलर के बीच का अगला राहत पैकेज देने का औपचारिक अनुरोध किया है।

नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ से विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) के तहत तीन साल के अगले राहत पैकेज के ब्योरे को अंतिम रूप देने के लिए अपने रिव्यू मिशन को अगले महीने भेजने का भी अनुरोध किया है।

नए पैकेज का सटीक आकार और समय सीमा मई 2024 में अगले बेलबाउट के प्रमुख संदर्भों पर आम सहमति बनाने के बाद ही निर्धारित की जाएगी।

# रोजगार के मोर्चे में राहत, फरवरी में ईपीएफओ से जुड़े 15.48 लाख सदस्य

*लोकसभा चुनाव 2024 के बीच रोजगार के मोर्चे पर सरकार के लिए राहत भरी खबर आई है। शनिवार 20 अप्रैल को जारी ईपीएफओ के प्रोविजनल पेरोल डेटा के मुताबिक फरवरी, 2024 में ईपीएफओ में 15.48 लाख सदस्य जुड़े हैं। डाटा के मुताबिक फरवरी के महीने में ईपीएफओ में 7.78 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। डेटा का एक उल्लेखनीय पहलू ये है कि इसमें 18-25 उम्र के युवाओं का दबदबा रहा है, जो कुल नए सदस्यों का महत्वपूर्ण 56.36 फीसदी है।*

### सदस्यों में ज्यादातर युवा जुड़े

ईपीएफओ के डाटा से पता चलता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले ज्यादातर युवा हैं। इसमें मुख्य रूप से पहली बार नौकरी चाहने वाले हैं। पेरोल डाटा ये भी दर्शाता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य बाहर निकल गए और बाद में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए हैं। दरअसल इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली थी और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले ऑर्गनाइजेशन में फिर से शामिल हो गए। इन्होंने अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने के बजाय अपने जमा किए पैसों को ट्रांसफर करने का विकल्प चुना है। इससे दीर्घकालिक वित्तीय कल्याण की रक्षा हुई और उनकी सामाजिक सुरक्षा का विस्तार हुआ।

### पिछले साल की तुलना में हुई बढ़ोतरी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से नवंबर, 2023 में लगभग 13.95 लाख लोग जुड़े हैं। इनमें से 7.36 लाख लोग युवा हैं। ईपीएफओ के आंकड़ा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में अधिक है। ईपीएफओ आंकड़ों के अनुसार, नवंबर, 2023 के दौरान लगभग 7.36 लाख नए सदस्यों ने नामांकन किया है। नए शामिल हुए सदस्यों में 18-25 वर्ष के युवाओं का आंकड़ा सबसे ज्यादा 57.30 फीसदी है।

### 2.05 लाख नई महिला सदस्य हैं शामिल

पेरोल डेटा का विश्लेषण से पता चलता है कि 7.78 लाख नए सदस्यों में से लगभग 2.05 लाख नई महिला सदस्य हैं। इसके अलावा, फरवरी महीने के दौरान कुल महिला सदस्यों की संख्या लगभग 3.08 लाख रही है। उद्योग-वार डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि मासिक आधार पर उद्योगों में लगे प्रतिष्ठानों जैसे कंप्यूटर के निर्माण, मार्केटिंग सर्विसिंग और उपयोग में लगे प्रतिष्ठान, सड़क मोटर परिवहन, ऑटोमोबाइल सर्विसिंग, कपड़ा आदि में कारोबार करने वाली कंपनियों से सबसे ज्यादा सदस्य जुड़े हैं। ईपीएफओ के डाटा के मुताबिक कुल शुद्ध सदस्यों में से, लगभग 41.53 फीसदी अतिरिक्त विशेषज्ञ सेवाओं (मैनपावर सप्लायर्स, सामान्य ठेकेदारों, सुरक्षा सेवाओं, विविध गतिविधियों आदि) से हैं।

### एक नजर



#### यरूशलम में ईश्वर को लिखी सैकड़ों चिट्ठियां, ताकि जंग बंद हो

**तेल अवीव।** यरूशलम के अल अक्सा मस्जिद की पश्चिमी दीवार यहूदियों का पवित्र धार्मिक स्थान है। पश्चिमी दीवार को यहूदियों के पवित्र टेंपल माउंट का हिस्सा माना जाता है। यहां इस्लाम और ईसाई धर्म के पवित्र धार्मिक स्थल हैं। यहां लोगों ने जंग बंद करने के लिए ईश्वर को चिट्ठियां लिखी हैं।

#### ट्रंप की सुनवाई के दौरान कोर्ट के बाहर आत्मदाह वाले युवक की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत के बाहर खुद को आग लगाने वाले युवक की मौत हो गई है। न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग ने कहा कि अस्पताल उसे मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे कलेक्ट पॉन्ड पार्क इलाके में पहुंचे व्यक्ति के पास कुछ पर्चे थे। व्यक्ति ने ये पर्चे इधर-उधर फेंके और फिर खुद को आग लगा ली। पुलिस ने कहा कि कुछ दिन पहले फ्लोरिडा से न्यूयॉर्क आए व्यक्ति ने पार्क में घुसने के लिए सुरक्षा चौकियों पर कोई सेंधमारी नहीं की थी।

#### मणिपुर में मतदान केंद्रों पर गोलीबारी के मामले में 3 गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले में एक मतदान केंद्र के पास गोलीबारी की घटना में शामिल होने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों व्यक्ति इंफाल पूर्वी जिले के मोइरंगकम्पु साजेब में गोलीबारी की घटना में शामिल थे। इस घटना में शुक्रवार को एक व्यक्ति घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी गोलीबारी करने के बाद चार पहिया वाहन से मौके से फरार हो गए थे और उन्हें घटनास्थल से पांच किलोमीटर से भी कम दूरी पर शुक्रवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया।

#### पंजाब के फाजिल्का में सवा दो किलोग्राम हेरोइन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के फाजिल्का जिले से दो किलो 220 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि फाजिल्का जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नशीले पदार्थों की खेप की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। बीएसएफ जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सैनिकों ने 2.220 किलोग्राम हेरोइन सफलतापूर्वक बरामद की है।

# विश्व में तीसरे युद्ध की आहट, अब इराक पर ड्रोन से हमला, दो सैन्य अड्डे तबाह

## अमेरिका और इजराइल का हमले से इनकार, तीन लोग घायल

बगदाद, एजेंसी

इराक के सैन्य अड्डों पर जबरदस्त हवाई हमले हुए हैं। ये हमले बगदाद के दक्षिण में बाबिल प्रांत में आधी रात को एक अज्ञात विमान द्वारा किए गए, जिसमें दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी हुई है। हवाई हमले ड्रोन के जरिए किए गए और दो ठिकानों को निशाना बनाया गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ये हमले इराक के पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज (पीएमएफ) की ओर से इस्तेमाल किए गए सैन्य अड्डे पर हुए हैं। इन हमलों में तीन लोग घायल भी हुए हैं, जबकि घटनास्थल तबाह हो गया है।

इराकी अर्धसैनिक हश्द शाबी बल बाबिल प्रांत के उत्तरी भाग में ये हमला हुआ। हमले में दों सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें में एक हश्द शाबी बलों का गोला-बारूद का गोदाम तबाह हो गया और दूसरा हमला टैंक मुख्यालय पर हुआ। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से सूत्र ने कहा कि बगदाद से लगभग 30 किमी दक्षिण-पूर्व में मडेन इलाके में विस्फोटों की आवाज सुनी गई, लेकिन विस्फोटों के बारे में पुख्ता जानकारी अभी नहीं है।

इराक पर हमले को लेकर अमेरिका और इजराइल दोनों ने इनकार किया है। दोनों देशों ने कहा कि इसमें उनका कोई हाथ नहीं है। इससे पहले अमेरिका ने ही ऐन-अल-असद हवाई अड्डे पर एक हमले को नाकाम किया था। यहां अमेरिका और अन्य देशों के सैन्य बल मौजूद हैं।

### सैन्य अड्डे पर हुए धमाकों की जा रही है जांच: इराक की सुरक्षा समिति

बगदाद के दक्षिण में बेबीलोन गवर्नरेट में सुरक्षा समिति के सदस्य मुहन्नाद अल-अनाजी के अनुसार, विस्फोट विशेष रूप से पॉपुलर मोबिलाइजेशन यूनिट्स (पीएमयू) से संबंधित एक जगह पर हुए।



बेबीलोन गवर्नरेट के उत्तर में राजमार्ग पर अल-मशरौ जिले के कलसू सैन्य अड्डे पर हुए धमाकों की जांच चल रही है। ईरान को संदेह है कि यह धमाके कहीं न कहीं इस्राइल की साजिश है। हालांकि, इजराइल और अमेरिका के अधिकारियों ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पीएमयू एक इराकी अर्धसैनिक समूह है जो ज्यादातर शिया ईरान द्वारा समर्थित है। पीएमयू स्थानीय प्रशासन से संबद्ध है और ईरान में शिया के साथ मजबूत संबंध हैं जो लंबे समय से इराकी राजनीति पर हावी है। बता दें, ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने इस हमले का आरोप इजराइल पर लगाया था।

## म्यांमार: सेना व विद्रोही गुटों के बीच भड़का संघर्ष

बैंकाक, एजेंसी

- सीमावर्ती शहर में हुई हिंसक झड़प 1,300 लोगों का थाइलैंड पलायन



सीमावर्ती शहर में झड़प शुरू होने के बाद शनिवार को 1,300 लोग पूर्वी म्यांमार से भागकर थाईलैंड में प्रवेश कर गए हैं। करेन जातीय अल्पसंख्यक लड़ाकों ने पिछले हफ्ते म्यावाडी और उसके आसपास म्यांमार सेना की आखिरी चौकी पर कब्जा कर लिया, जो मोई नदी पर दो पुलों द्वारा थाईलैंड से जुड़ा है।

नवीनतम झड़पें सुबह शुरू हुईं, जब करेन गुरिल्लाओं ने म्यांमार सैनिकों के खिलाफ हमला बोल दिया जो दूसरे थाई-म्यांमार मैत्री पुल के पास छिपे थे। थाई अधिकारियों ने बताया कि म्यावाडी के कई इलाकों में झड़पों के बाद शुक्रवार से लोगों ने पुल को पार करना शुरू कर दिया। म्यावाडी का पतन उस सेना के लिए बड़ा झटका है, जिसने 2021 में आंग सान सू की की चुनी सरकार से सत्ता छीन ली थी। थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने शनिवार को इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि वह सीमा की स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा- हम अपनी सीमाओं और अपने लोगों की सुरक्षा के लिए तैयार हैं। साथ ही, अगर जरूरी हो तो हम मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए भी तैयार हैं।

## अमेरिका ने पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल बनाने में मदद करने वाली संस्थाओं पर लगाया प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

- चीन की तीन समेत चार कंपनियां खतरनाक हथियार बनाने में कर रही थीं मदद

पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका ने लंबी दूरी और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए तकनीकी चीजों की आपूर्ति करने वाली चीनी और बेलारूस की कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

शीआन लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, चीन की तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड और ग्रैनपेक्ट कंपनी लिमिटेड और बेलारूस की मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट समेत चार कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। ये कंपनियां उन गतिविधियों में लीन थी, जिससे खतरनाक हथियारों को बनाने में मदद मिल रही थी। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा मिसाइल बनाने में ये कंपनियां मदद कर रही थी। मिलर ने कहा कि अमेरिका कोई भी गलत कदम को रोकने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। बता दें कि चीन हमेशा से पाकिस्तान का सहयोगी रहा है और इस्लामाबाद के सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम के लिए हथियारों और रक्षा उपकरणों को उपलब्ध कराता रहा है। इनमें से एक कंपनी मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट ने पाकिस्तान के लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए विशेष वाहन चेसिस की आपूर्ति की। विदेश विभाग की फैक्टशीट के अनुसार, ऐसी चेसिस का उपयोग पाकिस्तान के एनडीसी द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए लॉन्च सपोर्ट उपकरण के रूप में किया जाता है, जो एमटीसीआर बैलिस्टिक मिसाइलों के विकास के लिए जिम्मेदार है।

## दोषियों को दी गई जमानत के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट पहुंची सौम्या की मां

नई दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली हाई कोर्ट ने उम्र कैद के सजा पाए चारों को 12 फरवरी को दी थी जमानत

पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की 2008 में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे चार दोषियों को दी गई जमानत के खिलाफ माधवी विश्वनाथन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की शीर्ष अदालत की पीठ सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर सकती है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 12 फरवरी को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की सजा को निलंबित कर दिया और दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली अपीलों के लंबित होने तक सभी को जमानत दे दी। दोषियों को राहत देते हुए हाई कोर्ट ने कहा था कि वे 14 साल से हिरासत में हैं। हाई कोर्ट ने 23 जनवरी को दिल्ली पुलिस से चारों दोषियों द्वारा दायर अपील पर जवाब देने को कहा था। कपूर, शुक्ला और मलिक को 2009 के जिगिशा घोष हत्याकांड में भी दोषी ठहराया गया था और वे अब भी जेल में हैं। बता दें, सौम्या की 30 सितंबर 2008 को दक्षिणी दिल्ली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या तब हुई, जब वह आफिस से घर लौट रही थीं।

### माउंट रुआंग ज्वालामुखी फटा



**जकार्ता:** उत्तरी इंडोनेशिया के सुलावेसी में माउंट रुआंग ज्वालामुखी में विस्फोट के चलते सुनामी की चेतावनी और सर्वोच्च लेवल-4 का अलर्ट जारी किया गया। राख आसमान में 3 किमी तक फैल गई। मानाडो के सेम रातुलांगी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बंद करना पड़ा है। इससे हजारों विदेशी यात्री फंस गए हैं। 1100 किमी दूर मलेशिया के किनाबालू एयरपोर्ट की उड़ानें भी बाधित हुई है। • एजेंसी

## ताइवान की हवाई सीमा में चीन की घुसपैठ, कई क्षेत्रों में घुसे लड़ाकू विमान और ड्रोन

**ताइपे, एजेंसी।** चीन और ताइवान के बीच नए युद्ध को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच खबर है कि चीन ने ताइवान की हवाई सीमा में घुसपैठ की है। ताइवान की एक न्यूज एजेंसी का कहना है कि उसके हवाई क्षेत्र में चीन द्वारा लड़ाकू विमानों और ड्रोन की सहायता से घुसपैठ की गई है। इनमें चीन के जे-16 लड़ाकू विमान, शानक्सी वाई-8 विमान और ड्रोन सहित 21 चीनी सैन्य विमान शामिल हैं। इनमें से 17 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य या उसके विस्तार की मध्य रेखा को पार कर लिया।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक आधिकारिक पोस्ट की गई है। इसमें बताया गया है कि ताइवान के क्षेत्र में चीन के जे-16, वाई-8 विमान और ड्रोन समेत पीपल्स लिबरेशन आर्मी के 21 विमानों द्वारा घुसपैठ की गई है। इनमें से 17 विमानों ने मध्य रेखा को पार कर ताइवान के उत्तरी, मध्य और दक्षिण पश्चिमी क्षेत्रों में गश्त की।

## उ. कोरिया ने सबसे खतरनाक क्रूज मिसाइल का किया परीक्षण

सियोल, एजेंसी



अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने फिर हथियारों का परीक्षण किया है। उसने पश्चिमी तटवर्ती क्षेत्र से एक सुपर-लार्ज क्रूज मिसाइल वारहेड और एक नई एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का परीक्षण किया।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा किसी भी रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद उत्तर कोरिया अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाने में जुटा है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया के अनुसार, रणनीतिक क्रूज मिसाइल ह्वासल-1 आरए-3 के लिए तैयार वारहेड और प्योलज्जी-1-2 विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया। उत्तर कोरिया ने इससे पहले दो फरवरी को ऐसे ही परीक्षण किए थे, लेकिन उस समय क्रूज मिसाइल या विमान रोधी मिसाइलों के नाम नहीं बताए गए थे। केसीएनए ने कहा कि शुक्रवार के परीक्षण उत्तर कोरिया की नियमित सैन्य प्रगति गतिविधियों के तहत थे और आसपास की स्थिति से इसका कोई लेनादेना नहीं है।

**सर्वेक्षण** न्यूयॉर्क टाइम्स सिएना पोल ने किया सर्वे, दो माह पहले फरवरी में 5 फीसदी थी राष्ट्रपति की लोकप्रियता

# बाइडन की लोकप्रियता में इजाफा, ट्रंप से 1% ही पीछे

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले राष्ट्रपति जो बाइडन की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। न्यूयॉर्क टाइम्स सिएना पोल के सर्वे के मुताबिक बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता में अंतर घटकर एक फीसदी रह गया है। जो दो माह पहले फरवरी में 5 फीसदी था।

लोगों से पूछा गया था कि राष्ट्रपति चुनाव आज हों तो आप किसे वोट देंगे? फरवरी में 48 फीसदी लोग ट्रंप के साथ और 43 फीसदी लोगों ने बाइडन का समर्थन किया था। लेकिन अब दोनों नेताओं में लोकप्रियता को लेकर मात्र एक फीसदी की अतंर रह गया है। बता दें इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में दोनों नेता एक बार फिर आमने-सामने नजर आ सकते हैं। हालिया हुए सर्वे में पाया गया कि मतदाता देश की अर्थव्यवस्था से संतुष्ट नहीं हैं, इसके साथ वे बाइडन की क्षमता और राष्ट्रपति के रूप में उनके प्रदर्शन से भी निराश हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार, ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, एरिजोना, जार्जिया, नेवादा और उत्तरी कैरोलिना राज्यों में बाइडन पर दो से आठ प्रतिशत तक बढ़त बनाई।

जबकि, बाइडन केवल विस्कन्सिन राज्य में मतदाताओं का तीन प्रतिशत अधिक समर्थन प्राप्त कर सके। राष्ट्रपति बाइडन के विरुद्ध सभी राज्यों में पद के प्रदर्शन को लेकर 16 प्रतिशत नकारात्मक दृष्टिकोण रहा, जबकि चार राज्यों में यह 20 प्रतिशत तक देखा गया।

अगर ट्रंप की बात करें तो जब वह राष्ट्रपति थे तो केवल एरिजोना राज्य में उनके विरुद्ध नकारात्मक दृष्टिकोण था। हालांकि, चुनाव को लेकर सभी राष्ट्रीय सर्वेक्षणों पर नजर रखने वाली रीयल क्लीयर पालिटिक्स के अनुसार, 2020 की तरह इस वर्ष के चुनाव में भी ट्रंप और बाइडन के बीच कांटे का मुकाबला होने की संभावना है। राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के औसत के अनुसार ट्रंप राष्ट्रपति बाइडन से 0.8 प्रतिशत से आगे हैं।

### बाइडन को वोट देने वाले डेमोक्रेट वोटर्स में लोकप्रियता बढ़ी

- राष्ट्रपति बाइडन लोकप्रिय होने के साथ डेमोक्रेट वोटर्स में भी ज्यादा पॉपुलर हुए हैं।



- 2020 में बाइडन को वोट देने वाले 89 फीसदी डेमोक्रेट्स का कहना है कि आज वोटिंग हो तो वे बाइडन को वोट देंगे, फरवरी में यह आंकड़ा 83 फीसदी ही था, जो अब 6 फीसदी बढ़ा है।
- ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी में समर्थकों में लोकप्रियता घटी है। फरवरी में 97 फीसदी रिपब्लिकन साथ थे, जो अब 3 फीसदी घटकर 94 फीसदी बचे हैं।

## अपराधों की जांच के लिए संदेशखालि पहुंची सीबीआई

कोलकाता, एजेंसी




सीबीआई टीम महिलाओं के खिलाफ कथित अपराधों और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच के लिए शनिवार को पश्चिम बंगाल के जिले संदेशखालि पहुंची।

एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि, संदेशखालि के सुंदरीखालि इलाके में पीड़ितों के घर पहुंचे कर उनसे व्यक्तिगत रूप से बात की, उनके आरोपों के बारे जानकारी हासिल की है।

अधिकारी ने कहा कि टीम ने संदेशखाली थाने और जांच के संबंध में स्थानीय पुलिसकर्मियों से भी बात की है। उन्होंने बताया कि, हम महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के संबंध में ग्रामीणों से बात करने के लिए संदेशखालि में हैं। हम उनके आरोपों को लिख रहे हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की पिछले सप्ताह सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था। संदेशखालि में इन मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। अदालत ने सीबीआई को आरोपों की जांच करने और एक व्यापक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। पांच जनवरी को कथित राशन वितरण घोटाला मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी के लिए संदेशखालि पहुंचे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर भीड़ ने हमला कर दिया था।